


दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब, बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

राष्ट्रीय सलाहकार संपादक-श्री कृष्णराज अरुण अध्यक्ष,नॉर्थ जोन- न्यूजपेपर्स एसोसिएशन आफ इंडिया NAI दिल्ली 92.

वर्षः 1 अंकः 171 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 06 अप्रैल 2023 http://samajjagran.in पेज 12 मूल्य 05 रुपया


## हनुमान जयंती को लेकर पश्चिम बंगाल में अलर्ट,

# गृह मंत्रालय ने केंद्रीय बलों की तैनाती की




केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि हनुमान जयंती के दौरान पश्चिम बंगाल में राज्य पुलिस की सहायता के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को तैनात किया गया है. इससे पहले मंत्रालय ने रामनवमी के दौरान पश्चिम बंगाल और बिहार में हुई सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं के मद्देनजर सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को छह अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर कानून-व्यवस्था एवं शांति सुनिश्चित करने तथा समाज में सांप्रदायिक सद्भाव को बाधित करने वाले संभावित तत्वों पर नजर रखने का निर्देश दिया.

गृह मंत्री के एक प्रवक्ता ने बुधवार देर शाम ट्वीट किया, ह्यह्यहनुमान जयंती के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने में राज्य पुलिस की सहायता के लिए पश्चिम बंगाल में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को तैनात किया गया है.''

गृह मंत्री के कार्यालय ने ट्वीट किया, ह्यह्यराज्य/केंद्रशासित प्रदेश की सरकारों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने, त्योहार के दौरान शांति कायम रखने और समाज में सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने की आशंका वाले हर प्रकार के कारक पर नजर रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है.''

रामनवमी की शोभायात्राओं को लेकर पिछले कुछ दिन में पश्चिम बंगाल के हुगली और हावड़ा जिलों में झड़प, आगजनी एवं बमबारी की घटनाएं हुई हैं. इन घटनाओं के दौरान हावड़ा में कई वाहनों को आग लगा दी गई और कई दुकानों में तोड़फोड़ की गई थी. पश्चिम बंगाल के रिसड़ा कस्बे में रविवार को रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान झड़प की सूचना मिली थी. इस शोभायात्रा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष और पुरसुरा से पार्टी के विधायक बिमान घोष मौजूद थे. हिंसा में विधायक घायल हो गए थे और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

पास के श्रीरामपुर शहर के कुछ हिस्सों में भी तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं, जिसके बाद निषेधाज्ञा लागू कर दी गई और इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गईं. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में रामनवमी के दौरान हुई हिंसा पर मंगलवार को राज्य सरकार से एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी. बिहार के सासाराम और बिहारशरीफ कस्बों में भी 30 और 31 मार्च को सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई थी जिसके बाद वाहनों, घरों और दुकानों को आग लगा दी गई थी तथा कई लोग इसमें घायल हो गए थे. इस मामले में 170 लोगों को गिरफ्तार किया गया है.

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इन घटनाओं को लेकर चिंता जताई थी और बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से स्थिति का जायजा लेने को कहा था. गृह मंत्रालय ने स्थिति से निपटने में राज्य प्रशासन की सहायता के लिए बिहार में अतिरिक्त अर्धसैनिक बल भी भेजे थे. सासाराम में निषेधाज्ञा लागू होने के बाद शाह ने दो अप्रैल को वहां का अपना प्रस्तावित दौरा रद्द कर दिया था.

## इस महीने लगने वाला है साल का पहला सूर्य ग्रहण, सभी 12 राशियों पर पड़ेगा इसका असर

**दैनिक सामाज जागरण अनिल कुमार पांडे**
**अनुमंडल संवाददाता ~शेरघाटी (गया)**

इमामगंज ( बिहार) ज्योतिष शास्त्र के अनुसार समय-समय पर सूर्य और चंद्र ग्रहण पड़ते हैं। जिनका प्रभाव मानव जीवन के साथ-साथ पृथ्वी पर भी पड़ता है। साल 2023 के अप्रैल महीने में भी ऐसा होने वाला है। अप्रैल महीने में पड़ने वाले इस सूर्य ग्रहण का प्रभाव सभी राशियों पर देखने को मिलने वाला है।

वहीं, 3 राशियों के लोगों को इस सूर्य ग्रहण का लाभ भी होने वाला है। इस समय इन राशि के लोगों को धनलाभ और उन्नति के योग बन रहे हैं।




### कैसे लगता है सूर्य ग्रहण

ज्योतिष और खगोल शास्त्र में सूर्य ग्रहण के विषय में विस्तार से बताया गया है। बता दें कि जब सूर्य और पृथ्वी की रेखा में चन्द्रमा आ जाता है, तो इसे सूर्य ग्रहण के नाम से जाना जाता है। इस खगोलीय घटना से पृथ्वी के कुछ हिस्सों में रौशनी कम हो जाती है। ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि सूर्य का प्रभाव 12 राशियों पर सकारात्मक व नकारात्मक रूप से पड़ता है।

***इस राशि के जाकत रहे सावधान***

वहीं, कुछ राशियां जैसे- सिंह, मेष और कन्या राशि के जातकों को सूर्य ग्रहण की अवधि में सतर्क रहने की आवश्यकता है। इस दौरान मानसिक तनाव, बुरे सपने, कार्यक्षेत्र में समस्याएं और घर-परिवार में वाद-विवाद जैसी परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं।

## आग की विनाशलीला में 12 बीघा फसल जलकर राख

- कोपागंज के काछीकला गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग
- घंटो मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू

**अनुराग सिंह,**
**दैनिक समाज जागरण**



कोपागंज, मऊ : स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कछिकाला में बुधवार की सुबह लगभग 11 बजे अज्ञात कारणों से लगी आग से खड़ी फसल में आग लग गयी आग लगते ही इतनी भयावह हो गयी अगल बगल के कई खेतो को अपने चपेट में ले लिया। जिससे करीब 12 बीघा फसल जलकर राख हो गयी। आग की खबर मिलते ही गांव वाले खेतो की तरफ दौड़े लेकिन उसे बुझाने में वह नाकाम रहे। पछुवाँ हवा ने आग में घी का काम किया जिससे आग की भयावहता इतनी अधिक हो गयी थी कि कोई उसके नजदीक जाने की हिम्मत नही जुटा पा रहा था। थोड़ी ही देर में पहुंची फायर विग्रेड कर्मियों ने दो काफी मशक्क्त के बाद आग पर काबू पाया। वही जिस किसानों की फसल उनके आंखों के सामने जल रही थी वह सिर्फ मूक दर्शक बनकर तमाशबीन बने हुए थे क्योंकि आग की लपट के चलते वहाँ जाने की हिम्मत नही जुटा पाए। आग की सूचना जैसे ही आस पास के लोगो को हुई सभी खेतो की ओर दौड़े लेकिन आग की लपटों को देखते हुए सिर्फ दर्शक ही बने रहे। आगलगी की इस घटना में किसान जय प्रकाश राय, प्रमोद राय, रमाकांत राय, अखिलेश राय, सुधाकर राजभर , खीरु राजभर ,भृगु राजभर अभिनाश राजभर,जयराम ,प्रबीन ,टिल्हू त्रिभुवन विनय कुमार राय निखिल कुमार राय आदि का 12 बीघा गेंहूं की फसल जलकर राख में तब्दील हो गई। हालांकि आग लगी की घटना के बाद राजस्व कर्मी मणीन्द्र मौर्या और थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा किसानो के नुक्सान का आकलन लगाने में लगे रहे ।




## राहुल गांधी को अयोध्या के संत से मिली अनोखी पेशकश, कहा- अगर वो चाहें तो...

राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता और उनके सरकारी आवास को खाली कराने के मुद्दे पर इन दिनों देश की राजनीति गर्माई हुई है. इसको लेकर कांग्रेस ने अपने नेता के पक्ष में अभियान चलाया है जिसमें यह कहा गया कि, ह्यमेरा घर राहुल का घरह्ण. पूरे देश के कांग्रेसी नेता अपने घर पर इस कैंपेन का पोस्टर लगाकर राहुल गांधी को निमंत्रण दे रहे हैं.

## NCERT किताबों से महात्मा गांधी, RSS और गोडसे को 'चुपचाप' हटाया गया... जानें क्या बोले काउंसिल चीफ

राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के शीर्ष अधिकारी ने महात्मा गांधी, राष्ट्रीय



स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे और 2002 के गुजरात दंगों सहित कई विषयों को नये शैक्षणिक सत्र के लिए कक्षा 11 और 12 के राजनीति विज्ञान, इतिहास और समाजशास्त्र की पाठ्यपुस्तकों से ह्यचुपचापह्ण हटाने को ह्यनिगरानी का मामलाह्ण बताया है. एनसीईआरटी ने हालांकि यह दावा किया है कि इस वर्ष पाठ्यक्रम में कोई काटछांट नहीं की गई है और पाठ्यक्रम को पिछले वर्ष जून में युक्तिसंगत बनाया गया था.

## बीड़ - बिलिंग में पैराग्लाइडिंग की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन गौरव की बात : आर एस बाली

*हिमाचल पर्यटन को बढ़ावा देने पर व्यय होंगे 1311 करोड़*

**चंडीगढ़ -सीपीएच प्रमुख कृष्ण राज अरुण**
**-दैनिक समाज जागरण -**

शिमला /बैजनाथ, 5 अप्रैल : ( टीना ठाकुर राजधानी ब्यूरो प्रमुख ) हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन एवं हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आर एस बाली ने 5 से 9 अप्रैल तक आयोजित होने वाली एक्यूरेसी पैराग्लाइडिंग प्री-वर्ल्ड कप 2023 का शुभारंभ। मुख्य संसदीय सचिव एवं बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल इस अवसर पर विशेष रूप में उपस्थित रहे।

**मानव परिंदो से गुलजार हुई घाटी, 103 प्रतिभागियों ने भरी उड़ान**

एक्यूरेसी पैराग्लाइडिंग प्री-वर्ल्ड कप 2023 कटागिरी-दो में कुल 142 प्रतिभागियों ने अपना पंजीकरण करवाया है। आज प्रतियोगिता में 103 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भारत सहित अमेरिका, नेपाल स्पेन और नीदरलैंड के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में 95 पुरुष जिसमें 74 भारतीय और 21 विदेशी प्रतिभागी शामिल हैं। जबकि महिलाओं में 8 प्रतिभागी हैं जिसमें पांच भारतीय और 3 प्रतिभागी विदेशी हैं। प्रतियोगिता में भारतीय सेना के 10 नौसेना से एक, वायु सेना के एक तथा पैरामिलिट्री फोर्स के 5 प्रतिभागी भी भाग ले रहे हैं।

**हवन के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ**

प्रतियोगिता से पूर्व आर एस बाली ने प्रतियोगिता के सफलता पूर्वक आयोजन एवं पायलट्स की सुरक्षा के लिए रखे गये हवन में पूर्ण आहुति डाली। उन्होंने हरी झंडी देकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

बाली ने कहा कि बीड़-बिलिंग में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन इलाके, प्रदेश और देश के लिये गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि बिलिंग घाटी पैराग्लाइडिंग के लिये अपनी विशेषताओं के चलते दुनियांभर की सर्वक्षेष्ठ जगहों में आंकी जाती है। उन्होंने बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन को भव्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की बधाई दी और सफलता पूर्वक आयोजन के लिये सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने एसोसिएशन को बिलिंग में पैराग्लाइडिंग के वर्ल्ड कप के आयोजन के लिये भी सभी मापदंड पूरे करने के प्रयास करने का सुझाव दिया।

**पैराग्लाइडिंग गतिविधियों को बढ़ाने पर हर संभव सहयोग करेगी सरकार**




उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग ने बिलिंग में पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता के लिए 25 लाख रुपए दिए हैं और बीड़ में ऐरो स्पोर्ट्स हॉस्टल का निर्माण भी पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 12 करोड़ से किया गया था ताकि इस क्षेत्र में पैराग्लाइडिंग गतिविधियों को बढ़ावा मिले। उन्होंने पैराग्लाइडिंग को बढ़ावा देने के लिये सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

**प्रदेश के पर्यटन बजट में 10 गुणा की वृद्धि**

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार पर्यटन विभाग के बजट में 10 गुणा वृद्धि कर वार्षिक बजट को 50 करोड़ से साढ़े 500 करोड़ किया गया है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने का निर्णय मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि पर्यटन सुविधाओं और गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये प्रथम चरण में एडीबी के सहयोग से 1311 करोड़ व्यय किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें वैलनेस सेंटर, पर्यटन के बड़े होटल का निर्माण, अंतरास्ट्रीय स्तर के फाउंटेन, म्यूजिकल फाउंटेन, वाटिकाओं का निर्माण होगा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 50 करोड़ से बनने वाले गोल्फ कोर्स के लिये स्थान का चयन कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त साहसिक खेलों, वाटर स्पोर्ट्स इत्यादि को बढ़ावा देने के अलावा जिला के शक्तिपीठों के लिये देवी धाम सर्किट योजना में शामिल किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार अंतिम व्यक्ति के उत्थान और उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने की ध्येय से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग को ध्यान में रख योजनाओं का निर्माण कर रही है ताकि सही रूप पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि युवाओं को उनकी क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ाने, बुजुर्गों के अनुभव का उपयोग, महिलाओं को सुदृढ़ और आत्मनिर्भर करने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बेसहारा बच्चों की संरक्षक बनने का पुनीत कार्य किया है।

**डेढ़ करोड़ से विकसित होगा खीर गंगा घाट**

बाली ने कहा कि ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ के साथ लगते खीर गंगा घाट को विकसित करने और मूलभूत सुविधाओं के सृजन के लिए पर्यटन विभाग की ओर से डेढ़ करोड़ रुपये व्यय किये जायेंगे। बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री से वह स्वयं इस धनराशि को मंजूर करवाएंगे।

इस अवसर पर बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के निदेशक अनुराग शर्मा, पूर्व विधायक सुरेंद्र काकू, रविंदर बिट्ठू,वीरेंदर कटोच, मीडिया प्रभारी अमित शर्मा,

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र जम्वाल ,युथ कांग्रेस अध्यक्ष रविंदर राव,राजेश शर्मा महासचिव रामानंद ट्रस्ट संसाल, रमेश चड्डा, जिला पर्यटन विकास अधिकारी विनय धीमान, सीएमओ सुशील शर्मा, एसडीएम देवी चंद ठाकुर, डीएसपी पूर्णचंद सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# किसानों पर प्राकृतिक प्रहार,

## अन्नदाता कैसे मिटाएंगे लोगो की भूख, कैसे भरेगा अनाज भंडार।

**शशिकांत ओझा ब्यूरो प्रभारी समाज जागरण**

देश चाहे जितनी तरक्की कर ले पर असली तरक्की और विकास तभी होता है जब अन्नदाता खुशी और प्रसन्न हो।



परंतु वर्तमान में प्रकृति अन्नदाताओं पर नाराज क्यों दिख रही है कहना मुश्किल है। प्रकृति की किसानों पर कुदृष्टि सरकार सहित सबको सकते में डाल रही है। फसलें सारी तैयार हैं और किसान फसल को काट फसल घर में लाने को आतुर हैं और प्रकृति का खतरा किसानों के माथे पर मंडरा उनकी चिंता बढ़ा रही है।

पूर्वांचल सहित पूरे प्रदेश में तीन दिन से मौसम टा मिजाज बिगड़ा हुआ है। कहीं बारिश हो गयी तो कहीं होने की संभावना है। बारिश के साथ इनदिनों ओलावृष्टि भी होती ही है। हवा आंधी तूफान स्वरूप बह रही है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में अलर्ट जारी किया ही है। किसान अपनी फसलों को लेकर काफी चिंतित है। हालांकि यह पीड़ा ऐसी है जिसका निदान समाधान किसी के पास नहीं है। किसानों पर प्रकृति क्यों अपना कुदृष्टि की यह यह किसानों के समझ से परे है। आलम यह है कि पूर्वांचल के प्रत्येक जिलों में गेंहू की कटाई मढ़ाई का काम तीव्र

### -प्रकोप अन्नदाताओं पर प्रकृति का

### -गेहूं सहित दलहन तेलहन की तैयार फसल पर मंडरा रही बारिश

गति से चल रहा है। हालांकि की प्राकृतिक आपदा का नुकसान सरकार भरती है पर कितने और किन किसानों को लाभ मिलता है सभी जानते हैं। किसानों का आलम यह है कि वह पशुधन की चिंता छोड़ हार्वेस्टर से गेंहू की कटाई कर अनाज घर में लाने की सोच रहे हैं। फसल काट थ्रेसर से मड़ाई कर भूसा भी बनाने को लेकर लोग बिल्कुल नहीं सोच रहे हैं। मौसम विभाग की माने तो पश्चिमी विक्षोह के कारण मौसम का मिजाज खराब है। गांव गिरांव के किसानों की माने तो प्रकृति किसानों से नाराज है। ऐसे में कोई तो कारण है। चर्चा यह भी है कि किसान राजनीति में गलत दल का साथ दे रहे हैं इसलिए प्रकृति उनपर गुस्सा दिखा रही है। हालांकि कुछ लोगों की इस चर्चा का दरकिनार कर किसान भगवान से दया की याचना करते हुए मन्नत मांग रहे हैं। मौसम विभाग ने अभी दो दिनों तक क ई शहरों में तेज बारिश और क ई जिलों में हल्की बारिश संग ओलावृष्टि की संभावना जताई है जिससे किसान चिंतित हैं।

# गौ उत्पाद से चमत्कारी उत्पाद घर घर रोजगार दिलाने वाली प्रतिभा उषा घिर गई दिल्ली के वायरल से-

## भाई बहन की जोड़ी कमा रही नाम अंबाला से दुनिया के कोने तक-

**दैनिक समाज जागरण**

नई दिल्ली( राजधानी डेस्क ब्यूरो ) राजधानी दिल्ली में देशी गाय महिमा से सिर्फ दूध ही नही गोबर भी चमत कारिक रोग मुक्ति से लेकर घर दुकान में वास्तु दोष मिटाने वाली सुंदर मूर्तियां घर घर महिलाओं को रोजगार देने वाली उषा बहन नाम से प्रसिद्ध समाज सेविका दिल्ली में फैले वायरल से पीड़ित होकर अस्पताल पहुंच गई हैं।

चर्चित समाजसेविका उद्यमी नेत्री उषा बहन को डाक्टरों ने कहा है कि वे कमसे कम 15दिन सभी कार्य बंद कर सेहत सुधारें,-

नई दिल्ली,राजधानी दिल्ली डेस्क प्रमुख कृष्णराज अरुण )डायनमिक शोसल एक्टिविस्ट युवा महिलाओं की प्रेरणा बनती जा रही गौ उत्पाद से विभिन्न कलाकृति से घर घर रोजगार पहचान देने वाली उषा बहिन के नाम से चर्चित समाज सेवी प्रतिभा इन दिनो डाक्टरों की सलाह पर अस्पताल में हैं।वे राजधानी दिल्ली में चल रहे तेज बुखार की चपेट में आने के बाद अस्पताल में हैं।

ये वही उषा बहन हैं जिन्होंने मथुरा गोवर्धन पर्वत क्षेत्र को सवच्छता से परिपूर्ण आदर्श क्षेत्र का अमलीजामा पहनाने के लिए 84 कोष परिक्रमा देव स्थली में संकल्प लिया था वे अब एक बड़ी स्वैच्छिक योजना तलास रही हैं ताकि मथुरा में आदर्श रोलमाडल काम हो सकें। मथुरा की सांसद हेमा मालिनी की समर्थक उषा बहन कहती हैं कि बांके बिहारी के आदेश से वे ये कार्य हाथ में ले रही हैं वे पूर्व पीएम भारतरत्न नंदा जी की ख्यातिप्राप्त संस्थान गुलजारीलाल नन्दा फाउंडेशन में आर्ट एंड कल्चर नाट्य एवम फिल्म के माध्यम से कुछ जागरूकता मिशन में बड़ा करने जा रही हैं।वे कहती हैं बीमारी से स्वस्थ होते ही जुटेंगी लक्ष्य में-

उनकी बेटी नव्या इन दिनो मां की सेवा में समर्पित हैं जोकि उच्च दीक्षा शिक्षा लेकर बड़ा नाम कमाना चाहती है। नव्या धैर्य शालीन मां की तरह व्याहवारिक बनने की इच्छुक है वे अपने मामा की प्यारी है वे कहती हैकि अगर वक्त की नजर नहीं लगी तो निश्चय ही मां बाप का नाम रोशन करेंगी या आर्मी अंकल साहनी सर की तरह सेना में भी जा सकती हैं। नव्या कहती है कि कंठुस्थ गायत्री मंत्र हनुमान चालीसा से वे खुद को धेरयवान होने का गुण मिलता है वे अन्य छात्राओ आगे निकलने को आतुर नव्या बताती हैं ये मंत्र उन्हे मां और गुरु से मिले हैं जो उनके लिए प्रेरणा भी है हिम्मत भी हैं।

अंबाला कैंट में खानदानी नामी ज्वेलरी दुकान भाई नरेश गुप्ता ज्वेलरी डिजाइनर किंग हैं।

खाटूश्याम जी के परमभक्त भाई नरेश गुप्ता ड-ीफ्रेंट प्रकार की चांदी सज्जित शील्ड बनाने में महारत रखते है। वे खाटू श्याम जी की ऐसी कलाकृति भी बना देते हैं जो घरों दुकानों में वास्तुदोष मुक्ति सज-ावट में बड़ी मात्रा में विदेशों तक खरीददार इनके पास से मार्केट रेट पर भिजवाते हैं।

खाटू श्याम जी के भक्त बांके बिहारी भक्त जोड़ी भाई बहन समाज कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

चांदी जड़ित मुकुट और कई वेरायटी में फिल्मी गीत कैसेट कवर भी चांदी जड़ित तैयार होते हैं। बता दें कि चांदी को हर धार्मिक कार्य में शुभ माना जाता है घरों और आफिस दुकान में फलीभूत होते हैं।कला कृति में भगवान से की गई मनो कामना में चांदी जड़ित की बड़ी मान्यता है। जिसके कारण बड़िया आडर मिलते हैं।



श्रीमती उषा बहन जानी मानी समाज से-विका नाट्य संस्था निदेशक

# हनुमान जयन्ती

हनुमान जयन्ती एक हिन्दू पर्व होता है। यह चैत्र माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन हनुमानजी का जन्म हुआ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि चैत्र मास की पूर्णिमा को ही भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान ने माता अंजनी के गर्भ से जन्म लिया था। यह व्रत हनुमान जी की जन्मतिथि का है। प्रत्येक देवता की जन्मतिथि एक होती है, परन्तु हनुमान जी की दो मनाई जाती हैं। हनुमान जी की जन्मतिथि को लेकर मतभेद हैं। कुछ हनुमान जयन्ती की तिथि कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी मानते हैं तो कुछ चैत्र शुक्ल पूर्णिमा। इस विषय में ग्रंथों में दोनों के ही उल्लेख मिलते हैं, किंतु इनके कारणों में भिन्नता है। पहला जन्मदिवस है और दूसरा विजय अभिनन्दन महोत्सव।



**जन्म कथा**

हनुमान जी के जन्म के बारे में एक कथा है कि- 'अंजनी के उदर से हनुमान जी उत्पन्न हुए। भूखे होने के कारण वे आकाश में उछल गए और उदय होते हुए सूर्य को फल समझकर उसके समीप चले गए। उस दिन पर्व तिथि होने से सूर्य को ग्रसने के लिए राहु आया हुआ था। परन्तु हनुमान जी को देखकर उसने उन्हें दूसरा राहु समझा और भागने लगा। तब इन्द्र ने अंजनीपुत्र पर वज्र का प्रहार किया। इससे उनकी ठोड़ी टेढ़ी हो गई, जिसके कारण उनका नाम हनुमान पड़ा। जिस दिन हनुमान जी का जन्म हुआ वह दिन चैत्र मास की पूर्णिमा था। यही कारण है कि आज के दिन हनुमान जी की विशेष पूजा-आराधना की जाती है तथा व्रत किया जाता है।

# बैठकी "सनातन संस्कृति का वर्तमान और भविष्य-भाग-4"

**दैनिक समाज जागरण**

शाम के सात बज गये हैं! मैं दरवाजे की ओर कान लगाये था कि तभी कॉलबेल की आवाज से उत्साहित,दरवाजे की ओर चला! फिर तो हम, बैठकी के दीवाने, बैठक खाने में... .!

सरजी, कल तो बिहार विधानसभा में, दंगे को लेकर काफी हो- हंगामा हुआ! स्थिति यहाँ तक चली गई कि विधानसभा के स्पीकर ने भाजपा के एमएलए- जिवेश मिश्रा को,मार्शल द्वारा टंगवा कर विधानसभा से बाहर कर दिया गया! --- मास्टर साहब ने बैठते हीं अपनी कही!

जी, कल मुख्यमंत्री नितीश बाबू ने बिहार शरीफ और स-ासाराम में हुए दंगे के लिये स्थानीय प्रशासन को क्लीन चिट देते हुए, दंगे को भाजपा और भाजपा एजेंट के रूप में ओबैसी की पार्टी एआईएमआईएम द्वारा प्रायोजित शाजिस, करार दिया जबकि भाजपा ने दंगाइयों को बचाने और उनकी जगह हिन्दू नौजवानों को फंसाने का आरोप लगाते हुए प्रशासनिक विफलता का राग अलापा है! --- कुंवरजी ने बहस को आगे बढ़ाया!

अजी, महाराष्ट्र के अहमदनगर में भी हनुमान जन्मोत्सव को लेकर दो गुटों में संघर्ष की खबर है! जबकि ममता बनर्जी ने राम शब्द का अर्थ- गुण्डा, बताया और कहा कि अच्छे राम भी हैं और बुरे राम भी हैं! पहले तो इन्होंने, प्रभु श्रीराम के नाम का अपमान किया लेकिन शायद, ममता दीदी का इशारा ये रहा हो कि टीएमसी के गुण्डे हों तो अच्छे और भाजपा या वामदल के हों तो बुरे! खैर,उधर दिल्ली के जहांगीरपुरी में भी हनुमान जन्मोत्सव जुलुस निकालने पर पाबंदी लगा दी गई है! जबकि कोलकाता हाईकोर्ट ने ममता सरकार को बंगाल में दंगे की रिपोर्ट मांगने के साथ साथ हनुमान जन्मोत्सव पर उचित सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया है !अजीब बात है !--कहकर सुरेंद्र भाई ने हाथ चमकाया!



ए सरजी, इ नेतवन सब, एक दम गीर गईल बाड़े स! सस-ुरा,जनता के लाशो प, राजनीति करतारे स! एहनी के "चिरयीं के जान जाये आ लईकन के खेलवना" बुझतारे स! कहाँ, पक्ष आ विपक्ष सबके मिलके, समस्या के निदान के कोशिश करेके चाहीं बाकी इ त खाली वोट के राजनीति करतारे स!---मुखियाजी चिंतित और व्यग्र लगे!

ए मुखियाजी, सच कहें तो देश में दंगा- फसाद रोकने की क्षमता पुलिस या प्रशासन के बुते का रहेगा हीं नहीं !जैसे जैसे अल्पसंख्यकों द्वारा जनसंख्या विस्फोट बढ़ता जायेगा, वैसे वैसे शांति व्यवस्था खराब होती जायेगी! ये सनातनी संस्कृति के विरुद्ध बहुत सोंची समझी शाजिस है जिसपर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो दूरबीन से भी सनातनी अवशेष नहीं दिखेगा!-- उमाकाका ने लम्बी उड़ान ली!

काहे अइसन बात बोल तानीं काकाजी!!--- मुखियाजी, प्रश्न किये!

ऐसा इसलिये क्योंकि हमारे देश में संविधान है हीं नहीं! संविधान का अर्थ होता है--सम+विधान=संविधान! सम का अर्थ समान और विधान का अर्थ कानून से है अर्थात सबके लिए एक सा कानून! लेकिन हमारे यहाँ हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आदि के लिए अलग अलग कानून चलता है! यहाँ जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा आधारित बहुविधान चलता है !फिर हम न्याय की क्या उम्मीद करें!--काकाजी मायुस दिखे!



बिलकुल सही बोले हैं काकाजी! भारत की अखंडता और एकता के लिये "समान नागरिक संहिता" अत्यंत आवश्यक हो गया है! एक धर्म विशेष और उसके फौलोवर्स को विशेष सुविधा और वहीं दुसरे के साथ सौतेला व्यवहार अब नहीं चलेगा!-- डा. पिंटूजी, बहुत देर बाद मुंह खोले!

डा. साहब, आपसी घृणा का सबसे बड़ा कारण बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा है! अब देखिये, मुस्लिम बच्चों को मदरसे में कुरान की शिक्षा दी जाती है जिसमें स्पष्ट पढ़ाया जाता है कि जो इस्लाम को अपना धर्म नहीं मानते वो काफीर हैं! बुतपरस्त जीने के हकदार नहीं, उनके साथ अत्याचार करना अल्लाह का आदेश है! तो बताइये जब छोटे सुबोध बच्चों को शुरू से हीं इसतरह की नफरत भरी शिक्षा दी जायेगी तो उनसे बड़े होकर अन्य धर्मावलंबियों से भाई चारे की उम्मीद कैसे की जा सकती है! यही कारण है कि मुस्लिम भाई बनते जा रहे हैं और हिन्दू चारा, वो भी ये तब है जबकि अधिकांश मदरसे सरकार द्वारा अनुदानित हैं!-- कुंवरजी दुखी दिखे!

ठीक कहते हैं कुंवरजी, अभी तक सरकारें ऐसे आधारभूत विभेद पैदा करने वाली शिक्षा व्यवस्था को, क्यूँ नजरअंदाज की है! ऐसी स्थिति में तो आजादी के बाद हीं. देश में "समान शिक्षा कानून" को लागू करना चाहिए था! लेकिन अभी तक इसे नजरअंदाज किया जाना किसी गंभीर षड्यंत्र की ओर इशारा करता है! --- डा. साहब सोफे पर हाथ मार कर!

सरजी,अभी तक जो 57-58 इस्लामिक स्टेट्स बने हैं उसकी हिस्ट्री जानियेगा तो समझ जाइयेगा कि वे कैसे इस्लामिक स्टेट्स बने! उसमें 1- धर्मांतरण और 2- जनसंख्या विस्फोट, अहम-स्थान रखते हैं! सनातन संस्कृति के सिकुड़ने के पीछे ये दोनों मुद्दे, महत्वपूर्ण शाजिस के तौर पर रहा है!--- मास्टर साहब गहराई में!

ए भाई, तब त सरकार के ए प तुरंत लगाम लगावे के चाहीं! आ एकरा खातिर, "धर्मांतरण नियंत्रण कानून" आ "जनसंख्या नियंत्रण कानून" नितांत आवश्यक बा! ना त 40-50 बरीष में त हिंदुस्तान से हिंदूए गायब हो जईहें! ए सरजी,आपहुं कुछ कहिये!--- मुखियाजी के माथे पर बल दिखा!

मुखियाजी, हमारे देश में आजादी के बाद से हीं जिस तरह की वोट की स्वार्थ पुरक संवैधानिक राजनीति का ढ़ांचा तैयार किया गया है उसका अंत इस्लामिक स्टेट के रूप में हीं खत्म होता है ! लेकिन हमारे देश के अल्पसंख्यक मुस्लिम जमात भी समय के साथ ,समझने लगें है और मानते हैं कि किसी भी अन्य इस्लामिक स्टेट से भारत, मुसलमानों के लिए सबसे सुखद और सुकुन की जिंदगी जीने की स्थली है! सरकार को भी मुस्लिम समाज के नवयुवकों और नवयुवतियों को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने के प्रति, सार्थक कदम उठाते रहने की आवश्यकता है! हाँ, उन जिहादी कट्टरपंथियों को जिन्हें, देशी- विदेशी ताकतों द्वारा आतंक और देशद्रोही गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया जाता है , कुचलना अतिआवश्यक है! और वैसे धार्मिक राजनैतिक नेताओं पर भी कानूनी शिकंजा कसने की आवश्यकता है! आप लोगों ने जो सुझाव दिये हैं वो निश्चय हीं विचारणीय हैं और इनपर मोदी सरकार को यथा शीघ्र अमल में लाना चाहिये!



देश में अमन चैन और विकास सभी के हित में है! घृणा और नफरत की राजनीति किसी के हित में नहीं! मोदीजी का मंत्र हीं हम सबों का मंत्र होना चाहिए--सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास!--- मैं चुप हुआ!

एक नंबर के बात कहनीहां ए सरजी! अच्छा अब चलल जाय!--- कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!



प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)

# संजीव-नी।।

## आशाओं के दीप जलाए रखना।

जिंदगानी के दीप जलाए रखना, संकट से अपने को बचाए रखना।

समय विपरीत है आतताई है काल,
मनोबल ऊंचा,आकाशीय बनाए रखना'

संगी छूटे, साथी छुटे,छूटे रिश्तेदार।
इस समय मनोबल बनाये रखना।

ना हो निराश,ना छुटे आत्मबल इस घड़ी में,
सबके हिम्मत की डोर बनाये रखना।

अकेले पड़ गए हो, ऐसा कभी न सोचो ।
परमपिता की आस्था पर दीप जलाए रखना।

आत्मबल, आत्मशक्ति, संयम और ईश्वरीय शक्ति।
बड़ी औषधि है यह, प्रार्थना मन में सजाए रखना।

जीवन संकट में है, इससे तो जीतना ही होगा।
आशाओं पर आकाश टिका है ये आश जगाये रखना।

रामजी करेंगे भव-सागर की नैया पार।
इस नैया का खेवनहार अपने को बनाए रखना ।

अच्छा समय तो गुजर ही जाता है
इस संकट को भी पैरों तले दबाए रखना।

यह तेरी,मेरी, उसकी बात नहीं है,
सम्पूर्ण मानवता को बनाए रखना ।

बहुत जल्दी नव सूरज उदित होगा, फिर नए फूल खिलखिलायेंगे।
आशाओं से मुस्कुराती जिंदगानी के के दीप जलाए रखना।

शुभकामनाये मंगल कामनाओं सहित।

**संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़**

# लोकतंत्र की महत्ता को समझिए, विश्व में भारत एक मिसाल है।

**दैनिक समाज जागरण**

स्वतंत्रता के बाद भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक शक्ति तथा गहन क्षमता वाला देश बन गया है'

और यही एक बड़ा कारण है कि भारत जैसे विविधता और विशालता जैसे देश में निष्पक्ष चुनाव संपन्न कर चुनी हुई सरकार शासन करती है निसंदेह भारत के लिए गौरव की बात है पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी किताब डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखा है कि भारत स्वयं में एक लघु विश्व है कि निसंदेह भारत पर अध्ययन करने वाले सभी चिंतकों तथा विद्वानों ने एकमत से यह माना है की भारत विविधताओं व बहुलताओं के मामले में विश्व का अनूठा एवं दिलचस्प देश है। अनेक प्रकार की भाषाएं, रीति रिवाज, खान-पान, रहन-सहन, लोकगीत,नृत्य, धर्म, संप्रदाय, सामाजिक संरचनाएं और संस्थाएं इस देश को बेहद बहुलतावादी और वैविध्यपूर्ण राष्ट्र बनाती है। इस विशाल, बहु भाषाई, बहु सांस्कृतिक देश की अपनी विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक, दार्शनिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, जनसंख्यिकी और भाषाई विभिन्नताएं, विषमताऐ और विशेषताएं विद्वमान है। जो इस देश की विविधता में एकता की खूबी को प्रदर्शित करती है। भारत की सामाजिक संरचना स्वयं में काफी जटिल है। देश में समाज बहुत सारे वर्गों उप वर्गों में बटा हुआ है, इसी तरह यहां समाज में ग्रामीण, उपनगरीय, नगरीय, महा नगरीय, जनजातीय, पहाड़ी कैसे वर्गों में विभाजित हुआ है। भारत में सामाजिक वर्ग भेद के साथ अंदरुनी अंतर्द्वंद भी बहुत ज्यादा है,जैसे कि एकल परिवार और संयुक्त परिवार जातिवादी जाति विहीन समाज ग्रामीण नगरीय द्वंद विवाह सन्यास का द्वंद जो अनेक रूपों में भारतीय समाज में जनमानस के रूप में दिखाई देता है और यह द्वंद स्वतंत्रता के पश्चात से दिखाई देने लगा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जहां ग्राम स्वराज को आर्थिक विकास की धुरी मानते हुए सर्वोदय पंचायती राज स्वरोजगार एवं परस्पर सहयोग को बढ़ावा देना चाहते थे,दूसरी तरफ पंडित जवाहरलाल नेहरू का झुकाव औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्र को तीव्र औद्योगिकरण , कल कारखानों को मजबूत करने की ओर था। इसीलिए भारतीय समाज में मिश्रित अर्थव्यवस्था की नई व्यवस्था के माध्यम से इसका समुचित समाधान निकाला गया था।

भारत के राजनीतिक द्वंद भी बहुतायत में रहे हैं। आजादी से पहले कांग्रेस के गरम पंथ हुआ नरम पंथ का द्वंद चलता रहा है और पूर्ण स्वराज की मांग का उहापोह तथा आजादी के बाद संविधान निर्माण के समय संविधान की संघात्मक तथा एकात्मक रचना का विवाद या समाजवाद पूंजीवाद का द्वंद इसी तरह भारत दोनों में उलझता रहा है, और उसके बाद समाधान निकाल कर उससे बाहर भी आया है। भारत धार्मिक ,दार्शनिक व आध्यात्मिक दृष्टि से एक बेहद समृद्ध राष्ट्र रहा है। विश्व के चार प्रमुख धर्मों हिंदू, सिख, बौद्ध ,जैन की जन्मस्थली भारत ही रही है। इसी तरह भारत वेद पुराणों, उपनिषदों ,ब्राह्मणों, समितियों और आरण्यकों के प्राचीन साहित्य से लबालब भी रहा है। इसके अलावा इस्लाम ,ईसाई ,पारसी जैसे धर्मों को देश में स्वयं सम्मानित कर अपनी मुख्यधारा में समाहित भी किया है। भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति के मामले में गुटनिरपेक्षता की नीति को अपना कर किसी भी गुट में न रहते हुए स्वतंत्र विकास की नीति को अपनाया था। जो कालांतर में भारत की विदेश नीति का आधार स्तंभ रहा है। भारत में बहुआयामी विविधता भी रही है। स्वतंत्रता संग्राम में राजनेताओं ने जहां एक स्वर में हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का पक्ष लिया था वहीं दूसरी तरफ देश के कुछ हिस्सों में हिंदी विरोधी आंदोलन तक हुए हैं। भारत में संविधान में हिंदी को राजभाषा का दर्जा देते हुए कुल 22 भारतीय भाषाओं को आठवीं अनुसूची में सम्मिलित कर भाषाई सौहार्द्र और समन्वय का बखूबी परिचय भी दिया है। और भारत में भारतीय संस्कृति के बहुलतावादी चरित्र को बनाए रखने की भविष्य में भी निरंतर आवश्यकता बनी रहेगी। भारतीय समाज की विविधता पूर्ण सांस्कृतिक,साहित्यिक, दार्शनिक व्यवस्था के बीच विद्वानों ने चिंतन मनन कर किसके बीच का समाधान भी निकाला है एक का सबसे बड़ा उदाहरण भारत में सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों को महत्व देते हुए मिश्रित अर्थव्यवस्था का अंगीकार करना है। भारत की विजेताओं के विभिन्न नेताओं ने भारत देश के अंदरूनी मामले को लेकर देश की अर्थव्यवस्था सामाजिक व्यवस्था तथा राजनीतिक व्यवस्था को काफी मजबूत तथा पुख्ता भी किया है। भारत की विविधता में एकता के सिद्धांत पर चलते हुए भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था सामाजिक व्यवस्था राजनीतिक व्यवस्था तथा विदेशी नीति पर एक मजबूत आधार स्तंभ रखकर अपनी विश्व में एक अलग छवि तथा स्थान बनाया है। भारत में अनेक विविधताओं विषमताओं को विशेषता बनाकर समाधान अपने बीच ही खोज कर विश्व को एक कीर्तिमान बनाकर दिखाया है। आज भारत मैं इतनी बड़ी जनसंख्या और विभिन्न जातीय धर्म संस्कृति भाषाएं होने के बावजूद एकजुटता की नई मिसाल दिखाकर विश्व के किसी भी देश को टक्कर देने की स्थिति में है। भारत आज विकासशील देशों में अग्रणी देश माना जाता है। भारत की यही विविधता,विषमता ,साइंस, टेक्नोलॉजी,मेडिकल साइंस तथा सामरिक क्षेत्र में अद्भुत एकजुटता किसी भी देश के आक्रमण का सामना करने के लिए सीना तान कर खड़ा होने की शक्ति सामर्थ और ताकत भी प्रदान करता है। स्वतंत्रता के बाद भारत ने जितनी प्रगति और वैश्विक स्तर पर विदेशी देशों का विश्वास अर्जित किया है वह निसंदेह भारत की प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक परंपरा के कारण ही है। भारत की विविधता में एकता भारत की एक बड़ी शक्ति है जिसे हमें निरंतर बनाए रखना होगा तब जाकर हम किसी भी देश के सामने सिर उठाकर खड़े हो सकते हैं।



संजीव ठाकुर, चिंतक,लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## आग लगने से हजारों रुपए की फसल हुआ जलकर राख

दावथ (रोहतास)थाना क्षेत्र हथडीहां गांव के एक खलिहान में आग लगने से हजारों रुपए के फसल जल गया। ग्रामीण चिंता हरण तिवारी ने बताया कि रतन लाल तिवारी के खलिहान में अचानक आग लगने से चार बीघा के पुआल, सरसों, मंसूर समेत अन्य फसल जल गया। आग की लपटे देख ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने के लिए कोशिश किया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाते सबकुछ जल कर खाक हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर जांच किया जा रहा है।

## इंटर के टॉप विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित।

**दैनिक समाज जागरण रवि वर्मा, ब्यूरो चीफ सरोहतास**

सासाराम ,दावस (रोहतास)। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित 12 वीं की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मैस्ट्रो कोचिंग सेंटर कोआथ ने सम्मानित किया। कोचिंग के के डायरेक्टर मुकेश कुमार ने बुधवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन कर सभी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया।



जिसमें प्रथम श्रेणि के सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षक विकास कुमार के हाथों विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रथम श्रेणि से पास विद्यार्थियों में ,पिंकी कुमारी,अंशु कुमारी,पूजा कुमारी,नेहा कुमारी,तारा कुमारी,,खुशी कुमारी,सृष्टि कुमारी,सिमरन कुमारी,आयुष कुमार, रिया कुमारी ,रवि कुमार ,जूही कुमारी अनुज्ञा कुमारी ,प्रिंस कुमार मनीष कुमार ने प्रथम स्थान से सफलता प्राप्त किए। संस्थान के सभी छात्र छात्रा इंटर परीक्षा में सफलता अर्जित कर प्रखंड सहित संस्थान का नाम रोशन किया। इस मौके पर कंचन पटेल, सूरज कुमार, उपस्थित थे।

## आग लगने से हजारों रुपए की फसल हुआ जलकर राख

**रवि वर्मा, ब्यूरो चीफ रोहतास**

सासाराम,दावथ (रोहतास)थाना क्षेत्र हथडीहां गांव के एक खलिहान में आग लगने से हजारों रुपए के फसल जल गया। ग्रामीण चिंता हरण तिवारी ने बताया कि रतन लाल तिवारी के खलिहान में अचानक आग लगने से चार बीघा के पुआल, सरसों, मंसूर समेत अन्य फसल जल गया। आग की लपटे देख ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने के लिए कोशिश किया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाते सबकुछ जल कर खाक हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर जांच किया जा रहा है।

## चेनारी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

**दैनिक समाज जागरण रवि वर्मा, ब्यूरो चीफ रोहतास**

सासाराम में हुए उपद्रव मामले को लेकर रोहतास जिले के करगहर, कोचस, चेनारी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। चेनारी थाना परिसर में पुलिस इंस्पेक्टर ईश्वर चंद्र पाल, करगहर थाना परिसर में थानाध्यक्ष सुदेश्वर कुमार दास एवं कोचस थाना में थानाध्यक्ष आमोद कुमार के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुआ।



इस दौरान सासाराम में कुछ शरारती तत्वों द्वारा कई तरह की अफवाह फैला कर दो गुटों में तनाव उत्पन्न करने की प्रयास पर चर्चा हुई। इस दौरान आपसी सौहार्द पूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा समरस समाज की स्थापना में सहयोग करने और अफवाहों से बचने पर चर्चा किया गया। इस दौरान चेनारी थाना परिसर में एसआई पंकज कुमार, एसआई नेहा कुमारी, मुख्य पार्षद पति राजेश रंजन, पूर्व प्रमुख मंगल राम, विनोद गौतम, धनंजय मिश्रा, पप्पू चौबे, शहाबुद्दीन अंसारी, वही करगहर थाना परिसर में पूर्व जिला परिषद सदस्य शकील अहमद, भाकपा नेता महेंद्र प्रसाद गुप्ता, पूर्व मुखिया मुस्ताक अंसारी, राजद नेता इश्तियाक आलम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल का मना जयंती

**दैनिक समाज जागरण रवि वर्मा, ब्यूरो चीफ रोहतास**

रोहतास जिले डेहरी में वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल की जयंती समारोह बड़े धूम धाम से मनाई गई। इस दौरान दुसाध जागृति एवं सांस्कृतिक चेतना मंच के अध्यक्ष संजय पासवान ने कहा भारत की पवित्र भूमि पर हर काल और युग में ऐसे महापुरुष और ज्ञानियों की समृद्ध परंपरा रही है जिन्होंने अपने कर्म व विचारो से समाज को नई दिशा दी बाबा चौहरमल जी ने लोगो में एकता,



समानता व बंधुतव के संस्कारों को पिरोने में अहम भूमिका निभाई। सरल व आध्यात्मिक वेक्तित्व के धनी बाबा चौहरमल जी ने वंचितों व जरूरतमंदों के कल्याण के लिए अनेक कार्य किए बाबा हमारे पूर्वज थे जिनकी जयंती अब हर साल मनाई जाएगी वही प्रसाद वितरण तथा भंडारा का आयोजन किया गया प्रकाश पासवान उपाध्यक्ष,हरे राम पासवान कोषाध्यक्ष,धीरज पासवान 35 वार्ड प्रतिनिधि,दीपू पासवान,अनुज पासवान, पूर्णमासी राम,लाल जी पासवान,राजाराम,कृष्णा,दुर्गा,अनूप, पुरुषोत्तम पासवान,नीतीश पासवान,कश्मीरी,गिरिजाधारी पासवान,बिनोद पासवान,मनोज अमरेंद्र,दिनेश पासवान,तथा अन्य बाबा के अनुयायी मौजूद थे।

## इंटरनेट सेवा बंद होने से युवा परेशान, दूसरे जिले से नेट प्राप्त करने की होड

**दैनिक समाज जागरण रवि वर्मा, ब्यूरो चीफ रोहतास**

रोहतास के सासाराम में हिंसा के बाद वैसे तो पूरे जिले में मोबाइल इंटरनेट बंद हैं, जहां प्रशासन के निर्देश पर पिछले चार दिनो से इंटरनेट सेवा को सस्पेंड कर दिया है। ऐसे में इंटरनेट के आदी हो चुके कुछ युवाओं ने इसका भी तोड़ निकाल लिया है. रोहतास जिले के करगहर के युवा चार किलोमीटर दूर जाकर इंटरनेट चलाने के लिए कैमूर जिले के नेटवर्क का सहारा ले रहे हैं जहां कैमूर से सटा हुआ क्षेत्र होने की वजह से उन्हें नेटवर्क मिल रहा है. दरअसल रोहतास के समीपवर्ती कैमूर इलाका है, ऐसे में रोहतास और कैमूर के सीमा पर नेटवर्क आसानी से काम कर रहा है। जिसका वहां के स्थानीय युवक फायदा उठा रहे हैं. मोबाइल नेटवर्क से फायदा उठाने के लिए युवा खेत और पेड के नीचे दर्जनों युवक इकट्ठा हो रहे हैं. वहां मौजूद युवाओं ने कहा कि प्राइवेट नौकरी करने वाले और जरूरी चीजों को लेकर इंटरनेट सेवा बंद होने से काफी परेशानी हो रही है. ऐसे में कैमूर के नेटवर्क का ही अब सहारा बचा है।

## जातीय आधारित जनगणना का प्रशिक्षण

दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार प्रखंड संवाददाता नबीनगर(औरंगाबाद) नबीनगर(बिहार)5 अप्रैल 2023 आज प्रखण्ड मुख्यालय नबीनगर में जातीय आधारित जनगणना को लेकर प्रगणक और सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया।प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद कुमार सिंह और अंचल अधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि आज पिपरा, नाऊर,राजपुर और बरियावां पंचायत के कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यपालक सहायक रणजीत कुमार,नंदकुमार,नवाज,कमलेश कुमार द्वारा मोबाइल ऐप के द्वारा सर्वे करने को बताया गया।प्रशिक्षक के रूप में शिक्षक महेंद्र मोची,राजेश कुमार,रोहित कुमार,रंजीत कुमार,मुकेश कुमार,सुनील कुमार, ने प्रशिक्षण दिया। साथ ही सभी को निर्देश दिया गया कि हर हाल यह गणना 15 अप्रैल से 15 मई तक एक माह में पूरा कर लेना है।प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षक धनंजय कुमार सिंह, संजीव कुमार,आनंद कुमार,मनीष कुमार,रमेश कुमार,श्याम सुन्दर पाठक , आई टी सी से मनीष कुमार द्वारा भी लोगो को गणना के बारे में बताया गया। उधर उच्च विद्यालय नबीनगर में भी नगर पंचायत के सभी 14 वार्डो के प्रगणक एवं सुपरवाइजर को जातीय आधारित जनगणना का प्रशिक्षण दिया गया

## नवादा पुलिस कप्तान एक्शन में ,फरार चल रहे अपराधियों की अब खैर नहीं।

**रामाशीष कुमार "आशीष"**
**ब्यूरो चीफ, नवादा**
**दैनिक समाज जागरण**

नवादा/बिहार : जिले के पुलिस अधीक्षक अंब्रिश राहुल के निदेर्शानुसार नवादा पुलिस के द्वारा गंभीर कांडों में वांछित /फरार अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इसी कड़ी में दिनांक 04.04.23 के मध्य रात्रि में नगर थाना के द्वारा गुप्त सूचना एवं जिला आसूचना इकाई , नवादा के सहयोग से ग्राम खरीदी बिगह से आग्नेयास्त्र के साथ वायरल फोटो में शामिल अपराधी 01. कुंदन यादव उर्फ आर.डी.एक्स. पिता भज्जू यादव 02. राजकुमार उर्फ दारा यादव पिता नरेश यादव दोनों पता गोन्दापुर जिला नवादा को



गिरफ्तार किया गया था।उनके निशानदेही के आधार पर छापेमारी किया गया , 01. दीपू कुमार पिता संजय विश्वकर्मा पता गोन्दापुर को एक देसी कट्टा के साथ उनके घर से गिरफ्तार किया गया। 02. कौशल कुमार पिता शंभू यादव पता गोन्दापुर को थ्रनेट एवं एक देसी कट्टा और चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल के साथ गोन्दापुर से गिरफ्तार किया गया है। इनके अन्य साथी रोहित कुमार पिता संजय पासवान पता खरीदी बिगहा को गिरफ्तार किया गया है।घटना में शामिल कुल 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है । 03 आग्नेयास्त्र एवं 01 चोरी की मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## चेनारी प्रखंड में बिजली की किल्लत से परेशान

**दैनिक समाज जागरण**
**रवि वर्मा, ब्यूरो चीफ रोहतास**

चेनारी (रोहतास) उमस भरी गर्मी से सभी प्रखंडवासी के लोग परेशान हैं। बिजली कब आती है। और कब चली जाती है। यह विभाग को भी पता नहीं रहता है । धूप और उमस भरी गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गई है ।बिजली की कटौती से पहाड़ी क्षेत्र के किसान परेशान हैं । प्रखंड क्षेत्र के किसानों के द्वारा साग सब्जी की खेती सूखने लगे हैं। मल्हीपुर व पेवन्दी पंचायत के दर्जनों गांव में लगे साग सब्जी के फसल बर्बाद हो रहा है । जिससे किसानों की बेचैनी और बढ़ गई है। डोईया गांव किसानो ने बताया कि बिजली कटौती के कारण लगाए गए सब्जी के फसल बर्बाद हो रहे हैं ।चेनारी बाजार के कई दुकानों में दुकानदार बिजली की कटौती से काफी परेसानियो का सामना करना पड़ता है ।दुकानदारों का कहना है कि उमस भरी गर्मी व धूप से अस्त व्यस्त हैं ।सब लोग बांस के बने पंखे हाथों से हिलाते हुए नजर आ रहे हैं ।इतनी उमस भरी गर्मी से हर तबके के लोग परेशान हैं। छोटे-छोटे बच्चों का कहना है कि बिजली नहीं मिलने के कारण पठन-पाठन का कार्य ठप रहा ।गर्मी से लोगों का जीना दुर्लभ हो गया है। सबसे अधिक परेशानी गृहणियों की हो रही है। जिन्हें उमस भरी गर्मी के बीच खाना बनाना पड़ रहा है ।चेनारी में कब बिजली आई और कब चली गई यह पता ही नहीं चलता है । घर के उपभोग की वस्तु बेकार पडी। इस संबंध में कनीय अभियंता दयाशंकर रामे ने बताया कि चेनारी प्रखंड में विद्युत सप्लाई के पावर ऊपर से आने के बाद चेनारी में विद्युत सप्लाई की जाएगी।

## इचरी नरसंहार मामले में 9 प्राथमिक अभियुक्तों को आजीवन कारावास, पूर्व मंत्री हुए बरी

**दैनिक समाज जागरण**

आरा (बिहार) 5 अप्रैल : भोजपुर जिले के चर्चित इचरी नरसंहार मामले में 30 साल के बाद फैसला सामने आया है। आरा की एमपीझ्र एमएलए कोर्ट 3 के न्यायाधीश सत्येंद्र सिंह बुधवार को अपना फैसला सुनाया है। इस नरसंहार के 9 प्राथमिक अभियुक्तों को आजीवन कारावास के साथ दस हजार रुपए की आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। जबकि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व जदयू के राष्ट्रीय महासचिव अप्राथमिक अभियुक्त श्री भगवान सिंह कुशवाहा को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया है। एमपीझ्र एमएलए कोर्टझ्र3 ने इस नरसंहार मामले में 302/149 आईपीसी के तहत सश्रम आजीवन कारावास के साथ दस हजार रुपए आर्थिक दंड,307 में दस साल की सजा के साथ दस हजार रुपए और 27 आर्म्स एक्ट में तीन साल की सजा के साथ पांच हजार रुपए की आर्थिक दंड की सजा सुनाई है । तीनों सजा एक साथ चलेगी । चर्चित नरसंहार में बंधु साह,राजेंद्र साह,गौरी साह,पुलिस महतो,सत्यनारायण राम,बहादुर राम,बलेश्वर राम,दुलारचंद साह और भरोसा राम को सजा सुनाई गई है। लोक अभियोजक नागेश्वर दुबे ने बताया करीब तीस सालों से यह मामला न्यायालय में चल रहा था जो काफी गंभीर मामला था । माननीय न्यायालय द्वारा जो निर्णय दिया गया उससे ये साबित होता है की भगवान के दरबार में विलंब होता है लेकिन न्याय निर्णय होता है। नरसंहार में शामिल नौ अपराधियों को दंडित किया गया। सभी नौ आरोपितों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा के साथ दस हजार की आर्थिक दंड की सजा सुनाई गई है। दंड धारा के मुताबिक और समय पर भुगतान नहीं करते हैं तो निर्णय न्यायालय के आलोक में नहीं हो रहा है इसके लिए अलग से भी तीन माह की सजा होगी। ज्ञात हो कि 29 मार्च 1993 में जगदीशपुर में भाजपा की रैली का आयोजन किया गया था। रैली में भाग लेने के लिए सैकड़ों समर्थक पहुंचे थे । रैली खत्म होने के बाद देर शाम एक ट्रैक्टर पर सवार होकर करीब बीस लोग अपनेझ्रअपने घर लौट रहे थे । तभी रास्ते में घात लगाकर बैठे हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग कर जनेश्वर सिंह,सतेंद्र सिंह, मटुकधारी,रविंद्र और गुप्तेश्वर सिंह की हत्या कर दी थी,गुप्तेश्वर सिंह की इलाज के दौरान मौत हुई थी। जबकि हमले में करीब 9 लोग गोली से जख्मी और 8 लोग मारपीट में समर्थक जख्मी हुए थे। इसे लेकर जगदीशपुर थाना में कांड संख्या 41/93 के तहत जख्मी गुप्तेश्वर सिंह के बयान पर नौ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी । जिसके बाद इस नरसंहार के वादी इचरी पंचायत के तत्कालीन मुखिया विनोद सिंह की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी । केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने ट्रायल के दौरान श्री भगवान सिंह कुशवाहा को प्राथमिक अभियुक्त बनाया । 1995 में नरसंहार मामले में पहली कुर्की हुई थी।

## नरकटियागंज के एक रंगदारी मामला में 4 गिरफ्तार, हथियार और गांजा बरामद

### *शिकारपुर थाना अध्यक्ष और नरकटियागंज एसडीपीओ की प्रशंसा*

**दैनिक समाज जागरण**
**बेतिया पश्चिम चंपारण**
**शैलेश मिश्रा (जिला व्यूरो)**

बेतियाः पश्चिम चम्पारण जिला के बेतिया पुलिस के शिकारपुर थानान्तर्गत रंगदारी के मामले में संलिप्त युवकों को हथियार एवं गांजा के साथ पुलिस ने गिरफ्तार करने की जानकारी मीडिया को दी है। पुलिस का कहना है कि दिनांक 28 फरवरी 2023 को पत्र द्वारा एक व्यक्ति को गाली गलौज करते हुए, जान मारने की धमकी देकर 20 लाख रुपये की मांग की गई। पुनः दिनांक 28 मार्च 2023 को फोन से उसी व्यक्ति को जान मारने की धमकी देकर 20 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की गई। इस संदर्भ में शिकारपुर थाना कांड सं.239/23, दिनांक 01 अप्रैल 2023 धारा 386/387/120 (बी) भादवि दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई। रंगदारी की घटना के सफल उदभेदन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए बेतिया पुलिस कप्तान उपेंद्र नाथ वर्मा ने एक टीम गठित किया। उनकी गठित विशेष टीम ने तकनिकी एवं मैनुअली अनुसंधान करते हुए, निप्पू कुमार दूबे 36 वर्ष पिता महाबीर दूबे, हरसरी वार्ड नं. 12 थाना शिकारपुर जिला पश्चिम चम्पारण, जोगी मियां 53 वर्ष पिता राजुदीन मियां, परसौनी, चौतरवा, बगहा जिला पश्चिम चम्पारण को गिरफ्तार किया। उपर्युक्त कांड के शेष अभियुक्त राजेन्द्र साह 56 वर्ष पिता मोती साह, धमिनाहा थाना साठी जिला पश्चिम चम्पारण बेतिया को गांजा के साथ गिरफ्तार किया। इस संदर्भ में शिकारपुर थाना कांड संख्या 45/23 दिनांक 03 अप्रैल 2023 धारा- 20 (बी)` एनडीपीएस एक्ट अंतर्गत दर्ज किया गया। अभियुक्त जोगी मियां को हथियार के साथ गिरफतार किया गया। उनके संदर्भ में शिकारपुर थाना कांड संख्या 46 / 2023 दिनांक 03 अप्रैल 23 धारा 25 (1 - बी) ए / 26 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत दर्ज किया गया। राज होशिल बैठा आयु 25 वर्ष पिता लालू बैठा बड़ा धमिनाहा थाना साठी जिला पश्चिम चम्पारण गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से देशी कट्टा 01, जिंदा कारतूस 02, गांजा-2 किलोग्राम, घटना में प्रयुक्त मोबाईल 03 बरामद किया गया है। गिरफ्तार युवको का अपराधिक इतिहास खंगाले जाने पर पुरूषोतमपुर थाना कांड सं.11 / 2002, दिनांक 24 मई 2002 धारा-20 एनडीपीएस एक्ट, आरोप पत्र सं.12/2002 दिनांक-31 जुलाई 2002 समर्पित है। पुरूषोतमपुर थाना कांड सं.12 / 2002, दिनांक 24 मई 2002 धारा-25 (1-ए) ए/ 26 / 35 आर्म्स एक्ट, आरोप पत्र सं.-10/2002 दिनांक - 26.07.2002 समर्पित, सिकटा बथलर थाना कांड सं0-87 / 1997 दिनांक- 10 अगस्त 1997 धारा-395 / 364ए/ भादवि, रेल थाना सुगौली बेतिया कांड सं.12 / 1998 दिनांक 19 मार्च 1998 धारा 147/148/149/323/324/307/379 भादवि, रेल थाना नरकटियागंज कांड सं-12 / 1998 धारा-392 भादवि, नवलपुर (योगापट्टी) थाना कांड संख्या-131 /





2000 दिनांक 31 दिसंबर 2000 धारा - 364 (ए) भादवि, चौतरवा थाना कांड संख्या-35 / 2001 दिनांक 24 अप्रैल 2001 धारा-25 ( 1-बी) ए/ 26 आर्म्स एक्ट आरोप पत्र संख्या 56 / 2006 दिनांक 11 अप्रैल 2006, नौरंगिया थाना कांड संख्या-36 / 2018 दिनांक 20 मई 2018 धारा-364 (ए)/34/120 (बी) भादवि, परिवर्तित धारा 365 भादवि आरोप पत्र संख्या 24 / 21 दिनांक 08 मार्च 2021, शिकारपुर थाना कांड सं. 239 / 23, दिनांक 01 अप्रैल 2023 धारा-386 / 387 / 120, शिकारपुर थाना कांड संख्या 45 / 23 दिनांक 03 अप्रैल 2023 धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट (बी) भादवि, शिकारपुर थाना कांड संख्या 46 / 23 दिनांक 03 अप्रैल 2023 धारा 25 (1 - बी) ए / 26 काली आर्म्स एक्ट दर्ज पाया गया। बेतिया एसपी की गठित छापामारी दल में कुन्दन कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नरकटियागंज, नवनीत कुमार परि.पुलिस उपाधीक्षक बेतिया, रामाश्रय यादव पुनि सह थानाध्यक्ष शिकारपुर थाना, पुअनि धन्नजय कुमार प्रभारी जिला आसूचना इकाई बेतिया, पुअनि उदय कुमार थानाध्यक्ष साठी थाना, पुअनि श्यामकिशोर पंडित शिकारपुर थाना, परि पुअनि उपेन्द्र कुमार यादव शिकारपुर थाना, परि पुअनि आशीष कुमार शिकारपुर थाना, परि पुअनि जय कुमार शिकारपुर थाना, सिपाही बब्लु, राज कुमार, कमलेश, राकेश, निजामुदीन जिला आसूचना इकाई बेतिया, थाना रिजर्व बल शिकारपुर थाना रहे। प्रबुद्धजनों ने एसडीपीओ और थानाध्यक्ष की प्रशंसा करते हुए, कार्यशैली में बदलाव की अपेक्षा किया है।

## गौनाहा में जाति जनगणना को लेकर प्रगणको को दिया गया प्रशिक्षण।

**दैनिक समाज जागरण बेतिया पश्चिम चंपारण शैलेश मिश्रा (जिला व्यूरो)** गौनाहा / प्रखंड स्थित प्रशिक्षण भवन में बिहार सरकार द्वारा आयोजित जातीय आधारित जनगणना को लेकर 4 अप्रैल से प्रखंड में 194 प्रगणको को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिन बजड़ा, भितिहरवा, बेलसंडी, धमौरा, बेलवा व लछनौता के प्रगणकों को प्रशिक्षण दिया गया। वहीं प्रशिक्षण के दूसरे दिन धनौजी, गौनाहा, दोमाठ, रुपवलिया, मेहनौल व डरौल पंचायत के 169 प्रगणको को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों में हरिमोहन शर्मा रत्नेश शर्मा, प्रवीण कुमार, रूपेश कुमार, दीपक कुमार व कर्मी कोषांग में बिट्टू राज गुप्ता, रत्नेश पासवान, शिव शंकर ठाकुर, मोहम्मद कौशर अंसारी, मनसफ आलम, धर्मराज प्रसाद राम प्रवेश साह आदि शामिल रहे। वही प्रशिक्षण में भाग ले रहे प्रगणको में शिक्षक फिरोज आलम फैयाज आलम, मुन्ना कुमार राम, अखिलेश महतो, ओम कुमार, मोबिना खातून, सज्जाद आलम, शम्स फिरोज, इत्यादि उपस्थित रहे।

## मलदहिया में सामूदायिक भवन खाली कराने पहुंचे पदाधिकारी, ग्रामीण अक्रोशित

**दैनिक समाज जागरण**
**बेतिया पश्चिम चंपारण**
**शैलेश मिश्रा (जिला व्यूरो)**

पश्चिम चम्पारण जिला के नरकटियागंज प्रखंड अंतर्गत मलदहिया पोखरिया पंचायत के मल्दहिया गांव में मंगलवार को एक सरकारी भवन खाली कराने पहुंची पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियो को वहां के ग्रामीणों का आक्रोश झेलना पड़ा। ग्रामीण उस समय आक्रोशित हो उठे जब प्रखण्ड विकास पदाधिकारी भारी संख्या में पुलिस बल के साथ गांव में पहुंचे और कथित सामुदायिक भवन खाली करने को कहा। भारी संख्या में पुलिस बल और पदाधिकारियो को देख महिलाएं आक्रोशित हो उठी और मकान खाली करने से इंकार कर दिया। भवन में रहने बासमती देवी, रघुनाथ राउत व ग्रामीणो ने पदाधिकारियो पर आरोप लगाया कि 20 वर्षो से उपर से इन्दिरा आवास अंतर्गत बने मकान में उनका वास



है। जिन्हें मकान खाली करने को कहा जा रहा है, जबकि वार्ड 14 में कोई सामूदायिक भवन बना ही नही। जबकि सामूदायिक भवन में ग्रामीणों के रहने और अतिक्रमण करने के नाम पर खाली करने को कहा जा रहा है। उनका कहना है कि वे लोग जिस इन्दिरा आवास के मकान में रह रहे हैं, वो वार्ड संख्या 15 में स्थित है। उपर्युक्त भवन में वास करने वाले और आक्रोशित ग्रामीणो को बीडीओ सतीश कुमार और थानाध्यक्ष रामाश्रय यादव ने समझाकर शांत कराया। बीडीओ सतीश कुमार के हवाले से खबर मिली है कि मलदहिया वार्ड 14 स्थित सामूदायिक भवन अतिक्रमण का मामला पंसस की बैठक में उठा, जिसको लेकर एक मामला लोक शिकायत निवारण में पहुंचा, वहां से भवन अतिक्रमण खाली कराने का निर्देश है। भवन में वास करने वालों एवं ग्रामीणों से 06 अप्रैल 2023 को कागजात के साथ शिकारपुर थाना में उपस्थित होने को प्रशासन ने कहा है।

## कटियारा गांव से बिजली के तार को काटने वाले 5 गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण रवि वर्मा, ब्यूरो चीफ रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस प्रखंड क्षेत्र में दो सप्ताह पूर्व कटियारा गांव के 52 बिजली पोल से काटे गए एलटी तार के मामले में भानस ओपी पुलिस ने उद्भेदन करते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार किया । वहीं आरोपियों के पास से चोरी किए गए तार के साथ-साथ तार की ढुलाई में लगे मालवाहक पिकअप को भी पुलिस ने जब्त किया। ओपी प्रभारी गुड़िया कुमारी ने बताया कि बिजली विभाग के कर्मियों के द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने के बाद अनुसंधान को आगे बढ़ाया गया। वहीं तार कटी के बाद पुलिस को एक मोबाइल भी मिला था।

जिसके आधार पर पुलिस ने अपनी कार्रवाई आरंभ की। जहां पहली गिरफ्तारी कोचस थाना के ममरेजपुर गांव से हुई। जहां अंकित कुमार को पुलिस ने पूछताछ के लिए अपने साथ लिया। जहां दूसरे अपराधी धर्मेंद्र कुमार को राजपुर से गिरफ्तारी हुई। इनके निशानदेही पर इस कांड में संलिप्त मास्टरमाइंड शशिकांत शर्मा, मनीष साह, अमन कुमार, राजू सिंह, सनी कुमार को गिरफ्तार किया गया है। ओपी अध्यक्ष गुड़िया कुमारी ने बताया कि इन अपराधियों की निशानदेही पर चोरी का तार, तार काटने का औजार एवं अन्य उपकरण बरामद किया गया है। पुलिस गिरफ्त में आए पांचो अपराधियों ने अपनी संलिप्तता उजागर करते हुए अपने अपराध को स्वीकार किया है।

## बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार बाप-बेटे को मारी टक्कर

**दैनिक समाज जागरण**

आरा (बिहार) 5 अप्रैल : जिले के सहार थाना क्षेत्र के ननउर मोड़ के समीप मंगलवार की दोपहर बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार बाप-बेटे को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों को इलाज के लिए सहार रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद बाप की हालत को चिंताजनक देखते हुये पटना रेफर कर दिया गया है। जबकि जख्मी बेटे का इलाज सहार रेफरल अस्पताल में ही कराया गया। जख्मियों में सहार थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर गांव निवासी मोहन राय के 35 वर्षीय पुत्र रंजन राय एवं 10 वर्षीय उनका पुत्र अनिकेत कुमार शामिल है। घटना के बाद चालक व खलासी ट्रक छोड़ फरार हो गए। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने आरा-अरवल मुख्य मार्ग पर ननउर मोड़ के समीप ट्रक चालक व खलासी की गिरफ्तारी को लेकर सड़क जाम कर दिया। लगभग ढाई घंटे तक सड़क जाम रहा। सड़क जाम होने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी एवं आवागमन पूरी तरह ठप रहा। सड़क जाम की सूचना पाकर सहार थाना इंचार्ज शिवेंद्र कुमार अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम को हटवाया। साथ ही पुलिस ने घटनास्थल से उक्त ट्रक को भी जप्त कर लिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रंजन राय अपने पुत्र अनिकेत कुमार का री- एडमिशन कराने के लिए अपने गांव से सहार स्थित निजी स्कूल जा रहे थे। उसी दौरान ननउर मोड़ के समीप बेलगाम ट्रक ने उनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। वहीं जप्त ट्रक से दो बोरे सिक्के एवं उसी बोरे में कुछ नोट पाए गए हैं। हालांकि पाए गए पैसों की कुल राशि कितनी है,यह स्पष्ट नहीं हो सका है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही। इस मामले में पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि एक ट्रक को संदेह के आधार पर पकड़ा गया था। उसी ट्रक ने उन दोनों बाइक सवार बाप-बेटे पर चढ़ा दिया था। हालांकि मौके से चालक व खलासी फरार हो गया है। पुलिस ने ट्रक को जप्त कर लिया है। ट्रक के सीट के नीचे से दो बोरे सिक्के मिले हैं।

## महिला की हत्या करने के बाद शव दफनाने की हो रही थी कोशिश, मौके पर पहुंची पुलिस सभी फरार

**दैनिक समाज जागरण** आरा (बिहार) 5 अप्रैल : भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया गांव में मंगलवार की रात घर में सो रही एक महिला की हत्या कर दी गई। मृतका के मां के द्वारा पट्टीदार के ही लोगों पर धारदार हथियार से मारकर हत्या करने की बात कही गई। मृतका कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया गांव निवासी रमेश पवार की 25 वर्षीया पुत्री वंदना देवी थी एवं वह गांव में ही अपने परिवार वालों के साथ रहकर मजदूरी का काम करती थी। मृतका की मां सीता देवी ने बताया कि मेरी बेटी ने अपने गांव में जमीन ले लिया है। जिसको को लेकर उसके पट्टीदार के लोग ईर्ष्या करते हैं और उसी जमीन को लेकर उससे विवाद चला आ रहा है। मंगलवार की रात मैं पूजा करने गई थी। बाकी बच्चे घर का दरवाजा बंद कर नाच रहे थे और मेरी बेटी घर के बाहर चौकी पर अकेली सोई हुई थी। उसी दौरान उनके दो देवर एवं दो अन्य युवक वहां आए और तीन ने उसे पकड़ लिया और उसे धारदार हथियार से सीने पर वार कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। दूसरी ओर मृतका की मां सीता देवी ने अपने ही दो देवर बोसरा, इंद्रजीत व उसके दो अन्य साथी कपूर एवं चिरंजी पर धारदार हथियार से मार कर अपनी बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। इस मामले में कोईलवर थाना इंचार्ज अविनाश कुमार ने बताया की मृतका की मौत के बाद उसके परिजन उसे जमीन खोदकर उसे दफनाने जा रहे थे। तभी स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। वहीं पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतका की मौत चोट लगने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बताया जाता है कि मृतका की शादी महाराष्ट्र निवासी गुंडा शिंदे नामक युवक से कुछ वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के कुछ दिन बीत जाने के बाद ही वह उसे छोड़कर महाराष्ट्र भाग गया और दूसरी शादी कर ली। जिसके बाद मृतका अपने परिवार के साथ ही कुल्हड़िया गांव में रहा करती थी। मृतका के परिवार में मां सीता देवी,तीन बहन लाठी,हसीना,ऐश्वर्या व दो भाई राज एवं देवा है।

## मीना बाजार समेत नगर निगम के तीन छोटे सैरातों की 11.89 लाख में बंदोबस्ती: गरिमा

***तकनीकी कारणों से 31 मार्च तक में बोली नहीं लग पाने को ले चल रहा था विभागीय वसूली कराने में कमाई का 'खेल'***

***महापौर की सख्ती के बाद लगी मीना बाजार, अवंतिका चौक और छोटा रमना में कौड़ी वसूली को ले बोली,***

**दैनिक समाज जागरण**
**बेतिया पश्चिम चंपारण**
**शैलेश मिश्रा (जिला व्यूरो)**

बेतिया । नगर निगम महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि मीना बाजार समेत नगर निगम के तीन छोटे सैरातों की 11.89 लाख में लाख में बंदोबस्ती का कार्य बुधवार को पूरा हो गया। जिसमें छोटा रमना बाजार अंतर्गत आलोक भारती पुल से खादिम चौक होते हुए शिवा बाबू चौक तक कौड़ी वसूली बंदोबस्त 3,81,100 रुपए से इंतेखाब इफ़्तेखार अधिकत्तम वक्ता के रूप



पाने में कामयाब रहे। वही अवंतिका चौक से खुदाबख्श चौक तक भाया सोवा बाबू चौक एवं होटल स्वराज होते हुए दैनिक कौड़ी वसूली 4,37,400 दानिश रहमान को अधिकत्तम वक्ता के रूप में दी गई। इसी प्रकार मीना बाजार में दैनिक कौड़ी वसूली बंदोबस्ती 3,71,150 की सर्वाधिक बोली के आधार पर पाने में ओमी खान कामयाब रहे। इधर नगर निगम कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि तकनीकी कारणों से बीते 31 मार्च से पहले उक्त छोटे सैरातों की बंदोबस्ती नहीं हो पाने को लेकर अपनी कमाई और उगाही को लेकर कतिपय तत्व विभागीय वसूली की जुगत बैठाने में लग गए थे। लेकिन महापौर श्रीमती सिकारिया के द्वारा बार बार शहर मै माइकिंग कराने एवं उनके कड़ा रुख के कारण बंदोबस्ती की बोली लगना सुनिश्चित हो पाया। मौके पर नगर आयुक्त शम्भू कुमार और सशक्त स्थाई समिति के सदस्यगण मुस्तैद रहे।

## समारोह पूर्वक बांटा गया सर्टिफिकेट

**दैनिक समाज जागरण**
**बेतिया, पश्चिम चंपारण**
**शैलेश मिश्रा (जिला व्यूरो)**

सीटीईटी परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को सक्सेस प्वाइंट ने समारोह पूर्वक प्रमाण पत्र बांटा। इस दौरान शहर के कई क्षेत्रों के गणमान्य लोगों ने अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र और मेडल दे कर सम्मानित किया। सक्सेस प्वाइंट के निदेशक संदीप कुमार ने बताया कि 112 अभ्यार्थी इस साल सफल हुए हैं।। मुख्य अतिथि में ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक सुभम सागर, सोनल प्रकाश ग्रामीण बैंक के ही रौशन कुमार

प्रभात सिंह प्रभात खबर के वरीय पत्रकार सामंत सिंह रेलवे अधिकारी सौरभ सिद्धार्थ अन्य उपस्थित थे।।। सीटीईटी क्लास के शिक्षक एवम् मार्गदर्शक प्रकाश कुमार ने बताया कि हर साल रिजल्ट में बढ़ोतरी हो रही हैं।। यन्हा के बच्चे सफल हो उसके लिए हम मेहनत करते हैं और हर वर्ष कुछ नया करते हैं ताकि छात्रों के सफलता में कोई बाधा न हो।। वही छात्रों में संस्था को ले के काफी उत्साह था उन्हों ने बताया कि प्रकाश सर और संदीप सर के मार्गदर्शन में सफलता निशित हैं। सफल विधार्थियों में सबसे अधिक अंक विक्रांत कुमार को मिला हैं जीने कुल 129 अंक आएं और दूसरे नंबर पे ममता श्रीवस्ता 122 अंक और बाकी सब विधार्थी भी अच्छे अंक से पास हुए हैं

निर्देशक संदीप कुमार ने बताया कि यन्हान बैंकिंग और एसएससी में भी हर साल छात्र सफल होते आ रहे हैं 250 से अधिक बैंकर्स विभिन्न सरकारी बैंकों में कार्यरत हैं।।

# सिलीगुड़ी का सौरभ काम के लिए गया था सिक्किम! लेकिन लौट रहा उसका शव?

**उत्तम सिंह :संवाददाता :दैनिक समाज जागरण: सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग):**

केहेता है ना कल किसने देखा।जी हा अही घटना सामने आया काम के सिलसिले में सिक्किम गया था सौरभ। लेकिन वहां से वह नहीं बल्कि उसका शव घर लौट रहा है। सिक्किम के 15 माइल के पास हिमस्खलन में सिलीगुड़ी के शक्तिगढ़का निवासी सौरभ राय चौधरी की मौत हो गई। उसका घर शक्तिगढ़ के 11 नंबर रास्ता में स्थित है। वह माता-पिता की इकलौती संतान था। बेटे को खोने के बाद परिवार का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

सोमवार रात को पिता नीलेश राय चौधरी और मां बेबी राय चौधरी ने अपने बेटे से बात की थी। लेकिन किसे पता था कि वो आखिरी बार अपने बेटे से बात कर रहे है। इसके बाद मंगलवार रात को घर में खबर आई कि हिमस्खलन में सौरभ की मौत हो गई है। उसके दो और साथी घायल हो गए है। सौरभ काम के सिलसिले में सिक्किम गया था। मंगलवार को छुट्टी होने के कारण वह अपने दो साथियों के साथ छांगु गया था। वहां 15



माइल के पास हिमस्खलन में उसकी मौत हो गई।

आज मेयर गौतम देव ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की और परिवार के साथ रहने का आश्वासन दिया। आज सुबह सौरभ का शव लाने के लिए परिवार के दो सदस्य सिक्किम रवाना हो गए। शाम में उसका शव लाया जाएगा।

# बिहार जाति आधारित गणना से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम सभी प्रखंड में प्रारंभ,10 तक प्रशिक्षण होगा आयोजित

## *जातीय गणना 15 अप्रैल से होगा प्रारंभ, डाटा डुप्लीकेसी ठीक करने का निर्देश*

**राहुल: दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

बिहार जाति आधारित गणना के द्वितीय चरण का कार्य दिनांक 15 अप्रैल से 15 मई 2023 तक निर्धारित है. बिहार जाति आधारित गणना के द्वितीय चरण का कार्य अच्छे ढंग से संपन्न हो, इसे लेकर मास्टर ट्रेनर, फील्ड मास्टर ट्रेनर एवं प्रखंड के वरीय पदाधिकारी को अपने-अपने नामित प्रखंडों में भेजकर प्रखंडों, नगर निकायों के प्रगणकों तथा पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है. इसी क्रम में डीएम श्रीकांत शास्त्री ने ठाकुरगंज चार्ज का भ्रमण कर उच्च विद्यालय ठाकुरगंज में आयोजित प्रशिक्षण का जायजा लिया है. प्रशिक्षण के दौरान छोटी मोटी जो भी समस्याएं अवगत कराई गई, उसे ऑन द स्पॉट निराकरण कराया गया ताकि द्वितीय फेज के दौरान घर-घर गणना करने जाने के दौरान कोई त्रुटि ना रहे.

गौरतलब हो कि 03 अप्रैल को जिलाधिकारी के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जातीय गणना के द्वितीय चरण से संबंधित तैयारी की जानकारी बारी-बारी से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर निकाय के पदाधिकारियों तथा प्रखंड के नामित जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी से जानकारी ली गई थी. ठाकुरगंज के प्रशिक्षण सत्र का मुआयना के उपरांत डीएम ने कहा कि इस चरण में प्रत्येक परिवार, व्यक्ति के व्यक्तिगत, सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक आंकड़े प्रपत्र और मोबाइल ऐप दोनों के माध्यम से एकत्रित किये जायेंगे. गणना प्रपत्र में परिवार से आंकड़े लेकर उस परिवार के प्रधान का हस्ताक्षर प्राप्त करने के उपरांत सभी आंकड़े मोबाईल एप में प्रविष्ट किये जायेंगे. मोबाईल ऐप से यह आंकड़ा स्टेट डाटा सेंटर के सर्वर पर एकत्रित होगा, जो बिहार जाति आधारित गणना पोर्टल पर देखा जा सकेगा. उन्होंने कहा कि प्राप्त आंकड़ों का प्रसंस्करण और प्रतिवेदन, ग्राफ, विवरणी आदि का निर्माण भी इसी पोर्टल से होगा। गणना प्रपत्र और मोबाईल ऐप पर प्रत्येक परिवार के लिए एक ही क्रमांक होंगे. गणना के बाद सभी प्रपत्र को स्कैन कर मोबाईल के आंकड़े से टैग कर सॉफ्ट कॉपी में रख लिया जायेगा. उल्लेखनीय है कि जाति आधारित गणना 2022 के द्वितीय चरण जो 15 अप्रैल से 15 मई तक की जानी है, का प्रशिक्षण सभी चार्ज अंतर्गत बैचवार दिया जा रहा है जो 10 अप्रैल तक संपन्न कर लिया जाएगा सभी प्रखंड और नगर निकाय में चार्ज के पदाधिकारियों, मास्टर ट्रेनर की उपस्थिति में सभी चार्ज पदाधिकारी, फील्ड ट्रेनर तथा आई०टी० सहायक द्वारा भाग लिया गया हैं. प्रशिक्षण में बिहार जाति आधारित गणना प्रपत्र की जानकारी दी गई. इस प्रपत्र में चार भाग है. लोकेशन कोड विवरणी गणना संकलन, कोड एवं विकल्प तथा परिवार के किसी सदस्य द्वारा घोषणा की जानकारी दी गई. प्रपत्र के भाग दो में कुल 17 प्रकार के प्रश्न है इसकी जानकारी प्रशिक्षण के समय दी गई. द्वितीय चरण में मोबाईल ऐप का भी उपयोग किया जाना



है इससे संबंधित जानकारी भी आई०टी० प्रबंधक द्वारा दी गई. ठाकुरगंज में आयोजित प्रशिक्षण सत्र का अवलोकन उपरांत डीएम ने कहा कि सभी चार्ज पदाधिकारी को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण के बाद सभी प्रगणक को हैंड्स ऑन ट्रेनिंग हर हाल में दिलवाए. सभी प्रगणक को मोबाइल फ्रेंडली बनाने हेतु हैंड्स ऑन ट्रेनिंग काफी महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन एवं सामान्य जानकारी की वीडियो उपलब्ध कराया गया है, जो सभी सुपरवाइजर तथा प्रगणक तक हर हाल में शेयर करें ताकि वीडियो तथा प्रेजेंटेशन देखकर, पढ़कर भी प्रशिक्षित हो सकते हैं. उपलब्ध कराए गए वीडियो को देखकर स्टेपवार समझने में काफी सहूलियत मिलेगी. उन्होंने कहा कि यदि किसी परिवार का एक से अधिक जगह पर डाटा एंट्री या गणना हो गया है, उस स्थिति में ऐप के माध्यम से डुप्लीकेसी को डिलीट करवाया जाएगा. इसके लिए ऐप में यह फंक्शन उपलब्ध है. उन्होंने कहा कि अनुदेश पुस्तिका, विभिन्न प्रकार के दिए गए पांच प्रपत्र तथा अन्य प्रशिक्षण मटेरियल को हर हाल में अच्छे तरीके से पढ़ ले ताकि फील्ड में जाने के दौरान काफी सहूलियत मिलेगी. त्रुटि रहित गणना सुनिश्चित करें. इसमें लापरवाही अक्षम्य है. प्रथम फेज की गणना में डाटा में जो त्रुटि है उसे तुरंत सुधार लें और डाटा डुप्लीकेसी को रोकें। सभी प्रखंड में जातीय गणना का प्रशिक्षण जारी है.

# सिलीगुड़ी में चाय बागान के लीज लैंड जमीनों को फ्री होल्ड करने के प्रतिवाद में निकाली गई रैली।

उत्तम सिंह :संवाददाता :दैनिक समाज जागरण: सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग): यूनाइटेड फोरम फॉर




आदीवासी राइट्स ने चाय बागान के लीज लैंड जमीनों को फ्री होल्ड करने के प्रतिवाद में सड़कों पर उतर आया है। बुधवार दोपहर को सिलीगुड़ी के मल्लागुड़ी से लगभग 30-40 चाय बागान श्रमिक इकट्ठा होकर एक प्रतिवाद रैली निकाली। यह रैली मल्लागुड़ी से शुरू हुई और हिलकार्ट रोड की परिक्रमा करते हुए महकमाशासक के कार्यालय पर जाकर संपन्न हुई। वहां उनकी मांगों लेकर एक ज्ञापन महकमाशासक के माध्यम से राज्य सरकार को सौंपा। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने कहा कि विधानसभा में लाए गए जमीन संबंधी बिल में 4 नंबर बिल में चाय बागान की लीज लैंड जमीनों को फ्री होल्ड करने की बात कही गई है। अगर इन जमीनों को फ्री होल्ड कर दिया जाए तो जमीनें बिक जाएंगी।

# एसएसबी जवान ने दोनों हाथों का नस काटकर फंदे से लटक कर आत्महत्या की

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।** अररिया जिले के एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। जहां बथनाहा एसएसबी 56 वीं बटालियन कैंप में एक 45 वर्षीय एसएसबी जवान ने आत्महत्या कर ली। जवान ने पहले अपने दोनों हाथों की नसें काटीं. फिर बगल के शौचालय में जाकर प्लास्टिक की रस्सी से फंदा बनाकर उसमें फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया गया कि मृतक जवान तीन दिन पहले ही कैंप आया था.इससे पहले वह सोनामणि गोदाम स्थित डूबा टोला बीओपी में कार्यरत था। इसके साथ ही बताया जाता है कि अनुशासनात्मक कार्यवाही के चलते जवान काफी तनाव में था। जवान को बीओपी से कैंप में बुलाया गया था ।आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मृतक जवान प्रकाश सिंह थयात उत्तराखंड के बैजनाथ थाना क्षेत्र के पुआरा गांव निवासी किशन सिंह का पुत्र था और उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के गगारगिगोल डाक घर था। एवं बता दें कि जवान की आत्महत्या की घटना के बाद पूरे कैंप में हड़कंप मच गया है। कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है। प्रभारी कमांडेंट दीपक शाही सहित कई बड़े अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर मुआयना की और मामले की जानकारी बथनाहा थाना अध्यक्ष नंदकिशोर नंदन को दी। इसके साथ ही सोमवार की सुबह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस पूरे मामले की पुष्टि करते हुए बथनाहा थाना अध्यक्ष नंदकिशोर नंदन ने बताया कि रविवार की रात एसएसबी कैंप में एक जवान ने सुसाइड कर ली, जिसके बाद इस संबंध में एसएसबी इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार द्वारा बथनाहा थाने को लिखित आवेदन दिया गया है। एवं आपको बता दें कि इन सभी मामलों को लेकर थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही अचानक ऐसे आत्महत्या करलेना इसका सही पता नहीं चल पाया है। तीन दिन पूर्व बीओपी से कैंप उन्हें बुलाया गया था और किसी न किसी बात को लेकर जवान के तनाव में होने की बात कही जा रही है। इधर पोस्टमॉर्टम कर रहे डॉ. एनएल दास ने कहा कि यह आत्महत्या का मामला है। पहले हाथ की नस काटने की कोशिश की, फिर लगता है फंदे से झूल गया हो. साथ ही एसएसबी अधिकारियो से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं हो पाई. फिलहाल इन सारे मामलों में पुलिस अपनी कार्रवाई कर रही है।



## जिलाधिकारी ने किया छतरगाछ रेफरल अस्पताल का औचक निरीक्षण

**राहुल: दैनिक समाज जागरण किशनगंज**


जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा पोठिया के छतरगाछ स्थित रेफरल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया. मरीजों को उपलब्ध सुविधाएं, डॉक्टर, एएनएम , पारा मेडिकल स्टाफ की उपस्थित, साफ सफाई आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए. डीएम के निरीक्षण में अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक और रोस्टर अनुसार ऑन ड्यूटी डॉक्टर में विरोधाभास पाया गया. डॉ नंद किशोर के द्वारा बाहरी चिकित्सक से अस्पताल में ओपीडी संचालन का मामला प्रकाश में आया. अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने प्राथमिकी



दर्ज कराते हुए विधि सम्मत कार्रवाई का निर्देश दिया है. रेफरल अस्पताल के चिकित्सको और स्वास्थ्य प्रबंधक की कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर करते हुए इनके विरुद्ध

## 12 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत चिकित्सा शिविर सहित अन्य कृषि उपकरण से ग्रामीणों हुए लाभान्वित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।** दिनांक 05.04.2023 को 12 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल किशनगंज की सीमा चौकी पिलटोला के जिम्मेदारी क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरिभिटटा के प्रांगण में नागरिक कल्याण कार्यक्रम वर्ष 2022- 23 के अंतर्गत सीमावर्ती किसानों को कृषि उपकरण सामग्री (स्प्रे मशीन) का वितरण एवं सीमावर्ती ग्रामीणों के लिए एक मानव चिकित्सा शिविर तथा उनके पालतू पशुओं के लिए पशुचिकित्सा शिविर और निशुल्क औषधि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कईखों अथिखों, द्वितीय कमान अधिकारी 12 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत सीमावर्ती बेरोजगार युवाओं के लिए 12 वीं वाहिनी द्वारा आयोजित किया गये मशरूम की खेती, वैज्ञानिक तरीके से मधुमक्खी पालन, मछली प्रसंस्करण एवं उत्पाद विकास तथा कृमि खाद उत्पादन पर प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षणाथीयों को इसे व्यवसाय के रूप में अपनाने चाहिए । सीमावर्ती किसानों से ऑर्गेनिक खेती करने एवं उसमें देसी तरीके से तैयार कृमि खाद का उपयोग करने का अनुरोध किया । उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत सीमावर्ती 68 किसानों को कृषि उपकरण यंत्र (दवा छिड़काव मशीन) का वितरण करने के साथ डॉक्टर हरिदास कानन, सहायक कमांडेंट (चिकित्सक) 8वीं वाहिनी खप्रैल द्वारा सीमा क्षेत्र के लगभग 270 लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया गया तो वही डॉक्टर उमेश सिंह (पशु चिकित्सक), पशु चिकित्सालय दिघलबैंक द्वारा ग्रामीणों के पालतू पशुओं के रखरखाव एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श देने के साथ ही ग्रामीणों के लगभग 550 बीमार पशुओं के लिए निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया



इस कार्यक्रम में श्री खाईको अथिखो, द्वितीय कमान अधिकारी 12 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ,डॉक्टर हरिदास कानन, सहायक कमांडेंट (चिकित्सक) 8वीं वाहिनी खप्रैल, निरीक्षक-गोपाल प्रसाद, उप निरीक्षक, नंदनराम आर्य,श्री मोहन लाल सिंह, वार्ड सदस्य वार्ड नंबर-03 सतकौआ पंचायत , मोहम्मद तोहिद आलम, वार्ड सदस्य वार्ड नंबर-06 सतकौआ पंचायत एवं 12 वीं वाहिनी के पैरामेडिकल स्टाफ तथा पैरा वेटरनरी स्टाफ, सीमा चौकी पिलटोला के बलकर्मी, मीडिया कर्मी एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## *बेल मिलने से द प्रेस क्लब ऑफ पूर्णिया के अध्यक्ष राजेश कुमार झा को राहत*

बीरेंद्र चौहान, समाज जागरण। पूर्णिया सत्यं को परेशान करने वाले की कभी भी जीत नहीं होगी। यह बात बेल मिलने के बाद वरिष्ठ पत्रकार राजेश कुमार झा सह बिफोरप्रिन्ट डिजिटल के पूर्णिया प्रभारी एवं द प्रेस क्लब ऑफ पूर्णिया के अध्यक्ष राजेश कुमार झा ने कही

जानकारी के मुताबिक ` प्रेस क्लब ऑफ पूर्णिया का कथित अध्यक्ष नंद किशोर सिंह उर्फ नंदू सिंह ने बिफोरप्रिन्ट डिजिटल पूर्णिया के प्रभारी पर एक लाख रुपये रंगदारी मांगने का फर्जी मुकदमा किया था। बिफोरप्रिन्ट डिजिटल के पूर्णिया प्रभारी एवं द प्रेस क्लब ऑफ पूर्णिया के अध्यक्ष राजेश कुमार झा ने कहा कि सत्य की जीत हुई है।

माननीय न्यायालय ने सभी पहलुओं की बारीकी से जांच करते कर बेल दे दिया है.जो स्वागत योग्य है।राजेश कुमार झा ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित कभी



नहीं हो सकता है।

बताते चलें कि कथित अध्यक्ष बनकर नंद किशोर सिंह उर्फ नंदू सिंह ने बिफोरप्रिन्ट डिजिटल के पूर्णिया प्रभारी पर एक लाख रुपये रंगदारी का गम्भीर आरोप लगाते हुए, माननीय न्यायालय में मुकदमा दायर किया था।

जिसका किसी भी तरह का कोई भी साक्ष्य नंद किशोर सिंह उर्फ नंदू सिंह ने माननीय न्यायालय में प्रस्तुत नहीं कर सका।माननीय न्यायालय ने मामले पर संज्ञान लेते हुए बेल दे दिया।

राजेश ने बताया कि ये वही नंदू सिंह है,जिसने सोशल मीडिया में मुझ पर वह परिवार के बारे में कई तरह के गम्भीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कि नंद किशोर सिंह उर्फ नंदू सिंह गाहेबगाहे कई तरह के गम्भीर आरोप मुझ पर लगाते रहे.लेकिन हर बार नंदू सिंह को हार का सामना करना पड़ा. आखिरकार सत्य की जीत हुई।

# ओबीसी जाति के लोगो की गिनती नही हुई तो होगा चरणबद्ध आंदोलन

**राहुल: दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

ओबीसी जाति के लोगों की गिनती करना बहुत जरूरी है. जिससे यी पता लगेगा कि ओबीसी श्रेणी के लोगों को आरक्षण का कितना लाभ मिल रहा है. लेकिन केंद्र सरकार ओबीसी श्रेणी के लोगों कि गिनती नहीं कराना चाहती है. यह बातें बुधवार राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ण मोर्चा के जिला संयोजक राजेन्द्र पासवान ने टाउन हाल परिसर स्थित धरना प्रदर्शन के दौरान कही उन्होने कहा कि कि सरकार राहुल गांधी के बयान को ओबीसी का अपमान बता रहे हैं. जब देश में जानवरों की गिनती हो रही है तो ओबीसी की गिनती क्यों नही हो सकती है. ओबीसी की गिनती का विरोध करना ही ओबीसी समाज का सबसे बडा अपमान है. जाति आधारित जनगणना और ओबीसी की गिनती का विरोध करना ही ओबीसी समाज का सबसे बड़ा अपमान है. जाति आधारित जनगणना और ओबीसी की जनगणना कराकर ओबीसी का हो रहे अपमान पर रोक लगाई जाए. जाति आधारित जनगणना और ओबीसी जाति आधारित जनगणना के मुद्दे के साथ ही राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ण मोर्चा धरना प्रदर्शन कर रहे हैं. इसके अंतर्गत निजी क्षेत्रों में एससी, एसटी, ओबीसी श्रेणी के लोगों के लिए आरक्षण लागू किया जाय. एमएसपी की गारंटी कानून बनाकर किसानों को दिया जाए और पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करने सहित कई अन्य मुद्दे शामिल हैं. इस दौरान मुख्य रूप से एमडी आलम, आर अंसारी, मु. जहुर आलम, रफीक अंसारी. हसन आलम, महमद आलम. पार्वती देवी और अशोक पासवान सहित कई लोग मौजद रहे.



# जान जोखिम में डालकर रोजाना सफर करते हैं ग्रामीण और स्कूली छात्र।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**

खोरीबाड़ी : खोरीबाड़ी प्रखंड के रानीगंज पानीशाली ग्राम पंचायत के उत्तर रामधन जोत में स्कूली छात्रों सहित गांव के निवासी अपनी जान जोखिम में डाल कर करते है सफर. पिच रोड का निर्माण बंगाल की ग्रामीण सड़क योजना के तहत नवंबर 2021 माह में किया गया था। मेंटेनेंस ड्यूटी दो साल के लिए थी। लेकिन सड़क शुरू होने के 100 मीटर के अंदर ही हिम के पाइप से बनी पुलिया के धंस जाने से गांव की मुख्य सड़क लगभग बेकार हो चुकी है। रास्ता नहीं होने के कारण कुछ स्थानीय लोग मिट्टी भर कर टोटो, ऑटो से सफर कर रहे हैं। नतीजा राहगीरों को रात व दिन के समय सड़क टूटने की बात समझ नहीं आई और हादसा हो गया। बुधवार को स्थानीय निवासी जगदीश बर्मन, गौरांग बर्मन ने कहा, करीब एक साल से टूटा हुआ है, हम लोग काफी परेशानी में हैं. कोई पूछताछ नहीं कर रहा है। दुर्घटनाएं हर समय होती हैं। पंचायत को अवगत कराया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। खोरीबाड़ी बीडीओ निरंजन बर्मन ने कहा, "कलूरभाट की शिकायत मेरे पास नहीं आई है, लेकिन मैं इसे इंजीनियर को भेजकर पंचायत कार्य योजना में शामिल करूंगा।"



## उत्तरबंग विश्वविद्यालय की सुरक्षा के लिए 240 सीसीटीवी कैमरे! साथ ही वाईफाई सेवा भी शुरू

**उत्तम सिंह:संवाददाता: दैनिक समाज जागरण:सिलीगुड़ी(दार्जिलिंग):**
उत्तरबंग विश्वविद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पूरे विश्वविद्यालय को सुरक्षा कवच में लपेट दिया है। विश्वविद्यालय की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 240 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

कुलपति ओमप्रकाश मिश्रा ने आज विश्वविद्यालय में सीसीटीवी कैमरे और फ्री वाई-फाई सिस्टम का उद्घाटन किया। अब तक हॉस्टल और प्रशासनिक भवनों में सीसीटीवी कैमरे लगे थे, लेकिन अब पूरा विश्वविद्यालय में सीसीटीवी कैमरों लगाये गये है। इसके अलावा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और प्रोफेसरों की सुविधा के लिए वाईफाई सेवा शुरू की गई है।



एक कार्यक्रम के माध्यम से इन दोनों सेवाओं का शुभारंभ किया गया। इस संबंध में कुलपति ने कहा कि यह कदम विश्वविद्यालय को एक कदम आगे बढ़ाने के लिए है। आने वाले दिनों में विश्वविद्यालय के सुधार सहित सभी व्यवस्थाएं की जाएंगी।

# 20 दिनों बीत जाने के बाद भी खिरिमोड पुलिस नही कर पाई आकाश हत्याकांड का खुलासा

## पीड़ित ने लगाया पटना एसएसपी से न्याय की गुहार

पालिगंज/ अनुमंडल सह खिरिमोड थाना क्षेत्र के निरखपुर गांव में 20 दिनों पूर्व हुए पत्रकार के पुत्र आकाश राज हत्याकांड की खुलासा आजतक खिरिमोड व पालीगंज पुलिस नही कर पाई। वही पुलिस की निष्क्रियता को देख पीड़ित ने बुधवार को पटना एसएसपी से मिलकर निष्पक्ष जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्यवाई करने व न्याय दिलाने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा है।

जानकारी के अनुसार 15 मार्च को खिरिमोड थाना क्षेत्र के निरखपुर गांव निवासी पत्रकार वेद प्रकाश के पुत्र आकाश राज की हत्या एक सोंची समझी साजिश के तहत गांव के ही कुछ लोगो ने मछली मारने के बहाने बुलाकर गांव के पास लोआई नदी में कर दिया था। जिसके बाद पीड़ित वेद प्रकाश ने 16 मार्च को खिरिमोड थाने में आवेदन सौंप मामले की जांच करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्यवाई की मांग किया था। लेकिन 15 दिनों बीत जाने के बाद भी जब थानाध्यक्ष व अनुसंधानकर्ता के द्वारा कोई परिणाम सामने नही आया तो इस मामले में थानाध्यक्ष व अनुसंधानकर्ता की भूमिका भी संदिग्ध देखते हुए 31 मार्च को पालिगंज अनुमंडल क्षेत्र के डेढ़ दर्जन से अधिक पत्रकारों ने पालिगंज स्थित आर्य समाज मंदिर में बैठक किया। जिसमें लिए गए निर्णय के अनुसार पत्रकारों ने पालिगंज एएसपी कार्यालय पहुंचकर एएसपी अवधेश दीक्षित से मुलाकात किया। वही पत्रकारों ने इस मामले में खिरिमोड थानाध्यक्ष व अनुसंधानकर्ता की भूमिका संदिग्ध बताते हुए एएसपी अवधेश दीक्षित को लिखित ज्ञापन सौंप मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्यवाई करने की मांग किया था। वही एएसपी अवधेश दीक्षित ने मामले की जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्यवाई व पीड़ित वेद प्रकाश को न्याय दिलाने का आश्वासन भी दिया था। लेकिन छह दिनों बीत जाने के बाद भी जब कोई परिणाम व मामले की खुलासा नही किया गया तो पीड़ित वेद प्रकाश ने बुधवार को पटना एसएसपी कार्यालय पहुंचा। जहां पटना एसएसपी को एक लिखित आवेदन सौंप खिरिमोड थानाध्यक्ष व अनुसंधानकर्ता की भूमिका संदिग्ध बताते हुए निष्पक्ष जांच के बाद दोषियों के खिलाफ उचित कार्यवाई व न्याय दिलाने की मांग किया है।

## फांसीदेवा में छात्रा ने फंदा लगाकर की आत्महत्या।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**

फांसीदेवा : फांसीदेवा थाना क्षेत्र के दूधखावागछ इलाके में एक छात्रा ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली । मृतका का नाम अलेमा खातून (17) है। उसने इसी साल माध्यमिक की परीक्षा दी थी। बताया गया है कि अलेमा मंगलवार को बैंक गई थी। उसके बाद रात में अपने मामा के घर से आकर उसने फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। दूसरी ओर, घटना की सूचना मिलते ही फांसीदेवा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया। घटना से इलाके में मातम छाया है। पुलिस पूरी घटना की जांच कर रही है।

# भाजपा नेता पीयूष राय ने की सीएम योगी से मुलाकात, कई मुद्दों पर हुई बात

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद विधानसभा क्षेत्र की तमाम जनसमस्याओं और विकास की योजनाओं को लेकर भाजपा नेता पीयूष राय ने प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की। इस दौरान पीयूष राय ने मंगई नदी से किसानों को होने वाली समस्याओं के निराकरण, बकाया वसूली के नाम पर बिजली विभाग के अफसरों और कर्मचारियों द्वारा नकारात्मक व्यवहार किये जाने आदि मसलों को सीएम के समक्ष रखा। साथ ही गोड़उर में बन रहे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का नामकरण महर्षि कश्यप के नाम पर करने की मांग की। सीएम योगी ने पीयूष राय की बातों और मांगों को सुनने के बाद सकारात्मक आश्वासन भी दिया है। इस दौरान जनपद की सियासी गतिविधियों की चर्चा भी की।

पूर्व भाजपा विधायक स्व0कृष्णानन्द राय के पुत्र पीयूष राय ने बताया कि मुहम्मदाबाद विधानसभा क्षेत्र की तमाम जनसमस्याओं और विकास योजनाओं को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात हुई है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या मंगई नदी से किसानों को होने वाली परेशानी है। जिसके कारण उनकी खेती पर बुरा असर पड़ता है। इस समस्या के निराकरण की मांग भी मुख्यमंत्री जी से की गई है। जिस पर उन्होंने तत्काल संबंधित मंत्रालय से वार्ता करते हुए उचित निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्वीकृत गोड़उर गांव मे स्वीकृत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जिसका निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, का नामकरण 'महर्षि कश्यप' के नाम पर किए जाने की मांग से सम्बंधित पत्र भी सौंपा है। पीयूष राय ने बताया कि इस दौरान क्षेत्र में बिजली विभाग के अफसरों और कर्मचारियों द्वारा बकाया वसूली के नाम पर किसानों और अन्य विद्युत उपभोक्ताओं के साथ किए जा रहे गलत व्यवहार की शिकायत भी की गई है। उन्होंने बताया कि सभी मांगों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सकारात्मक आश्वासन दिया है।



# एमएलसी चंचल सिंह के हाथों उपकरण पाकर दिव्यांगों के खिल उठे चेहरे

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी नरेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 द्वारा संचालित योजना कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजनान्तर्गत बुधवार को विकास खण्ड देवकली परिसर में दिव्यांगजनों के मध्य कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नरेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विशाल सिंह 'चंचल' सदस्य विधान परिषद द्वारा कुल 96 ट्राइसाईकिल, 3 व्हीलचेयर, 4 अन्ध छड़ी एवं 1 कान की मशीन का वितरण किया गया। इस दौरान उपरोक्त के अतिरिक्त कन्या जन्मोत्सव एवं राष्ट्रीय पोषण अभियान का भी कार्यक्रम किया गया। उक्त कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख देवकली माधुरी यादव, ब्लाक प्रमुख विकास खण्ड सैदपुर हीरा यादव, उपजिलाधिकारी सैदपुर, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी देवकली के अतिरिक्त अन्य उपस्थित रहे।



# मोटंगा गांव में आयोजित भागवत कथा में उमड़ रही भीड़

***किशोरी जी ने श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं का किया बखान***

**दैनिक समाज जागरण ब्रजेश राठौर पंजवारा/बांका**

रणगांव पंचायत के मोटांगा गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह में वृंदावन से आई कथा व्यास किशोरी रितु शर्मा जी के श्रीमुख से श्रद्धालु कथा अमृत का रसपान कर रहे हैं।बुधवार को कथा के पांचवें दिन प्रातः कालीन सत्र में किशोरी जी ने भगवान श्री कृष्ण के बाल लीलाओं का ब्रज भाषा में बखान किया। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के जन्म से आगे की बाल लीलाओं से जुड़ी कथाओं का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। इस संगीतमय भागवत के दौरान एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु मुग्ध हो रहे हैं। भागवत कथा के दौरान मोटंगा,रणगांव, सरवा, पड़रिया,सीताचक, पैर,पसहना आदि गांवों के श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए प्रवचन पंडाल में पहुंच रहे हैं। कथा का आयोजन रोजाना दो पालियों में हो रहा है। कथा का समापन शनिवार सुबह हवन के साथ होगा। आयोजन को लेकर कथा यजमान अरविंद मांझी, गौतम पंजियारा,पैक्स अध्यक्ष इंदु आनंद,ग्रामीण संजय मांझी, विनोद आलोक,अनिकेत सुमन, कौशल किशोर मांझी ,राजेश्वर महतो, रंजन कुमार ,विवेक कुमार सुभाष कुमार ,ज्ञान प्रकाश सहित दर्जनों ग्रामीण सक्रिय हैं।



## वाहन जाँच टीम ने वसूला पाँच हजार रुपये का जुमार्ना

**दैनिक समाज जागरण ब्रजेश राठौरपंजवारा/बांका***

यातायात पुलिस बांका की टीम ने बुधवार को पंजवारा थाना क्षेत्र अंर्तगत मुख्य मार्गों पर सघन वाहन जाँच अभियान चलाया। इस दौरान पंजवारा गोड्डा मुख्य मार्ग पर लीला बाबा स्थान, विक्रमपुर मोड़ सहित अन्य स्थानों पर दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों की हेलमेट ,सीट बेल्ट ,ड्राइविंग लाइसेंस ,वाहन के कागजात की आदि की सघन जांच की गई ।इस दौरान यातायात के नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वाले पाँच वाहन चालकों से कुल पाँच हजार रुपये जुमार्ना वसूला।अभियान का नेतृत्व एएसआई विनय कुमार सिंह सिंह ने किया।

## दस लीटर देसी शराब के साथ तस्कर एवं शराबी गिरफ्तार।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया।** सुईया पुलिस ने मंगलवार को थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव से दस लीटर देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। इस दौरान गिरफ्तार तस्कर कैलू मुर्मू के पुत्र जीबलाल मुर्मू को दस लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर द्वारा गांव में शराब बनाने एवं बेचने का तस्कर करता था। वहीं भदरिया गांव के शराबी सुरेश यादव के पुत्र रोहित कुमार, मुचो यादव के पुत्र मुकेश यादव, कटोरिया थाना अंतर्गत अशोक मंडल के पुत्र टिंकू मंडल, ब्रह्मदेव शाह के पुत्र मनोज कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने तस्कर एवं शराबी को न्यायिक हिरासत के लिए कोर्ट भेज दिया।

# अवैध रूप से लकड़ी लदा ट्रैक्टर जप्त

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया।**

गुप्त सूचना के आधार पर कटोरिया वन अधिकारी ने भोरसार जंगले से ट्रैक्टर पर ले जा रहे सखुआ के लकड़ी को जप्त कर लिया। घटना बुधवार की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कलोथर जंगले से सखुआ की लकड़ी को अवैध तरीके से लौटकर चालक द्वारा ले जा रहा था । वन अधिकारी को कुछ सूचना मिलते ही जब घटनास्थल पर पहुंचा तो गाड़ी चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया।। चालक को भागते देख वन अधिकारी ने कुछ दिन पीछा किया लेकिन जंगल का लाभ लेकर चालक फरार हो गया। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर कागीसार गांव के मनोज यादव का बताया गया। रेंजर ने गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर वन विभाग परिसर लाया। जिसमें ट्रैक्टर पर लदा सखुआ की लकड़ी 55 पीस शामिल है। वन विभाग द्वारा गाड़ी मालिक व अज्ञात चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया।कलोथर जंगल के समीप बुधवार को एक ट्रैक्टर पर वन विभाग का सखुआ पेड़ की लकड़ी लदा रेंजर गाड़ी को देखते ही गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। रेंजर को सूचना मिली थी कि लकड़ियों से लदा एक ट्रैक्टर वाहन आ रहा है। इसके बाद रेंजर सह फारेस्टर सियाशरण सिंह, प्रशिक्षु रेंजर आशीष कुमार सिंह ने फारेस्ट गार्ड के साथ गश्ती के लिए पहुंचे तो वाहन चालक वन विभाग की टीम को देख गाड़ी छोड़कर भागने लगा, इसके बाद चालक का पीछा किया गया। चालक जंगल का लाभ उठाते हुये भागने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर कागीसार गांव के मनोज यादव का बताया गया। रेंजर ने गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर वन विभाग परिसर लाया। जिसमें ट्रैक्टर पर लदा सखुआ की लकड़ी 55 पीस शामिल है। वन विभाग द्वारा गाड़ी मालिक व अज्ञात चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया।



## पुलिस ने 10 पेटी अवैध विदेशी शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार, तस्करी में प्रयुक्त वाहन भी जप्त

**दैनिक समाज जागरण निज संवाददाता बौंसी।**

बौंसी/बांकाः- बौंसी पुलिस ने बौंसी थाना क्षेत्र के सांझोतरी समीप से 10 पेटी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि, गुप्त सूचना मिली थी कि, शराब की तस्करी की जा रही है। जिसके बाद एसआई पंकज किशोर, अनिरुद्ध कुमार, ज्योति कुमारी,एसआई उपेंद्र तिवारी सहित पुलिस बल को छापेमारी के लिए लगाया गया। छापेमारी के दौरान सांझोतरी समीप एक कार दुमका की तरफ से आ रही थी। जिसे रुकने का इशारा दिया गया। रुकने पर जब वाहन की तलाशी ली गई तो, वाहन से 10 पेटी में 134.28 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब के साथ शराब तस्कर को गिरफ्तार कर वाहन को जप्त कर लिया है। गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान मधेपुरा जिला के कुमारखंड थाना अंतर्गत रानीपट्टी गांव निवासी कृष्ण प्रसाद यादव के पुत्र रूपेश कुमार के रूप में हुई है। कड़ाई से पूछताछ करने पर शराब तस्कर ने बताया कि, वह दुमका से शराब लेकर मधेपुरा जा रहा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



# परमेश्वर लाल खेमका सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नवीन सत्र 2023 -24 का किया गया शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण।**
**निज संवाददाता बौंसीह**

बौंसी/बांकाः- बौंसी प्रखंड स्थित परमेश्वर लाल खेमका सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बुधवार को नवीन सत्र 2023 -24 का शुभारंभ हुआ। प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ,कक्षा अरुण तथा उदय के भैया-बहनों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर वंदना की गई। प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने कहा कि हमें अपने भैया-बहनों को संस्कारयुक्त शिक्षा देने की आवश्यकता है और इसके लिए विद्यालय के साथ-साथ उनके अभिभावक का भी यह दायित्व बनता है। उन्होंने कहा समय पालन सफलता की पहली सीढ़ी है। तत्पश्चात मंत्रोच्चारण के साथ हवन हुआ। भैया-बहनों,आचार्य एवं आचार्या तथा अभिभावकों ने हवन में आहुति दी। हवन के पश्चात प्रसाद वितरण हुआ। कार्यक्रम प्रमुख रानी मिश्रा तथा सह प्रमुख विवेकानंद झा के द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया।



# दुसरे क्वार्टरफाइनल में बी बी वॉरियर्स ने मधुरमति क्रिकेट क्लब को किया पराजित

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो उमाकांत साह**

बाँका:बाँका जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में खेले जा रहे आर एम के स्कूल बांका मैदान पर आयोजित डायनामिक कृषांग क्रिकेट चैम्पियनशिप सीजन-3 के दुसरे क्वार्टरफाइनल मैच में बुधवार को बी बी वॉरियर्स ने मधुरमति क्रिकेट टीम को 18 रन से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बी बी वॉरियर्स टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 20 ओवर में 125 रन बनाया। वॉरियर्स के बल्लेबाज गुड्डु ने सबसे अधिक 30 रन बनाया। जबावी पाली खेलने को उतरी मधुरमति क्रिकेट टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 107 रन ही बना सका और वह 18 रन से मैच हार गया। बी बी वॉरियर्स के गुड्डु को 4 ओवर में 7 रन देकर 1विकेट और 25 गेंद पर 4 चौका और 1 छक्का की मदद से 30, रन, बनाने के कारण उसे के पी चौहान द्वारा मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नबाजा गया। इस मैच में संयोजक कन्हैया प्रसाद चौहान ने उसे शील्ड देकर पुरस्कृत किए। इस अवसर पर अंपायर द्वय रंजीत कुमार राय और मो सरफराज,स्कोरर मदन कुमार सहित चंदन कुमार ,शिवनारायण झा, गौरव किशोर झा ,संजय कुमार मिश्र, अशोक मोदी नीरज,चंदन चौधरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



# अनुमंडल पदाधिकारी ने कटोरिया के राजेंद्र केसरी को अनुज्ञप्ति किया रद्द।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया।**

बांका के अनुमंडल पदाधिकारी डॉ प्रीति ने अनियमितता को लेकर कटोरिया बाजार के जन वितरण प्रणाली के विक्रेता राजेंद्र केसरी का अनुज्ञप्ति को रद्द कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार अनियमितता की शिकायत पर अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर कटोरिया प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा टीम गठित कर कुछ माह पहले दुकान का जांच किया था, जिसमें स्टॉक में गड़बड़ी एवं हेराफेरी का मामला उजागर हुआ था। जिसकी रिपोर्ट अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपी गई थी। इसी के आधार पर अनुमंडल पदाधिकारी ने बुधवार को कटोरिया के जन वितरण प्रणाली के विक्रेता राजेंद्र केसरी का अनुज्ञप्ति को रद्द कर दिया।

बता दें कि पूर्व में भी राजेंद्र केसरी को कार्य प्रणाली में सुधार के लिए मौका दिया गया था। इसके बावजूद भी उनके द्वारा कार्य प्रणाली में कोई सुधार नहीं किया गया । अनियमितता को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी बांका ने राजेंद्र केसरी का अनुज्ञप्ति को रद्द कर दिया।

इस संबंध में कटोरिया के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संदीप बरनवाल ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा राजेंद्र केसरी का अनुज्ञप्ति रद्द कर दिया गया है।

# अमरपुर पुलिस को मिली कामयाबी लूट कांड का उद्भेदन कर बाइक समेत चार आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो उमाकांत साह**

बांका/अमरपुरः बांका जिले इस बांका पुलिस को लगातार कामयाबी हासिल हो रही है। दो दिन पूर्व बांका जिला शम्भूगंज थाना क्षेत्र से एक मीनी गण फैक्टरी को उद्भेदन कर भारी मात्रा अर्धनिर्मित हथियार बरामद कर में सफलता हासिल किया था कि बुधवार को अमरपुर थाना पुलिस ने लुट कांड में सामिल चार आरोपी को गिरफ्तार करने सफलता हासिल किया है। जानकारी के अनुसार अमरपुर थाना क्षेत्र के इंगलीशमोड़ बांका मुख्यमार्ग के कुंडापूल के समीप एक पखवाड़ा पूर्व अज्ञात अपराधियों ने रतनपुर निवासी का नकदी, मोबाइल एवं मोटरसाइकिल लूट की घटना को अंजाम दिया गया था।जिसका अमरपुर थानाध्यक्ष बिनोद कुमार के नेतृत्व में बुधवार को उद्भेदन करते हुए चार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं इस मामले में एसडीपीओ बिपिन बिहारी ने बताया कि अमरपुर थाना क्षेत्र के रतनपुर निवासी रामानंद पंडित का कुंडापूल के समीप अज्ञात अपराधियों द्वारा एक मोटरसाइकिल,पंद्रह सौ नगद, एवं मोबाइल लूट लिया था।जिसकी लिखीत आवेदन रामानंद पंडित ने 27 मार्च को दिया था। थाना में मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी गई थी। जिसके आलोक में बुधवार को पुलिस ने चार आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त रिपु कुमार पिता वकील यादव, सुजीत कुमार, पिता महेश्वरी यादव, ग्राम जनकपुर, विलास कुमार, पिता अनुपलाल पासवान, पवन कुमार उर्फ साहिल, पिता शंकर पासवान,ग्राम खंजरपुर सभी सभी अमरपुर थाना क्षेत्र के है। गिरफ्तार अप्राथमिकी अभियुक्त ने पुलिस के सामने अपने अपराध की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार किया है। साथ ही पुलिस ने गिरफ्तार अप्राथमिकी अभियुक्त की अपराधिक कुंडली खंगालने में जुटी है।



# जाति आधारीत द्वितीय चरण के प्रशिक्षण के पहले दिन छ पंचायतो प्रगणको पर्यवेक्षक का एक दिवसीय प्रशिक्षण

**दैनिक समाज जागरण**

बनियापुर (सारण)बनियापुर मे जाति आधारित गणना 2022 के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण छ पंचायतो के पर्यवेक्षकों प्रगणको के बिच शुरू कर दिया गया ।जिस प्रशिक्षण मे बनियापुर भिट्ठी सहाबुद्दीन गोवा पिपरपाती भुसाव धनगरहा धवरी पंचायत के कुल 140 प्रतिभागी शामिल हो रहे है प्रशिक्षण 5 अप्रैल से 11अप्रैल तक प्रखंड के श्री कृष्ण मेमोरिय्ल सभागार शिक्षक सदन तथा जनगणना कार्यालय मे पंचायतवार प्रशिक्षण चलाया जा रहा है ।जिसमे सभी प्रशिक्षण केन्द्रो पर फिल्ड ट्रेनरो द्वारा सतरह बिन्दुओ पर पूछे जाने वाले प्रश्नों को विस्तार से खुलासे के साथ विस्तार पूर्वक जानकारी दी जा रही है ।ताकि उन्हे आने कार्य क्षेत्र ने किसी प्रकार की उहापोह की स्थिति न रहे ।वही प्रांगनको को ऑनलाइन प्रपत्र को भरने ,सबमिट करने सहित सभी प्रकार की तकनीकी जानकारी प्रशिक्षण शिविर मे दिया गया ।मौके पर बी पी आर ओ तरुण कुमार,प्रमोद कुमार पंडित शैलेन्द्र पाण्डेय आबिद हुसैन गुलाम अब्बास निर्भय कुमार आदि कुशल फिल्ड ट्रेनरो के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।जिसके लिए कोषांग का गठन कर उचित व्यवस्था मे प्रशिक्षण का कार्य चल रहा है।



# शिक्षक के असामयिक निधन पर स्वजनों सहित शिक्षकों मे शोक

**दैनिक समाज जागरण**

बनियापुर (सारण) प्रखंड के मध्य विद्यालय रामधनाव के नियोजित शिक्षक का इलाज के क्रम मे पटना मे मौत हो गयी है ।जिससे मृत शिक्षक के परिजनों सहित शिक्षक छात्रों मे शोक की लहर दौड़ गयी है।

बताते चले की मृत शिक्षक हारून रसीद महुली मस्जिद टोला निवासी का नियोजन 2012 मे मध्य विद्यालय राम धनाव मे हुई थी ।जिस शिक्षक के कार्य कुशलता और कुशल व्यवहार से कम समय मे छात्रों और शिक्षक समाज मे घनिष्ट पैठ बना लिए थे जिससे लोग मर्माहत है ।मृतक के पत्नी एक बेटा बेटी है ।जिनका सहारा इस दुनिया मे नही रहा ।जहा मौके परिवर्तनकारी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह डी डी ओ मोहम्मद जलालुद्दीन आसमोहम्मद विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह पूर्व प्रधानाध्यापक सुरेश पाण्डेय अनिल मिश्र चंद्रशेखर सिंह इमरान खान नरेन्द्र राय मिना कुमारी प्रमिला देवी रमेश राम आदि शिक्षकों ने कुशल शिक्षक बताते मृत शिक्षक को दक्ष कुशल,कर्तव्यनिष्ट बताया ।वही उनके असामयिक निधन पर प्रखंड के विद्यालयों मे शोक सभा का आयोजन किया गया।



# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 मई को

अनूपपुर 5 अप्रैल 2023/ राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निदेर्शानुसार 13 मई 2023 को जिला मुख्यालय अनूपपुर एवं तहसील कोतमा तथा राजेन्द्रग्राम की सिविल कोर्ट में नेषनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए एवं अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण राजीनामा के आधार पर किए जाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री एस.एस. परमार के निदेर्शानुसार जिला अधिवक्ता संघ के कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री विवेक शुक्ला, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री दिलावर सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री संतोष सिंह परिहार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित थे।

बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री विवेक शुक्ला द्वारा अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण कराने एवं पक्षकारों को लोक अदालत के लाभ से अवगत कराकर उन्हें जागरूक करने की बात कही गई। उल्लेखनीय है कि लोक अदालत में राजीनामा योग्य दाण्डिक प्रकरण, चेक अनादरण धारा 138 से संबंधित प्रकरण, बैंक वसूली प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद, भूमि

# रामचंद्र शर्मा मतलोढा प्रधान और जोगा शर्मा गुराना महासचिव तथा पवन शर्मा बने कोषाध्यक्ष

हिसार (मुनीश सलूजा) : ब्राह्मण सभा बरवाला की कार्यकारिणी बैठक टोहाना मार्ग पर स्थित ब्राह्मण धर्मशाला बरवाला के प्रांगण में पूर्व प्रधान व संरक्षक अरविंद शर्मा व मनु राम शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में समाज के लिए नए कार्यों एवं समाज में फैली हुई बुराइयों को खत्म करने पर विचार विमर्श किया गया। ब्राह्मण धर्मशाला बरवाला में रिपेयरिंग और वाइट वास कार्य करवाने के लिए कमेटी गठित की गई सभा के नवनियुक्त महासचिव जोगा शर्मा गुराना वाले ने बताया कि इस बैठक में सर्वसम्मति से ब्राह्मण सभा की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया जिसमें रामचंद्र शर्मा मतलोड़ा को प्रधान और जोगा शर्मा गुराना वाले को महासचिव तथा पवन शर्मा को कोषाध्यक्ष आगामी तीन वर्षों के लिए सभी की सहमति से चुना गया। इन नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि उन्हें जो पद सौंपा गया है वो उस पद की जिम्मेवारियों पर खरा उतरेंगे ब्राह्मण सभा से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत का मौका नहीं आने दिया जाएगो इस अवसर पर पूर्व प्रधान अरविंद शर्मा, पूर्व प्रधान रामअवतार शर्मा ,ईश्वर शर्मा पंघाल, शिव कुमार कौशिक, दिनेश शर्मा, मास्टर सुरेश शर्मा, मास्टर रोहताश शास्त्री, मास्टर रामचंद्र शर्मा, रमन शर्मा खेदड़, मास्टर रमेश कनोह, सुरेश किरोड़ी, त्रिलोक चंद शर्मा, मनजीत शर्मा, द्वारका शर्मा खरक पुनिया ,डॉ नरेश गोरखपुरिया, महेश शर्मा, टेकचंद मुद्गल व डॉ राम कुमार शर्मा समेत समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए- कलेक्टर

***लाडली बहना पंजीयन, सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, समाधान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने टीएल बैठक में दिए निर्देश***

अनूपपुर 5 अप्रैल 2023/ कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित टीएल बैठक में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के पंजीयन तथा ई-केवाईसी की गहन समीक्षा करते हुए पंजीयन और ई-केवाईसी के बीच गैप ना रहे इसे ध्यान रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए कलेक्टर ने पोर्टल पर प्रदर्शित आंकड़ों की स्थिति के आधार पर जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों से समीक्षा करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया गया टीएल बैठक में कलेक्टर ने जिले के विद्यालयों तथा खेल मैदानों की बाउंड्री वॉल के संबंध में निर्देश दिए गए बैठक में ग्रामीण आजीविका स्व सहायता समूह के द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं के गणवेश सिलाई के कार्यो की भी समीक्षा की गई इस संबंध में आजीविका मिशन के अधिकारी ने बताया कि 70 स्व सहायता समूह के द्वारा 15 केंद्रों में गणवेश सिलाई का कार्य जिले में किया जा रहा है बैठक में प्रधानमंत्री आवास शहरी की समीक्षा के करते हुए कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ट ने नगरीय निकायों के अधिकारियों को आवास के लक्ष्य, आवास समर्पण तथा अटैचमेंट के डाटा को मैच होने के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि का अंतरण संबंधित हितग्राहियों के खाते में तत्काल सुनिश्चित किया जाए बैठक में राजस्व ग्रामों के ड्रोन सर्वे ,स्वामित्व योजना, संबल पंजीयन ,आईटीआई के द्वारा आयोजित किए जाने वाले प्लेसमेंट कैंप, समाधान ऑनलाइन, जनसुनवाई आदि के संबंध में बिंदुवार चर्चा करते हुए समीक्षा की गई तथा सर्व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के संबंध में कलेक्टर ने सर्व संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के निराकरण में तत्परता बरतने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि समय सीमा बाहय प्रकरणों की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध प्रावधान के अनुसार जुमार्ने की कार्रवाई की जाएगी बैठक में अंतर विभागीय विषयक चर्चा भी अधिकारियों द्वारा की गई

अनूपपुर में खुलेगी स्मार्ट डेयरी

सांची दुग्ध संस्थान द्वारा जिला मुख्यालय अनूपपुर में स्मार्ट डेयरी मिल्क पार्लर के लिए स्थान उपलब्ध कराने की मांग जिला प्रशासन से की गई थी जिसका कलेक्टर की पहल पर निराकरण कर दिया गया है स्मार्ट डेयरी के लिए सामतपुर तालाब के कॉर्नर में स्थान निर्धारित किया गया है शीघ्र ही इस स्थान पर स्मार्ट डेयरी का कार्य प्रारंभ होगा

अतिक्रमण को चिन्हित कर हटाने की कार्रवाई हो

टीएल बैठक में कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने जिले भर में अतिक्रमण का चिन्हांकन करते हुए उसे हटाए जाने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए कलेक्टर ने पवित्र नगरी अमरकंटक तथा जिला मुख्यालय के उत्कृष्ट विद्यालय परिसर की बाउंड्री वॉल से लगे स्थान पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई के निर्देश दिए

अमरकंटक में नया पक्का निर्माण नहीं होगा

जिले की पवित्र नगरी अमरकंटक में किसी तरह का नया पक्का निर्माण नहीं हो इसके लिए कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने अधिकारियों को ताकीद किया है उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा नए पक्के निर्माण कार्य को प्रतिबंधित किया गया है जिसके पालन में अमरकंटक क्षेत्र में नया निर्माण कहीं पर किया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाए

मीट मार्केट को शिफ्ट करने के निर्देश

अनूपपुर स्थित सब्जी बाजार के निकट लगने वाले मीट मार्केट को नगर पालिका द्वारा बनाए नए मीट मार्केट में शिफ्ट करने के निर्देश टीएल बैठक में कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ द्वारा एसडीएम तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिए गए उन्होंने कहा कि नवीन मीट मार्केट के आवश्यक निर्माण कार्य को शिफ्टिंग के पश्चात करा लिया जाए

अमरकंटक उप तहसील कार्यालय को प्रारंभ करने के निर्देश

पवित्र नगरी अमरकंटक में बनाए गए नवीन उप तहसील भवन कार्यालय को प्रारंभ करने के संबंध में कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ द्वारा निर्देश दिए गए उन्होंने कहा कि साप्ताहिक बैठक व्यवस्था के अनुरूप कार्यालय को प्रारंभ कराया जाए

## बीपीएससी सेलेक्टेड टीचर्स फोरम ने दी डॉ.संजीव कुमार सिंह को जीत पर बधाई



मधेपुरा। बीपीएससी सेलेक्टेड टीचर्स फोरम ने डॉ. संजीव कुमार सिंह को कोसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से लगातार चौथी बार जीत दर्ज करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। फोरम के महासचिव डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा है कि डॉ. सिंह हमेशा शिक्षा एवं शिक्षक के हितों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रतिबद्ध रहे हैं। आशा है कि आगे और भी नई उर्जा एवं मजबूती के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मांग की है कि डॉ. सिंह को मंत्रीमंडल में भी कोई अहम जिम्मेदारी दी जाए।

## एडीजे धीरेन्द्र कुमार ने राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैंक पदाधिकारियों से की वातार्लाप

### राष्ट्रीय लोक अदालत की अपार सफलता को लेकर हुई बैठक

अररिया। समाज जागरण

बुधवार को व्यवहार न्यायालय अररिया के एडीजे सह डीएलएसए सेक्रेटरी धीरेन्द्र कुमार के प्रकोष्ठ मे उनकी अध्यक्षता में जिले के संचालित सभी बैंक पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया।यह बैठक राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पटना के निर्देश के आलोक में किया गया।

बैठक में उपस्थित बैंक पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए एडीजे सह



डीएलएसए सेक्रेटरी धीरेन्द्र कुमार ने कहा कि इसबार अधिक से अधिक बैंक के मामलों को निष्पादन की दिशा में कार्य करते हुए बैंक ऋणियों को अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। वही कई बिंदुओं पर बैंक पदाधिकारियो से विचार विमर्श कर सुझाव भी दिये।

एडीजे सह डीएलएसए सेक्रेटरी धीरेन्द्र कुमार ने उपस्थित सभी बैंक पदाधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी बैंक अपने-अपने बैंकों से जुड़े एनपीए मामलों की सूची यथाशीघ्र डीएलएसए कार्यालय में समर्पित करें ताकि अधिक से अधिक बैंक ऋणियों से बातचीत कर मामलों का निपटारा किया जा सके।

**उपस्थित बैंक पदाधिकारियो ने**

एडीजे सह डीएलएसए सेक्रेटरी धीरेन्द्र कुमार को जानकारी दिया कि एनपीए मामलों में पक्षकारों को त्वरित रूप से सूचित किया जा चुका है।एडीजे सह डीएलएसए सेक्रेटरी धीरेन्द्र कुमार ने उपस्थित बैंक पदाधिकारियो से कहा कि पूर्व के राष्ट्रीय लोक अदालत में भी बैंक से संबंधित मामलों का निष्पादन तत्परता साथ किया जाता रहा है. इस बार भी अधिक से अधिक बैंकों के मामलों को निष्पादित करने का लक्ष्य रखा गया है।

इस बैठक में एसबीआई, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, केनरा बैंक, डीसीसीबी, यूबीजीबी, बैंक ऑफ महाराष्ट्रा, यूको बैंक आदि के शाखा प्रबंधक/पदाधिकारीगण के अलावा डीएलएसए के नीरज कुमार झा, शेखर कुमार आदि मौजूद दिखे।

## महागठबंधन प्रत्याशी डा.संजीव कुमार सिंह की जीत पर शिक्षाविद व जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई

### *डा. संजीव कुमार सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी योगेंद्र महतो को 1550 मतों से मात दी*

समाज जागरण

मधेपुरा। कोसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से लगातार चौथी बार जीत दर्ज करने पर महागठबंधन के प्रत्याशी डा.संजीव कुमार सिंह की ऐतिहासिक जीत पर श्री कृष्णा विश्वविद्यालय उदाकिशुनगंज के संस्थापक सह यू भी के कॉलेज करामा के प्रधानाचार्य डा. माधवेन्द्र झा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि डा. संजीव कुमार सिंह विधान परिषद सदस्य एक लौह पुरुष, शालीनता के प्रतीक, संघर्षशील व्यक्तित्व के प्रतीक हैं ।डॉ. सिंह हमेशा



शिक्षा एवं शिक्षक के हितों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रतिबद्ध रहे हैं। आशा है कि आगे और भी नई उर्जा एवं मजबूती के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मांग की है कि डॉ. सिंह को मंत्रीमंडल में भी कोई अहम जिम्मेदारी दी जाए।

बता दें कि बिहार में एमएलसी चुनाव में कोसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जदयू के संजीव कुमार सिंह लगातार चौथी बार जीत दर्ज कर विधान परिषद पहुंचे हैं। डा. संजीव कुमार सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी योगेंद्र महतो को 7550 मतों से मात दी है। इससे पहले इस सीट पर उनके पिता डॉ शारदा प्रसाद सिंह 1974 से लगातार विधान पार्षद थे । 2008 में ही निधन के बाद से ही संजीव ने इस सीट पर अपनी पारंपरिक जीत बरकरार रखी है।

इधर उनकी शानदार जीत पर बधाई देने वालों में माननीय सांसद दिनेश चंद्र यादव ,माननीय विधायक नरेंद्र नारायण यादव विधान परिषद सदस्य डॉ.अजय कुमार सिंह , पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना, बी एन एम भी कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. अरविंद कुमार, मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा के प्रधानाचार्य डा. अशोक कुमार, शिक्षक नेता प्रो. रंजन ठाकुर, प्रो. मनोज भटनागर,इंटक जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह,जिला अध्यक्ष किसान एवं सहकारिता सुमन कुमार सिंह, प्रोफेसर विजेंद्र नारायण यादव प्रोफेसर सत्यजीत , प्राचार्य रविंद्र कुमार रमन, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश सिंह, हाजी अब्दुस सत्तार ,शिक्षक मुकेश कुमार,साकेत कुमार सिंह, रोशन कुमार ,पप्पू झा ,सुधीर यादव सौरभ झा सौरभ सिंह हैं। इन लोगों ने कहा कि जन सरोकार के मुद्दे को अपने पिता स्वर्गीय शारदा सिंह की तरह ये विधान परिषद में उठाते रहते हैं और रहेंगे।

## मानिकपुर में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन कल, तयारी जोरों पर: डा.अशोक यादव

### दावते इफ्तार में हिंदू मुस्लिम एकता की मिलेगी झलक

फुलकाहा । भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता सह भारत नेपाल सीमा के चर्चित लकवा रोग विशेषज्ञ समाजसेवी डा. अशोक यादव द्वारा अपने अवतरण स्थली मानिकपुर फॉर्म हाऊस पर अन्य वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य दावत-ए-इफ्तार का आयोजन रखा है। इफ्तार पार्टी में हिंदू मुस्लिम एकता झलक यहां दिखाई देती है। कार्यक्रम को लेकर भव्य पंडाल बनाया जा रहा है। इफ्तार के लिए बंगाल एवम नेपाल से कारीगर को बुलाया गया है। इस बाबत डा. अशोक बाबू ने बताया कि दावते इफ्तार में क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं रोजेदार के अलावा पार्टी कार्यकर्ता एवम फ्रेंड्स ऑफ अशोक की टीम शामिल शामिल होंगे। पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में मित्र, कुटुम्ब एवम रोजेदार शिरकत करेंगे।दावते इफ्तार में हिंदू मुस्लिम एकता और आपसी भाईचारगी की झलक मिलेगी।

उन्होंने कहा कि रमजान में दावते इफ्तार के परंपरा से आपसी वैमनस्यता,कटुता समाप्त होती है।

# मनोविज्ञान की उपयोगिता विश्वव्यापी : प्रो. रहमान

मधेपुरा। मनोविज्ञान की मानव जीवन में महती उपयोगिता है। हमारे परिवार, समाज, राष्ट्र एवं संपूर्ण विश्व के लिए मनोविज्ञान उपयोगी है। इसकी उपयोगिता विश्वव्यापी है।

यह बात विश्वविद्यालय मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. एम. आई. रहमान ने कही। वे बुधवार को समाज में मनोविज्ञान की उपयोगिता विषयक सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग, ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के तत्वावधान में किया गया।

प्रो. रहमान ने कहा कि मनोविज्ञान मानव को बेहतर ढंग से समझने का विज्ञान है और इस रूप में यह प्राकृतिक विज्ञानों से श्रेष्ठ है। आज मनोवैज्ञानिकों की भूमिका समाज के मार्गदर्शक के रूप में उभर कर सामने आ रही है। अतः हमारा लक्ष्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, अपितु दक्षता प्राप्त करना होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज का युग दक्षता का युग है, यदि हम विद्यार्थी जीवन में तपस्या करेंगे तो आगे हमारे लिए मीठे फल हैं। हमें पूर्णतः अपनी शिक्षा



प्राप्ति के लिए एक मजबूत इरादे की आवश्यकता है और यह तभी संभव है जब हम अध्ययन और अध्यापन में लीन रहेंगे। हमारे अंदर कौशल होगा तो नौकरी हमारे पास चल कर आएगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि मनोविज्ञान का लक्ष्य सभी मानवों का कल्याण है। आज सभी क्षेत्रों में मनोवैज्ञानिकों का मांग बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि मनोविज्ञान के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। इसमें कार्य करके हम आर्थिक लाभ भी कमा सकते हैं और एक जीवन जीवन भी जी सकते हैं।

असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आनंद कुमार सिंह ने कहा कि मनोविज्ञान मां गर्भ से लेकर मृत्युपरांत हमारे जीवन से जुड़ा हुआ है।

उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि सभी विद्यार्थी नियमित रूप से कक्षा में आएं और अपने कार्य एवं व्यवहार से महाविद्यालय का नाम रौशन करें।

कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. शंकर कुमार मिश्र ने की। धन्यवाद ज्ञापन अतिथि व्याख्याता डॉ. राकेश कुमार ने किया।

इस अवसर पर शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान, बबीता, श्वेता ,रिया राज, शिवानी, निभा, खुशबू ,प्रीति ,प्रीति प्रिया अनुपम, गणेश चंद्र सेन, नीतीश कुमार यादव ,निशा कुमारी, बेबी कुमारी अंकित कुमार, नेहा, संजना, सरस्वती सोनी ,आशीष, गुड़िया ,निधि, प्रेम शंकर, लवली ,बबली, रूपा, मंजेश, कुंदन कुमार एवं सावित्री आदि उपस्थित थे।

# पनोरमा ग्रुप को परेशान करने के मामले में नगर आयुक्त व जिलाधिकारी को कोर्ट से लगा करारा झटका

समाज जागरण

पटना/पूर्णियां । पनोरमा ग्रुप के लिए एक बहुत ही सुखद खबर हैं की नगर निगम व पूर्णियां जिलाधिकारी द्वारा पनोरमा ग्रुप के जिला स्कूल रोड स्थित चौथी मंजिल वाली बिल्डिंग मामले को लेकर नगर आयुक्त ने कुछ दिन पूर्व अवैध रूप



से निर्माण कहकर पनोरमा ग्रुप को नोटिश जारी किया था जिसको लेकर पटना उच्च न्यायलय में मामला लंबित चल रहा था इसी को लेकर अब इस मामले मे एक नया मोड़ सामने आ गया है। बुधवार को सुनवाई के दौरान पनोरमा ग्रुप की जिला स्कूल रोड वाली साईट पर बने मकान के चौथी मंजिल वाली बिल्डिंग मामले में पटना उच्च न्यायलय ने सुनवाई करते हुए पूर्णियां जिलाधिकारी व नगर आयुक्त दोनो को गुरूवार को सशरीर उच्च न्यायलय में सुबह 10 बजे उपस्थित होने को कहा है इससे जहां पनोरमा ग्रुप को इस मामले में बड़ी राहत मिली है वहीं पूर्णिया नगर आयुक्त व जिलाधिकारी को कोर्ट से करारा झटका लगा है।





साथ ही दोनो अधिकारी की मुश्किलें अब एक साथ बढ़ गई है। जिसको लेकर राजनीतिक गलियारे समेत उद्यमियों में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले को लेकर लोग अब कई तरह के कयास भी लगा रहे हैं

इधर मामले को लेकर पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा ने दूरभाष पर जानकारी देते

**जिला स्कूल रोड स्थित पनोरमा ग्रुप के चौथी मंजिल वाली बिल्डिंग मामले में पनोरमा ग्रुप को उच्च न्यायल से मिली राहत**

**पूर्णियां नगर निगम के आयुक्त व जिलाधिकारी ने कुछ दिन पूर्व पनोरमा ग्रुप को थमाया था नोटिश**

**गुरूवार को कोर्ट ने जिलाधिकारी व नगर आयुक्त दोनो को न्यायलय में सुबह 10 बजे सशरीर उपस्थित होने को कहा**

**अब जिलाधिकारी व नगर आयुक्त दोनो की बढ़ी मुश्किलें**

हुए बताया की हमें न्यायपालिका पर काफी उम्मीद व भरोसा था कि वे उचित फैसला करेंगे और हुआ भी । श्री मिश्रा ने कहा कि पनोरमा ग्रुप का मुख्य उदेश्य हीं है कि हर तबके के लोगो को उनके सपनों का आशियाना बनाकर देना। संजीव मिश्रा ने कहा की पनोरमा ग्रुप पिछले छः साल से रियल इस्टेट ,शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करते आ रहा है जिसका नतीजा है कि कोशी-सीमांचल के लोग अपना प्यार आशीर्वाद भी हमेशा से खूब देते आ रहे हैं।

## बी एन एम यू:ग्रामीण समाज के बदलते स्वरूप में समाजशास्त्र की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

मधेपुरा। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में ग्रामीण समाज के बदलते स्वरूप में समाजशास्त्र की भूमिका विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में वक्ताओं ने ग्रामीण समाज के स्वरूप और इसे समृद्ध बनाने में समाज शास्त्रियों के भूमिका पर अपनी राय



रखी। समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. राणा सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता और डॉ. विवेक प्रताप के संचालन में चले सेमिनार में रांची विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद सरकार द्वारा जितने भी पंचवर्षीय योजना का ग्राम विकास पर खर्च किए गए वह स्थाई रूप से दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संरचना में परिवार में बदलाव हुए हैं। नातेदारी व्यवस्था कमजोर हुआ है। पहले समरसता, समतामूलक और गांव के लोग सरल भाव से एक दूसरे की मदद करते थे। कोई वैमनस्यता नहीं होती थी। शादी त्योहार या किसी प्राकृतिक आपदा के समय सभी एक दूसरे का सहयोग किया करते थे, लेकिन अब उसमें थोड़ा बदलाव हुआ है। डॉ. सिंह ने कहा कि 75 प्रतिशत आबादी गांव में है। सरकार द्वारा सड़क, बिजली का विकास तो हुआ लेकिन यह ग्रामीण इलाके का संपूर्ण विकास नहीं माना जा सकता। उन्होंने बताया कि ग्रामीण इलाके में स्वास्थ्य सेवा के लिए अब भी लोगों को शहर पर निर्भर होना पड़ रहा है। गांव में शैक्षणिक व्यवस्था सुदृढ़ नहीं हुई है। सरकार की योजनाओं का प्रभाव विशेष रूप से नहीं दिख रहा है। ऐसे में समाजशास्त्री इसे शोध में उल्लेख कर समाज को जागृत जागरूक करें और सरकार को इस पर पहल करने का दबाव भी डालें। सेमिनार में समाजशास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ मनोरंजन प्रसाद, पूर्णिया विश्वविद्यालय के पॉलिटिकल साइंस के डॉ. देव नारायण यादव, डॉ. राजकुमार रजक, डॉ. मनीष कुमार, रोशन कुमार, सूरज कुमार, शुभम कुमार, बृजेश कुमार, धीरेंद्र कुमार, सुरेंद्र रजक, नमिता कुमारी, तृप्ति कुमारी, उपासना कुमारी, शिल्पी कुमारी, विभा कुमारी, पूजा कुमारी, स्नेहा, श्वेता सहित अन्य मौजूद थे।

ग्रामीण बदलाव में सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव पड़ेः राणा सुनील

बीएनएमयू के समाज शास्त्र विभाग में आयोजित सेमिनार में विभाग के अध्यक्ष डॉ राणा सुनील कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में बदलाव के सकारात्मक और नकारात्मक बातें भी आई हैं। उन्होंने बताया कि सकारात्मक बात यह है की ग्रामीण परिवेश में भी अंतरजातीय विवाह को बढ़ावा मिला है।

वर्ण व्यवस्था से जाति व्यवस्था और अब वर्ण व्यवस्था पर समाज आधारित होता दिख रहा है। दहेज प्रथा कम हो रहा है। स्त्रियों की शिक्षा बढ़ी है जिस कारण महिला सशक्त हुई हैं। दलित, पिछड़ा, वंचित, मजदूरों की स्थिति में सुधार हुआ है। जबकि इसके नकारात्मक बातें यह है कि मजदूरों के पलायन

## जागरूकता कैंसर से बचाव का महत्वपूर्ण जरिया है—सिविल सर्जन

### सदर अस्पताल में कैंसर स्क्रीनिंग सेवा का संचालन शुरू

अररिया । कैंसर रोग की पहचान के लिये सदर अस्पताल में ओपीडी सेवा का संचालन शुरू किया गया है। इसमें होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल व रिसर्च सेंटर मुजफ्फरपुर के चिकित्सक पदस्थापित किये गये हैं। ओपीडी सेवा का संचालन सोमवार से शनिवार तक सुबह 09 बजे 05 बजे तक संचालित है। इसमें मरीजों की स्क्रीनिंग व जांच के साथ-साथ जरूरी परामर्श संबंधी सेवा लोगों के लिये उपलब्ध है। ओपीडी




सेवा के सफल संचालन को लेकर जिलेवासियों को कैंसर के संभावित लक्षणों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

सदर अस्पताल में संचालित कैंसर ओपीडी सेवा में यूट्रस, गर्भाशय, ब्रेस्ट , माउथ कैंसर की स्क्रीनिंग का इंतजाम है। रोग से जुड़े किसी तरह के लक्षण पाये जाने पर रोगियों को जरूरी परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं संभावित मरीजों को पूर्णिया मेडिकल कॉलेज में बॉयोप्सी टेस्ट का सुझाव दिया जाता है। अस्पताल के ओपीडी में लैब सेवाओं के कमतर इस्तेमाल के साथ मरीजों की स्क्रीनिंग की सुविधा है।

सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि जागरूकता कैंसर से बचाव का महत्वपूर्ण जरिया है। रोग के लक्षणों के प्रति अगर लोग जागरूक होंगे तो शुरूआती दौर में ही रोग की पहचान कर इसका समुचित इलाज संभव हो सकेगा। सदर अस्पताल में संचालित कैंसर ओपीडी सेवाओं को उन्होंने महत्वपूर्ण बताया। सिविल सर्जन ने कहा कि इससे रोग का समय पर पता लगाना आसान होगा।

## कॉमर्स कॉलेज में हिंदी विभाग में चयनित कुमारी अनामिका ने प्रधानाचार्य डॉ.अरविन्द कुमार के समक्ष की योगदान

### प्रिंसिपल डा. कुमार ने योगदान स्वीकृत कर दिया बधाई व शुभकामनाएं

मधेपुरा। बी० एन० एम० भी० कॉलेज, साहुगढ़-मधेपुरा में बिहार राज्य वि०



वि०सेवा आयोग,पटना द्वारा हिंदी विभाग में चयनित कुमारी अनामिका ने अपना योगदान दिया कप्रधानाचार्य डॉ० अरविन्द कुमार ने उनके योगदान को स्वीकृति प्रदान करते हुए बधाई दी एवं उनसे साहित्य जगत में महाविद्यालय का नाम रोशन करने की आशा प्रकट की कपर्यवेक्षक डॉ० रमेश कुमार ने उनको बधाई देते हुए कहा कि हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक के रूप में छात्र-छात्राओं का कुशल मार्गदर्शन किया जायकइस अवसर पर डॉ० शेफालिका शेखर, डॉ० नारायण कुमार,डॉ० जयप्रकाश भगत, डॉ० निजामुद्दीन अहमद, डॉ० प्रियंका कुमारी, डॉ० प्रभाकर कुमार, डॉ० भूषण कुमार, डॉ०किशोर कुमार सिंह, प्रो०शोभानंद शंभू, मंजू कुमारी , डॉ०रविशंकर कुमार, प्रो०मीरा कुमारी,डॉ० मनोज कुमार, डॉ० विजय कुमार यादव, डा. रूद्र किंकर वर्मा,नवीन चन्द्र यादव, प्रधान सहायक गजेन्द्र कुमार, मुकेश कुमार दास, उत्तमलाल यादव, रोमन कुमार, राजेंद्र यादव,मनीष कुमार पी० टी० आई०, अरविन्द कुमार, अमित कुमार आदि उपस्थित थे क

# नेक एक्रिडेटेड कॉलेज की बनी पहचान, यू भी के कॉलेज कड़ामा ने रचा नया कीर्तिमान

### नई शिक्षा नीति के तहत नामांकन, परीक्षण, ग्रेड आधारित परीक्षाफल से छात्र छात्रा अभिभावक होंगे रू ब रू

**स्नातक प्रथम खण्ड में नामांकन हेतू 10अप्रैल को कार्यशाला**

आलमनगर (मधेपुरा)। समाज जागरण

यू भी के कालेज करामा आलमनगर, जिला मधेपुरा ने नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पूर्व उच्च शिक्षा में कदम रखने वाले छात्र/ छात्राओं के लिए आगामी 10 अप्रैल 2023को कार्यशाला आयोजित करने जा रही है। बताते चलें कि विगत सत्रों में जानकारी के अभाव में कम अंक प्राप्त छात्र भी इच्छित विषय में आवेदन कर देते हैं।महाविद्यालय वार सीट निर्धारित रहने के फलस्वरूप कम अंक वाले छात्र/ छात्रा नामांकन से वंचित रह जाते हैं। छात्र/ छात्राओं को आरक्षण की जानकारी नही रहने के फलस्वरूप विश्वविद्यालय एवम शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त लाभ से वे वंचित रह जाते हैं। महाविद्यालय नामांकन समिति की आज हई बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि गरीब एवम शैक्षिक रूप से पिछड़े उदाकिशुनगंज अनुमंडल के अंतरस्नातक उत्तीर्ण छात्र/ छात्राओं की सुविधा हेतू उदयनाचार्य विद्याकर कवि महाविधालय करामा में एक कार्यशाला आयोजित कर शिक्षक एवं छात्र/ छात्राओंमें उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न की जाय ताकि वंचित छात्र/ छात्रा ठगी का शिकार न हो।

नई शिक्षा नीति की दी जाएगी जानकारीः डा. माधवेंद्र झा

पटना विश्वविद्यालय एवम तिलका मांझी विश्वद्यालय भागलपुर में नई शिक्षा नीति के



आधार पर नामांकन की पूर्ण तैयारी है। संभव है, बिहार के समस्त परंपरागत विश्वविद्यालय वर्तमान सत्र से इसे लागू कर सकती है। नई शिक्षा नीति के तहत विषय चयन की कुछ स्वतंत्रता तो है ही, इसमें परीक्षण एवम परीक्षा फल प्रकाशन भी सेमेस्टर सिस्टम से ग्रेडिंग के साथ होना है। इस बाबत बैठक में अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा.माधवेंद्र झा ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत एक वर्ष पूरा करने पर भी उन्हें प्रमाण पत्र मिल सकता है। दो वर्ष, तीन वर्ष और चार वर्षों का भी कोर्स होगा जिसकी सम्यक जानकारी कार्यशाला में दी जानी है।

नेक अक्रिडेटेड कालेज की गुणवत्ता की दी जाएगी जानकारी

महाविद्यालय नामांकन समिति ने निर्णय लिया है कि कार्यशाला में नेक जो उच्च शिक्षा का मूल्यांकन हेतू निर्णायक संस्थान है कि समग्र जानकारी दी जाएगी। नेक अक्रिडेटेड कालेज में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय/ शिक्षा विभाग, पटना एवम भारत सरकार द्वारा भी विभिन्न प्रकार की सुविधा दी जानी है। नेक एक्रिडेटेड कालेज से उत्तीर्ण छात्र/ छात्राओं के प्रमाण पत्रों की वैद्यता अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिष्ठित है, जैसी की जानकारी चित्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना में कार्यशाला आयोजित कर नेक के परामर्शी अधिकारियों द्वारा दी गई है। महाविद्यालय के सक्षम आई टी सेल में छात्र/ छात्राओं को उत्कृष्ट सुविधा की जानकारी भी कार्यशाला में दी जाएगी। कार्यशाला में पूर्ववर्ती छात्र/ छात्राओं भी भाग लेकर अपने विचार साझा करेंगे। बैठक में प्रो शिव किशोर सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि शिव कुमार यादव, प्रो ओम प्रकाश, प्रो इंचार्ज शिवेंद्र आचार्य, डा शेखर झा, प्रो कुशेश्वर झा, प्रो संजय कुमार, प्रो बिजेंद्र झा, प्रो भगवान प्रसाद सिंह, कुमार चंद्र शेखर, कुमार राजीव रमण, रंजीत कुमार के अलावे नामांकन प्रभारी चंद्र शेखर मिश्रा एवम आई टी सेल के पदाधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

अभिभावकों एवम नवोदित छात्र/ छात्राओं में भी नामांकन के निमित कार्यशाला में भाग लेने हेतू उत्सुकता देखी जा रही है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यह अभिनव प्रयोग मिल का पत्थर सिद्ध होगा ऐसा मानना क्षेत्रीय प्रबुद्ध नागरिक का है। समिति के सदस्यों ने इच्छुक छात्र/छात्राओं एवम अभिभावकों को भी भाग लेने की अपील किया। इस कार्यशाला में नई शिक्षा नीति के तहत नामांकन, परीक्षण, ग्रेड आधारित परीक्षाफल से छात्र/ छात्रा रू ब रू होंगे।नेक एक्रिडेटेड कॉलेज के प्रमाण पत्रों की विशेषता की जानकारी दी जाएगी।नामांकन समिति का निर्णय शैक्षिक जगत के लिए सिद्ध होगा मिल का पत्थर।

अभिभावकों एवम छात्र छात्राओं में हर्ष का माहौल है।

# डा.संजीव कुमार सिंह की ऐतिहासिक जीत पर शिक्षाविद व जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई

### चौथी बार रिकॉर्ड मत से बने हैं संजीव बाबू एम एल सी

समाज जागरण

अररिया ।डा.संजीव कुमार सिंह महागठबंधन प्रत्याशी के कोसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से लगातार चौथी बार जीत दर्ज पर शिक्षाविद व जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई दिया है ।एम एल डी पी के वाई डिग्री कॉलेज तेजनारायण नगर अररिया के प्रधानाचार्य प्रो. इन्दु कुमार सिन्हा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि डा. संजीव कुमार सिंह विधान परिषद सदस्य एक लौह पुरुष, शालीनता के प्रतीक, संघर्षशील व्यक्तित्व के प्रतीक हैं ।डॉ. सिंह हमेशा शिक्षा एवं शिक्षक के हितों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रतिबद्ध रहे हैं। आशा है कि आगे और भी नई उर्जा एवं मजबूती के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मांग की है कि डॉ. सिंह को मंत्रीमंडल में भी कोई अहम जिम्मेदारी दी जाए। इधर के एन डिग्री कॉलेज बखरी कुसाकांटा के प्रधानाचार्य प्रो. त्रिलोक नाथ झा ने कहा कि बिहार में एमएलसी चुनाव में कोसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जदयू के संजीव कुमार सिंह लगातार चौथी बार जीत दर्ज कर विधान परिषद पहुंचे हैं। संजीव सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी योगेंद्र महतो को 7550 मतों से मात दी है। इससे पहले इस सीट पर उनके पिता डॉ शारदा प्रसाद सिंह 1974 से लगातार विधान पार्षद थे । 2008 में ही निधन के बाद



से ही संजीव ने इस सीट पर अपनी पारंपरिक जीत बरकरार रखी है। उनकी शानदार जीत पर बधाई देने वालों में सुमरित यमुना महिला डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. उपेंद्र प्रसाद यादव, वाई एन पी डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. अशोक कुमार आलोक, वाई एन पी इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल डा. पंकज कुमार देव, के एन इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. गोलोक नाथ झा, डेहटी कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. शगुफ्ता अजीम, नेता रंजन ठाकुर आदि शामिल हैं।

## पी.बी.वर्ल्ड स्कूल मधेपुरा का पांचवां वार्षिक स्थापना दिवस आज

समाज जागरण

मधेपुरा। बुच्ची मेंही सलुखमन पुलकित ट्रस्ट के द्वारा पी.बी. वर्ल्ड स्कूल का पांचवां स्थापना दिवस 6 अप्रैल को धूम धाम से मनाई जाएगी। स्कूल डायरेक्टर सह पूर्व नगर परिषद मधेपुरा के चेयरमैन डा. बिजय कुमार बिमल की माता समाज सेविका सलुखमन देवी के अलावे पी.बी.वर्ल्ड स्कूल के डायरेक्टर डा.बिजय कुमार बिमल एवं प्रिंसिपल श्रीमती पूनम कुमारी दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगी।

मधेपुरा पी.बी. वर्ल्ड स्कूल के बच्चों द्वारा कई कार्यक्रम की प्रस्तुति भी होगी। सारी तयारी पूरी कर ली गई है।

# माता तिर्लोकपुर में नवरात्र का मेला हुआ सम्पन्न, 7,25000लोगों ने लिया माता आशीर्वाद।

## जिला उपायुक्त के निर्देश पालन में प्रशासन ने किया मेला निगरानी शांतिपूर्वक सम्पन्न




**दैनिक समाज जागरण-**
कालाआम तिरलोकपुर देव स्थली से ब्यूरो चीफ, हरकेश सैनी- हर साल की भांति नए वर्ष के नवरात्र पर्व से आरंभ हुए तिर्लोक पुर माता का भव्य मेला जिला प्रशासन सिरमौर नाहन उपायुक्त राजकुमार गौतम के दिशा निर्देश में शांति पूर्वक सम्पन्न होते श्रद्धालुओं ने आज बुधवार तक 7,25000 माता दरबार में आशीर्वाद लिया।

यह मेला हरसाल की भांति हरियाणा हिमाचल पंजाब जम्मू मध्य प्रदेश राजस्थान से भी बड़ी तादात में आस्थावान माता तिरलोकपुर में शीश नवाने आते हैं।

माता दरबार की महिमा से कई राज्यों के भक्त लाभान्वित होते आए हैं। देहरादून,चंडीगढ़ अंबाला से होकर कालाआम के रास्ते तिरलोकपुर दरबार में पहुंचा जाता है। माता दरबार में मंदिर दरबार की हर उचित व्यवस्था जिला प्रशासन की देखरेख में होती है।

दैविक शक्तियों से सम्पन्न कालाआम क्षेत्र कई ऐतिहासिक तीर्थों तिरलोकपुर माता का सर्व व्यापी नाम है।

# नए सिरे से बनेगा हमीरपुर कर्मचारी चयन आयोग 3 सदस्य कमेटी का किया गठन, सीएम सुक्खू ने सदन में दी जानकारी-

**दैनिक समाज जागरण-**
**चंडीगढ़ के आर अरुण**
**शिमला, टीना ठाकुर ब्यूरो प्रमुख-** हिमाचल प्रदेश हमीरपुर कर्मचारी चयन आयोग पेपर लीक होने के चलते सरकार ने इसे भंग कर दिया हैअब सरकार नए सिरे से कर्मचारी चयन आयोग का गठन करेगी* ।

इसके लिए दीपक शानन कि अध्यक्षता में 3 सदस्य कमेटी का गठन किया गया है । बुधवार को विधानसभा में नियम 130 के तहत कांग्रेस के विधायकों ने सदन में कर्मचारी चयन आयोग का मामला उठाया जिस पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जल्द ही नए सिरे से कर्मचारी आयोग का गठन करने की बात कही।

*उन्होंने कहा कि सदन में कर्मचारी चयन आयोग को लेकर कांग्रेस के विधायकों ने नियम 130 के तहत चर्चा लाई थी और हैरानी की बात है कि भाजपा के सभी विधायक बिना किसी मुद्दे के वॉकआउट कर बाहर निकल गए हमीरपुर कर्मचारी चयन आयोग में जो धांधली हुई है विपक्ष चर्चा में भाग नहीं लेना चाहते थे 5 साल तक आंखे बंद करके पूर्व भाजपा सरकार बैठी थी और अब चर्चा में हिसा नही लेना चाहती है जिसके चलते उन्होंने वर्क आउट किया।

उन्होंने कहा कि पेपर लीक होने के बाद हमीरपुर कर्मचारी आयोग को भंग कर दिया है और अब तक 22 लोगों को इसम गिरफ्तार किया गया है और अन्य लोगों पर भी कार्रवाई की जा रही है लेकिन जब तक नए आयोग नहीं होता है तब तक हिमाचल प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन के तहत भरने का प्रक्रिया शुरू हो गई है ओर जल्द ही नया आयोग बनाया जाएगा।



विधान सभा में जवाब देते सीएम सुक्खू,3 महीने में बनेगा चयन आयोग,- दैनिक समाज जागरण

वही मुख्यमंत्री ने पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले पर कहा कि इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है और सीबीआई की रिपोर्ट आने के बाद ही उस पर कार्रवाई की जाएगी

# दूसरी कैबिनेट मीटिंग मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में हुई-

## हरियाणा कौशल विकास तथा औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, ग्रुप (ख) निदेशालय तथा क्षेत्रीय कार्यालय, सेवा नियम, 2023 को मंजूरी प्रदान की गई।

**-दैनिक समाज जागरण -**
**चंडीगढ़ / सीपीएच हैड कृष्णराज अरुण -**
हरियाणा सीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय नियम अनुसार नये नियमों में सहायक निदेशक (तकनीकी), वरिष्ठ शिक्षुता पर्यवेक्षक, प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य के पद के लिए शैक्षणिक योग्यता इंजीनियरिंग में डिग्री निर्धारित है।बकाया लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क और उस पर लागू ब्याज जमा करने में चूक करने वाले कॉलोनाइजरों को राहत देते हुए हरियाणा ने अपनी तरह की एक और एकमुश्त समाधान योजना ह्यविवादों का समाधानह्न की शुरूआत की है। यह योजना इसकी अधिसूचना से 6 महीने की अवधि के लिए खुली रहेगी।

बैठक में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ग्रुप-सी और ग्रुप-डी पदों पर सामान्य पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को पंजीकरण के समय आधार प्रमाणीकरण सेवा का उपयोग http://onetimeregn.haryana.gov.in पोर्टल पर अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया। भर्ती प्रक्रिया



को आसान बनाने और भर्ती उद्देश्य विशेष रूप से कंप्यूटर डेटा में फर्जी या डुप्लीकेट उम्मीदवारों की अनावश्यक जानकारी को समाप्त करने में सहायता के लिए यह निर्णय लिया गया है।


# -राम जी के परम भक्त बजरंग बलि हनुमान जन्मो उत्सव आज-

**दैनिक समाज जागरण**
**सम्पादक कृष्णराज अरुण**
**सीपीएच चंडीगढ़ -**

प्रिय पाठक मित्रो ,
शुभ कामनाये -

प्रत्येक वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन हनुमान जन्म उत्सव महा पर्व मनाया जाता है। इस विशेष दिन पर हनुमान जी की विधिवत पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बजरंगबली भगवान शिव के 11वें अवतार जीवित देवता हैं इन्हें कलयुग का देवता भी कहा जाता है।

सनातन पक्ष हिन्दू शास्त्र में बताया गया है कि हनुमान जन्मोउत्सव के दिन विधि-विधान से हनुमान जी की पूजा-अर्चना करने से साधक के सभी संकट दूर हो जाते हैं और उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस विशेष दिन पर बजरंगबली को सिंदूर अर्पित करने से सभी कार्य सफल होते हैं और धन-धान्य की प्राप्ति होती है। इसके साथ हनुमान जयंती के दिन हनुमान चालीसा और बजरंग बाण




के पाठ का विशेष महत्व है। इनका पाठ करने से हनुमान जी जल्द प्रसन्न होते हैं और भक्तों की झोली खुशियों से भर देते हैं। : बजरंगबली के प्रसन्न होने से दूर होंगे कष्ट, जानें व्रत का महत्व-पूजा और विधि-मुहूर्त

इस बार हनुमान जन्मोत्सव गुरुवार 6 अप्रैल को मनाया जाएगा. कई लोग इसे हनुमान जयंती भी कहते हैं. हनुमान जन्मोत्सव को हनुमान जयंती कहना ठीक नहीं होगा. भगवान हनुमान दीर्घजीवी हैं. भगवान हनुमान को चिरंजीवी माना गया है. इसलिए उनका जन्मोत्सव मनाया जाता है-

इस बार हनुमान जन्मोत्सव गुरुवार 6 अप्रैल को मनाया जाएगा. कई लोग इसे हनुमान जयंती भी कहते हैं. हनुमान जन्मोत्सव को हनुमान जयंती कहना ठीक नहीं होगा. भगवान हनुमान दीर्घजीवी हैं. भगवान हनुमान को चिरंजीवी माना गया है. इसलिए उनका जन्मोत्सव मनाया जाता है।

इस बार हनुमान जन्मोत्सव गुरुवार 6 अप्रैल को मनाया जाएगा. कई लोग इसे हनुमान जयंती भी कहते हैं. हनुमान जन्मोत्सव को हनुमान जयंती कहना ठीक नहीं होगा. भगवान हनुमान दीर्घजीवी हैं. भगवान हनुमान को चिरंजीवी माना गया है. इसलिए उनका जन्मोत्सव मनाया जाता है।

# हिमाचल आबकारी विभाग ने 1.10 करोड़ रुपए के सोने के आभूषण पकड़े

**-दैनिक समाज जागरण -**
**चंडीगढ़ -सीपीएच प्रमुख के आर अरुण -**
शिमला( राज धानी ब्यूरो प्रमुख टीना ठाकुर ) वस्तु एवं सेवा कर चोरी के मामलों के निरीक्षण के लिए राज्य कर एवं आबकारी विभाग द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान गत दिवस हमीरपुर में लगभग 1.10 करोड़ रुपए के करीब 2 किलोग्राम सोने के आभूषण पकड़े गए। यह जानकारी आज यहां आयुक्त, राज्य कर एवं आबकारी युनुस ने एक प्रेस वक्तव्य में दी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा शिमला में एक संदिग्ध तम्बाकू डीलर का भी जीएसटी कर चोरी के मामले में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि इस डीलर द्वारा सिगरेट के कुछेक ब्रांड उपयुक्त दस्तावेजों के बगैर खरीदे गए थे।




आयुक्त ने बताया कि विभाग द्वारा जीएसटी में टाल-मटोल अथवा कर चोरी के मामलों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि इस तरह के मामलों में कमी लाते हुए अधिकतम राजस्व संग्रह किया जा सके। उन्होंने कहा कि विभाग विशेष तौर पर सोने एवं तम्बाकू पर जीएसटी कर चोरी के मामलों पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रहा है।

उन्होंने कहा कि सोने एवं चांदी पर जीएसटी की न्यूनतम दर 3 प्रतिशत है जबकि तम्बाकू पर जीएसटी की दर विभिन्न उप-करों सहित 188 प्रतिशत तक है। उन्होंने कहा कि हालांकि सोने एवं चांदी पर जीएसटी की दर न्यूनतम है परंतु इसकी कीमत अधिक होने के कारण कर चोरों को इससे बड़े स्तर पर मुनाफा हो रहा है। इसी प्रकार जीएसटी की उच्चतम दरों के कारण तम्बाकू उत्पादों पर कर चोरी से भी काफी लाभ होता है। ऐसे में विभाग कर चोरी की लिहाज से इन दोनों पर ही विशेष ध्यान केंद्रित कर रहा है।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में विभाग ने माल ढुलाई में वस्तु एवं सेवा कर प्रावधानों के उल्लघंन से सम्बंधित विभिन्न मामलों में 8 करोड़ रुपए का जुमार्ना वसूल किया है।

# कोविड नियमों का अनुपालन व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मास्क का प्रयोग करें: मुख्यमंत्री सुखु

## *मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर आयोजित आईएपीपीडी के सम्मेलन की अध्यक्षता की*

**- दैनिक समाज जागरण -**
**चंडीगढ़ -सीपीएच प्रमुख के आर अरुण**
शिमला-( राज धानी ब्यूरो प्रमुख टीना ठाकुर ) मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य के लोगों से कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मास्क पहनने का आग्रह किया है, ताकि इस वायरस को फैलने से रोका जा सके।

मुख्यमंत्री गत सायं यहां इंडियन एसोसिएशन ऑफ पार्लियामेंटेरियन ऑन पॉपुलेशन एंड डेवलपमेंट (आईएपीपीडी) द्वारा आयोजित ह्यभारत में महामारी के दौरान और उसके बाद स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए हिमाचल प्रदेश के विधायकों की मजबूत भूमिकाह्न विषय पर आयोजित सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है और अब समाज को कोरोना वायरस के साथ जीना सीखना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार लोगों को विशेष चिकित्सा देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में आवश्यक सुधार कर रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इन सुधारों के सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों को विश्व स्तरीय बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का समावेश किया जाएगा ताकि लोगों को घर-द्वार पर आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज टांडा और आईजीएमसी




शिमला में अगले छह महीनों में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इससे न केवल मरीजों के कीमती समय की बचत होगी बल्कि इससे सटीक परिणाम भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी शिमला में पैट ब्लॉक का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है और डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय मेडिकल कॉलेज टांडा में पैट स्कैन मशीन लगाने के लिए 50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि आईजीएमसी शिमला में ट्रॉमा सेंटर के साथ 175 बिस्तरों वाली चिकित्सा आपातकालीन सुविधा स्थापित करने के लिए सरकार ने 11 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा कि चम्बा और हमीरपुर चिकित्सा महाविद्यालयों के भवन निर्माण कार्य में तेजी लाई गई है और इस वर्ष इनके पूरा होने की सम्भावना है, जिससे इन क्षेत्रों के लोगों को घर के नजदीक विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने व्यवस्था में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के दृष्टिगत स्वास्थ्य संस्थानों में दवाइयां, उपकरण और मशीनरी की खरीद के लिए चिकित्सा सेवा निगम का भी गठन किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभान्वित करने के लिए विभिन्न कल्याणकारी और जनहितकारी निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कांग्रेस पार्टी द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश की जनता को दी गई सभी गारंटियों को चरणबद्ध ढंग से पूरा करने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है और हरित बजट इस दिशा में एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार राज्य के स्वच्छ वातावरण को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदूषण उत्सर्जन की जांच के लिए कई पहल की गई हैं जो जलवायु परिवर्तन की समस्या को कम करने में दूरगामी सिद्ध होंगी।

इससे पहले आईएपीपीडी की उपाध्यक्ष विप्लव ठाकुर ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और एसोसिएशन की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर सहित विधायकगण भी उपस्थित थे।

# जिद्दी लड़की ने गुस्से में आकर एक की-पेड मोबाइल फोन को निगल गई, घर और अस्पताल हुआ परेशान

**-दैनिक समाज जागरण -**
**-कृष्ण राज अरुण -**
नई दिल्ली /ग्वालियर /भिंड. मध्य प्रदेश के भिंड जिले से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां एक 18 साल की लड़की ने गुस्से में आकर एक की-पेड मोबाइल फोन को निगल गई। यह फोन पेट में जाकर आमाशय में फंस गया। परिजनों को जब इसके बारे में पता चला तो हड़कंप मच गया। वह आनन-फानन में युवती को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। अच्छी बात यह रही कि डॉक्टरों ने अपनी सूझबूझ लड़की के पेट से सर्जरी कर मोबाइल निकाल दिया।

### खतरे में पहुंच चुकी थी लड़की जिंदगी

दरअसल, यह पूरा मामला मंगलवार दिन का बताया जाता है, जहां भिंड जिले के अमायन क्षेत्र की रहने वाली 18 वर्षीय अन्नू ने परिवार की किसी बात से नाराज होकर यह कदम उठाया था। युवती के मोबाइल निगलने के बाद उसे अस्पताल




लाया गया। लड़की की हालत क्रिटिकल थी। उसे बचाना मुश्किल लग रहा था। लेकिन डॉक्टरों ने टीम ने बिना वक्त गंवाए लड़की का ऑपरेशन करने का फैसला लिया।

### कई एक्सर्ट डॉक्टरों को सर्जरी करने में लगे दो घंटे

लड़की के मोबाइल निगलने की खबर लगते ही जयारोग्य चिकित्सालय के सर्जरी विभाग के सभी सीनियर डॉक्टर ऑपरेशन करने के लिए पहुंचे। सर्जरी विभाग की ओपीडी में प्रोफेसर डॉ. नवीन कुशवाह ने जांच करने के बाद यह काम सर्जरी यूनिट को सौंपा गया। करीब दो घंटे तक लड़की सर्जरी करने के बाद आमाशय से मोबाइल निकाल दिया गया। यह सफल ऑपरेशन सर्जरी यूनिट इंचार्ज डॉ. प्रशांत पिपरिया की देखरेख में हुआ। इस टीम में डॉ. अश्वनी पांडेय, डॉ. सुरेंद्र चौहान के साथ-साथ एनेस्थीसिया के डॉ. जितेंद्र अग्रवाल शामिल थे।

### डॉक्टरों के करियर का यह पहला ऑपरेशन

डॉक्टरों कहा कि यह उनके करियर में पेट से मोबाइल निकालने का यह पहला ऑपरेशन था जिसे उन्होंने सफलतापूर्वक किया है। उन्होंने कहा कि अभी तक हमने किसी के के पेट से सिक्के-बॉल या लोहे के टुकड़े निकाले हैं। या फिर कोई नुकीली चीज जैसे ब्लेड आदि। इस केस में लड़की अगर हिम्मत नहीं करती तो यह ऑपरेशन सफल नहीं हो पाता।

# प्रेमिका को कनाडा से बुलाया, फिर हत्या कर दफनाया, 1 साल बाद मिला शव

सोनीपत. आज हम आपको प्यार के खूनी इंतकाम की एक ऐसी कहानी बताने जा रहे हैं, जिसे सुनकर आप दंग रह जाओगे. हरियाणा के रोहतक के बालंद गांव की रहने वाली मोनिका को उसके आशिक सोनीपत के गुमड़ गांव के रहने वाले सुनील ने गोलियों से भूनकर मौत के घाट उतार दिया. बाद में उसके शव को आपने फार्म हाउस में दफना दिया था. एक साल बाद युवती का शव बरामद किया गया है.

जानकारी के अनुसार, रोहतक के बालंद गांव की मोनिका (25) अपनी मौसी के घर सोनीपत के गांव गुमड़ में पढ़ाई करने आई थीं. इस दौरान यहां पर गांव के ही सुनील उर्फ शीला के साथ उसका प्रेम प्रसंग हो गया. बाद में मोनिका कनाडा चली गई. इस बीच सुनील ने उसे सोनीपत बुला लिया. जनवरी 2022 में मोनिका की मौसी की शिकायत पर थाना पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज की गई.

इस दौरान जांच में मोनिका का पता नहीं चल पाया. बाद में परिवार ने नवंबर 2022 में एक बार फिर मामले की शिकायत थाने में की. गृह मंत्री अनिल विज का दरवाजा भी खटखटाया. गृह मंत्री अनिल विज ने इस पूरे मामले में संज्ञान लेते हुए जांच रोहतक रेंज आईजी को सौंपी. रोहतक रेंज आईजी ने भिवानी सीआईए टू को जांच का जिम्मा सौंपा.

सोनीपत. आज हम आपको प्यार के खूनी इंतकाम की एक ऐसी कहानी बताने जा रहे हैं, जिसे सुनकर आप दंग रह जाओगे.

शीला के साथ उसका प्रेम प्रसंग हो गया. बाद में मोनिका कनाडा चली गई. इस बीच सुनील ने उसे सोनीपत बुला लिया. जनवरी 2022




हरियाणा के रोहतक के बालंद गांव की रहने वाली मोनिका को उसके आशिक सोनीपत के गुमड़ गांव के रहने वाले सुनील ने गोलियों से भूनकर मौत के घाट उतार दिया. बाद में उसके शव को आपने फार्म हाउस में दफना दिया था. एक साल बाद युवती का शव बरामद किया गया है.

जानकारी के अनुसार, रोहतक के बालंद गांव की मोनिका (25) अपनी मौसी के घर सोनीपत के गांव गुमड़ में पढ़ाई करने आई थीं. इस दौरान यहां पर गांव के ही सुनील उर्फ

में मोनिका की मौसी की शिकायत पर थाना पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज की गई.

इस दौरान जांच में मोनिका का पता नहीं चल पाया. बाद में परिवार ने नवंबर 2022 में एक बार फिर मामले की शिकायत थाने में की. गृह मंत्री अनिल विज का दरवाजा भी खटखटाया. गृह मंत्री अनिल विज ने इस पूरे मामले में संज्ञान लेते हुए जांच रोहतक रेंज आईजी को सौंपी. रोहतक रेंज आईजी ने भिवानी सीआईए टू को जांच का जिम्मा सौंपा.

## आवश्यकता

देश में तेजी उभरते दैनिक समाज जागरण नोयडा से प्रकाशित समाचार पत्र को राज्यों के हर जिला तहसील ब्लाक लेबल में अंश कालीन रिपोर्टर / तुरतं चाहिए। बायोडाटा आधार भेजिए व्हाट्सअप 9802414328

# नहीं रहे "की यौ कि हाल चाल" कहनिहार मदनपुर के चर्चित साइकिल मिस्त्री भगीरथ मिश्र

### एसडीएम ग्रुप के संस्थापक संजय मिश्रा ने शोकाकुल परिवार को दिया सांत्वना, जताया शोक



अररिया। समाजसेवी सह चर्चित साईकिल दुकान संचालक भागीरथ मिश्रा के निधन मदनपुर क्षेत्र में शोक व्याप्त है। स्वर्गीय भागीरथ मिश्र के निवास ब्राह्मण टोला मदनपुर में एक झलक पाने को लोगों की भीड़ उमड़ी रही। वही सूचना मिलते ही एस-डीएम ग्रुप के संस्थापक सह वरीय समाजसेवी संजय कुमार मिश्रा ने मदनपुर पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मिलकर ढाढस बंधाया तथा संवेदना व्यक्त की। बता दें कि स्वर्गीय भागीरथ मिश्रा साइकिल दुकान संचालक के अलावे सच्चे समाजसेवी थे। हंसमुख स्वर्गीय मिश्रा लोगों को "की यो की हाल छै" कहकर कुशल क्षेम लेने के नाम पर विशेष रूप से जाने जाते थे। एस-डीएम ग्रुप के संस्थापक संजय मिश्रा ने कहा कि स्वर्गीय भागीरथ मिश्रा के निधन से क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। साथ ही हमेशा उनकी कमी खलेगी। स्व. मिश्रा जी मूल रुप से दरभंगा के निवासी थे। मंदनपुर में आकर अपना बिजनेस साईकिल की दुकान से शुरूवात की ओर देखते ही देखते वह साईकिल दुकान भागीरथ मिश्रा के नाम से फेमस हो गया। सभी उन्हें मिश्रा जी नाम से बुलाते थे। बच्चा हो या बुजुर्ग उन्हें मिश्र जी कह के बुलाते थे ओर उनकी भाषा इतना मीठी थी की बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक को वे की यो की समाचार छे घर में सब ठीक छे ने। स्व. मिश्रा के देहांत से मदनपुर के लोग मर्माहत हैं। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार पीछे छोड़ गए हैं।

## श्री श्री सार्वजनिक भोला आखाड़ा रामनवमी समिति के द्वारा महावीर जयंती के अवसर पर हुआ भोग वितरण

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 05अप्रैल 2023 :झ सरायकेला जिला अंतर्गत आर आई टी थाना क्षेत्र भोला आखाड़ा में श्री श्री सार्वजनिक भोला आखाड़ा रामनवमी समिति के तरफ से महावीर जयंती के उपलक्ष में भोग का वितरण किया गया।जिसमे भोला आखाड़ा के लोगो के साथ साथ आस पास के बस्ती के लोगो ने भी भोग का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में कमिटी के द्वारा प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला खरसावां के अध्यक्ष मनमोहन सिंह राजपूत को सम्मानित भी किया गया।इस कार्यक्रम में कमिटी अध्यक्ष भोला मिश्रा,पुजारी पंडित भोला तिवारी, पूर्व पार्षद सुधीर चौधरी, कमिटी के सदस्य सूरज भोला,राकेश त्रिपाठी,लाल मोहन यादव,टिंकू झा,रविंद्र झा,चंदन सिंह,सुनील झा, कमेटी के कोषाध्यक्ष चंदन सिंह, सूरज पाटो,गणेश ठाकुर,विमल कर्ण,अंकित सिंह,अंकित ठाकुर,रोहित राय,रंभू,पवन ठाकुर इत्यादि मौजूद रहे ।

## असम के करीमगंज शहर में चोरी कर फरार हो रहे चोर को भीड़ ने दबोच लिया

**असम करीमगंज संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

करीमगंज जिले के सीमावर्ती कस्बे में चोरी की वारदात दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं। करीमगंज शहर में अक्सर घर में लोग न होने के कारण चोरी हो जाती है। ऐसी ही एक दुस्साहसिक चोरी हुआ बीती रात करीमगंज शहर के स्टीमरघाट रोड पर हुई। घर का दरवाजा तोड़कर नकदी व सोने के जेवरात लेकर फरार हुए एक चोर को भीड़ ने पकड़ लिया. घटना के विवरण में ज्ञात हुआ है कि करीमगंज शहर के स्टीमारघाट रोड निवासी रीता साहा और उनके पति घर पर नहीं थे और बारिश का फायदा उठाकर घर के अंदर की अलमारी तोड़ दी और नकदी और सोने के जेवरात लेकर जा रहा था तभी लोगों ने उसे दबोचा स्थानीय भीड़ ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। उधर, पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार युवक का नाम विशाल राय है। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

# डिमापुर में जहरीले सांप के काटने से युवक की मौत।

## *मृत शरीर को पुनर्जीवित करने के प्रयास में ओझा, वैद्येर और कविराज शाखाओं की फूंक मारी जा रही है.*



असम करीमगंज संवाददाता दैनिक समाज जागरण : नागालैंड के डिमापुर में काम कर रहे असम करीमगंज जिले के पाथारकंडी नारायणपुर निवासी 18 वर्षीय युवक को 1 एप्रिल (शनिवार) की रात 12 बजे जहरीले सांप ने काट लिया। हालांकि डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, लेकिन सांप के काटने से मरे युवक के शरीर को पुनर्जीवित करने की कामना से पाथारकंडी के नारायणपुर गांव में 3 दिन से ओझा, वैद्येर और कविराज शाखाओं की फूंक मारी जा रही है. परिवार को लगता है कि ओझा लड़के को जिंदा वापस लाने में सक्षम हो सकता है। जहरीले सांप के काटने से मरने वाले युवक का नाम एमान उद्दीन उम्र (18) वर्ष और उसके पिता का नाम नुमान आली है. दोहालिया गांव पंचायत के उत्तरी नारायणपुर गांव के पाथारकंडी थाने के फरीदाकोना एमान उद्दीन कारोबार के सिलसिले में नागालैंड के डीमापुर में था. शनिवार की रात अपना दैनिक कार्य समाप्त कर सोने चला गया। रात के अंधेरे में अचानक अहसास होता है कि उसके शरीर के ऊपर से कुछ गुजर रहा है। बत्ती जला कर देखा एक बड़ा काला जहरीला सांप। रात के करीब बारह बजे थे। वह अचानक एक चीख के साथ उठे लेकिन इससे पहले ही एक जहरीले सांप ने उनके पैर पर काट लिया। मामले की जानकारी होने पर परिजन पहले उसे स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। रात भर इलाज के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद 3 एप्रिल (सोमवार) सुबह पाथारकंडी को उनके सहयोगी घर ले आए। बाद में जब पाथारकंडी को मेडिकल सेंटर ले जाया गया तो वहां भी डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिर शव को घर में ले आए और ओझा वैद्य पूरे दिन सोमवार को झाडू फूंक देते रहे हैं। लेकिन बताया जाता है कि मृत व्यक्ति कोई जवाब नहीं दे रहा है। परिवार का मानना है कि शायद सांप द्वारा काटे गए व्यक्ति को जीवन में वापस लाया जा सकता है। सत्ययुग की तरह इस लिहाज प्रयास कर रहे हैं.


## दबंगों ने प्रधान के भाई पर किया फायर '

सांगीपुर,,लालगंज आधा दर्जन दबंगों ने रंग दारी न देने पर प्रधान के भाई पर जानलेवा फायर किया ' उदयपुर थाना क्षेत्र के स्थानीय प्रधान बद्री प्रसाद जायसवाल पुत्र स्व, सीतला प्रसाद जायसवाल, ने मंगलवार को थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि रविवार साम लगभग तीन बजे मेरा भाई राज कुमार जायसवाल कार से पूरे पाण्डेय किसी कार्य से जा रहा था जैसे ही सालवाहनपुर गांव के पास पहुंचे ही थे कि नीरज सिंह, अंबुज सिंह, धीरज सिंह पुत्रगड़ स्व, काली प्रसाद सिंह, मनोज जायसवाल विनोद कुमार जायसवाल उर्फ लालू पुत्रगड़ जगप्रसाद जायसवाल, तथा चन्द्र शेषर मौर्य पुत्र स्व, राम सुंदर मौर्य निवासी गड़ उदयपुर बाजार ने एक राय होकर पहले से रास्ते में बैठे थे और मेरे भाई की कार के सामने आकर रोक लिया मेरा भाई कुछ समझ पाता तब तक धीरज सिंह ने अवैध तमंचे से जानलेवा फायर किया और लाठी, सरिया, बेल्ट , तथा तमंचे के बट से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, अचेत हालत में 5 हजार नगदी अंगूठी और मोबाइल छीन लिया हल्ला गुहार सुनने पर ग्रामीणों के दौड़ने पर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए स्कार्पियो गाड़ी में बैठ कर चले गए ' सूचना पर गम्भीर हालत में सी एच सी सांगीपुर ले गए जहां डाक्टरों ने गंभीर हालत देख जिला भेज दिया '

पुलिस जांच कर आरोपियों पर जानलेवा हमले समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है ' एस ओ विजय कांत सत्यार्थी का कहना है जांच के बाद सभी आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है '

## अज्ञात कारणों से लगी आग से खलिहान में रखी सरसों की फसल जलकर खाक,

संग्रामगढ़ प्रतापगढ़, संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार निवासी अशफीर्लाल अग्रहरी ने अपने खेत की गेहूँ व सरसों की फसल को मड़ाई कराने लिए खलिहान में एकत्रित कर मडा ई के लिए रखा था



बुधवार दोपहर अचानक गेहूं सरसों की फसल में आग लग गई आसपास के लोगों ने तेज लपटें उठने लगी तो दौड़ कर वहां पहुंचे और चिल्लाना शुरू कर दिए तो ग्रामीण एकत्र हो गए और आग बुझाने लगे आग विकराल रूप धारण कर लिया आग की सूचना ग्रामीणों ने फायर सर्विस संग्रामगढ़ को दी वहां पर फायर सर्विस पहुंचने तक लाखों की फसल जलकर नष्ट हो गई थी घंटों प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया तब तक वहां पर गेहूं सरसों की फसल के अलावा एक गुमटी भी जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई ऐसे में लाखों की छति हो गई है

## लॉटरी से चुने गए टेल्को गुरुद्वारा के प्रधान बलविंदर सिंह और महासचिव की जिम्मेवारी सरदार गुरुचरण सिंह को मिली

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरोचीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**



जमशेदपुर । टेल्को गुरुद्वारा कमेटी के नए प्रधान सरदार बलविंदर सिंह होंगे और महासचिव की जिम्मेवारी सरदार गुरुचरण सिंह जी को सौंपी गई है। यह सब कुछ शहर में एक नई परंपरा के अनुसार हुआ । नाम चयन की पूरी प्रक्रिया लॉटरी से संगत की उपस्थिति में हुई, जिसमें श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज से हुकुमनामा लिया गया और हजूरी ग्रंथी ने अरदास की और पर्ची उठाई। पहली पर्ची सरदार बलविंदर सिंह की निकली और उन्हें नया प्रधान अगले तीन साल के लिए घोषित कर दिया गया। इससे पहले बुधवार को टेल्को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की बैठक में निवर्तमान प्रधान गुरमीत सिंह तोते ने अपनी कार्यकारिणी भंग कर दी और नए प्रधान के लिए नाम आमंत्रित किए। धार्मिक अकाली दल में 50 साल से ज्यादा सेवा देने वाले सरदार राम किशन सिंह जी के बेटे सरदार बलविंदर सिंह एव गुरुशरण सिंह ने अपना नाम प्रधान पद के लिए दिया। दोनों में सहमति बनाने की कोशिश हुई लेकिन जब किसी नाम पर सहमति नहीं बनी तो संगत के उपस्थिति और गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के हजूरी में पर्ची निकालने पर फैसला हुआ।

इधर बलविंदर सिंह को प्रधान चुन लिए जाने पर निवर्तमान प्रधान गुरमीत सिंह तोते ने बधाई दी और अपनी ओर से हरसंभव पूर्व की तरह सहयोग देने का वायदा किया। उन्होंने कहा कि दोनों पदाधिकारी गुरु घर के प्रति समर्पण और निष्ठा रखते हैं और मिलजुल कर कमेटी का गठन करेंगे। इस मौके पर सरदार सुखदेव सिंह, सरदार हीरा सिंह, सरदार कलविंदर सिंह, स्त्री सत्संग सभा प्रधान बीबी कुलविंदर कौर, महासचिव बीबी अमृत कौर, नौजवान सभा के मनिंदर सिंह कमलजीत सिंह, बीबी कमलजीत कौर बीबी मनजीत कौर आदि उपस्थित थे। तखत श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव एवं पूर्व प्रधान सरदार इंदरजीत सिंह, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह, चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह, प्रधान सरदार सुरजीत सिंह खुशीपुर, प्रधान अमरजीत सिंह, प्रधान कुलविंदर सिंह ने बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि अन्य गुरुद्वारों में भी इसी तरह मुख्य सेवादार को चुना जाएगा और मतदान की नौबत नहीं आएगी।

## जमशेदपुर परिसदन मे विधानसभा समिति कि बैठक आयोजित कई योजनाओं पर नराजगी जतायी और किया शो कॉज

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरोचीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**



पूर्वी सिंहभूम ( झारखंड ) , 05 अप्रैल 2023 : झारखंड विधानसभा की आंतरिक संसाधन एवं केन्द्रीय सहायता समिति ने बुधवार को जमशेदपुर परिसदन में जिले के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की. समिति समापति विधायक इरफान अंसारी ने बैठक की अध्यक्षता की. बैठक में समिति के सदस्य विधायक सोनाराम सिंकू भी मौजूद थे. योजनाओं की समीक्षा के दौरान समिति ने जिले में पेयजल एवं पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर नराजगी जाहिर की. सभापति ने बताया कि समीक्षा के दौरान कुछ योजनाओं में गड़बड़ियां पायी गई हैं. खासकर पेयजल एवं पथ निर्माण विभाग में आवंटन के विरूद्ध नगणन्य काम हुए हैं. इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारी से कारण पुछा गया है. उन्होंने कहा कि संतोषजनक जवाब नहीं होने पर उक्त विभाग के अधिकारी को विधानसभा में तलब किया जाएगा. बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, राजस्व संग्रहण की स्थिति व विकास योजनाओं की समीक्षा तथा केन्द्र प्रायोजित योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए.

सभापति इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्यों को गति देने तथा सभी जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचे इस दिशा में कृतसंकल्पित है. उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले में किसी प्रकार से पेयजल की समस्या उत्पन्न नहीं हो इसपर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिया. विभागीय पदाधिकारी ने बताया कि इसके लिए जिले में टीम गठित कर युद्धस्तर कार्य किया जा रहा है. सभापति ने प्रदूषण बोर्ड के पदाधिकारी से जिले में संचालित उद्योगों के प्रदूषण सर्टिफिकेट, नदियों के पानी की क्वालिटी की जानकारी ली गई. विभिन्न विभागों में आंतरिक संसाधन से प्राप्त राजस्व की समीक्षा की गई. सभापति ने कहा कि विकास कार्यों के सफल क्रियान्वयन में सरकार को प्राप्त होने वाले राजस्व की काफी महत्वपूर्ण भूमिका होती है. इसलिए राजस्व संग्रह में लक्ष्य पूरा करें. समिति ने सभी विभागों से योजनाओं का प्रगति प्रतिवेदन प्राप्त किया.

### बैठक में ये अधिकारी थे मौजूद

बैठक में निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रजंन, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर (प्रभारी) दीपू कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन समेत अन्य सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे.

**मोदी बैन इन दिनों पूरे देश में सुर्खियां बटोर रहे है।**

## कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर प्रधानमंत्री से मिलकर कौशाम्बी के विकास कार्यों की किया चर्चा

### प्रधानमंत्री ने अपने ट्विटर अकाउंट के माध्यम से की थी सराहना।

**दैनिक समाज जागरण**



कुंडा,प्रतापगढ़ ।कौशाम्बी लोकसभा क्षेत्र में चल रही मोदी बैन इन दिनों सुर्खियां बटोर रही है ।देश की पहली लोकसभा क्षेत्र है ।जहां सांसद विनोद सोनकर ने मोदी बैन की शुरूआत की। आज सुदूर गांवों में बसे ग्रामीण इलाकों में मोदी बैन पहुंच कर लोगों को निःशुल्क चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध करा रही है ।बीते दो सप्ताह पूर्व जब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नजर मोदी बैन पर गई तो प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ट्विटर अकाउंट से सराहना करते हुए कहा कि अद्भुत प्रयास जन सेवा के ऐसे अभियान विकास को नई गति देने वाले है ।इसके बाद मंगलवार को पीएमओ कार्यालय से सांसद विनोद सोनकर को दिल्ली बुलाया गया ।बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सांसद विनोद सोनकर ने मिलकर कौशाम्बी के विकास कार्यों,कौशाम्बी महोत्सव,सांसद खेल स्पर्धा पर विस्तृत चर्चा करते हुए कौशाम्बी महोत्सव पर आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बड़ी गंभीरता से विकास कार्यों पर प्रकाशित सांसद खेल स्पर्धा एवं कौशाम्बी महोत्सव की पुस्तिका को देखकर सराहना की ।उक्त जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय ने देते हुए बताया कि कौशाम्बी लोकसभा क्षेत्र में दो बार कमल खिलाने वाले विनोद सोनकर को संगठन ने राष्ट्रीय सचिव के साथ संसदीय आचार समिति लोकसभा का चेयरमैन बनाया है ।राज्य के प्रभारी के तौर पर दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी भी है ।कौशाम्बी लोकसभा में विकास पुरुष के तौर पर सांसद ने क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है।

## कमबख्त आग ने दर्जनभर किसानों की फसलों को किया राख।

पट्टी प्रतापगढ़। पट्टी तहसील क्षेत्र के जहानाबाद व कुशहा गांव में बुधवार की दोपहर करीब 11:30 बजे के आसपास किसानों के तैयार गेहूं की फसल में आग लग गई। जिससे दर्जनभर किसानों के लगभग 20 बीघे गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। तैयार फसलों में लगी आग को जब किसी ग्रामीण ने देखा तो हल्ला गुहार मचाया जिससे आसपास के लगभग सैकड़ों लोगों से ज्यादा एकत्र हुए और कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू कर दिया ग्रामीणों ने इधर ग्रामीणों का प्रयास फायर ब्रिगेड से आग पर काबू पानी के लिए उम्मीद किए थे जो पानी पानी हो गया फायर ब्रिगेड की टीम अपने वाहन के साथ घटनास्थल पर पहुंचे की ग्रामीणों ने अथक प्रयास लगभग 2 घंटे बाद काबू पा लिया था। बता दे कि गांव के त्रिभुवन पांडेय विश्वनाथ पांडेय नरसिंह पांडेय बंटेश पांडेय गोविंद पांडेय गणेश पांडेय अनंत प्रसाद पांडेय बृजेश पांडेय त्रिभुवन सिंह इंद्रभान सिंह प्यारे सिंह बजरंग सिंह की तैयार गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। हल्ला गुहार सुनकर गांव के शुभम पांडेय बृजेश पांडेय वंटेश पांडेय त्रिभुवन सिंह अनंत पांडेय अमन सिंह के साथ सैकड़ों ग्रामीणों ने अथक प्रयास करके आग पर काबू पाया। घटना पर ग्रामीणों ने आशंका जताई है किसी राहगीर के द्वारा बीड़ी पीके फसलों में फेंक दिया जिससे यह आगजनी की घटना हुई।

## तबादला होने पर उपशाखा प्रबंधक को दी गई विदाई

कुंडा प्रतापगढ़ ।बड़ौदा यूपी बैंक हथिगवां के उपशाखा प्रबंधक प्रभाकर सिंह का तबादला कुसुवापुर हो जाने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें शाखा प्रबंधक सर्वेश गोयल, हेड कैशियर दीपक सिंह, अनिल कुमार समेत बैंक कर्मचारियों व क्षेत्रीय लोगों ने उपशाखा प्रबंधक प्रभाकर सिंह को माल्यार्पण कर एवं अन्य सामग्री देकर विदाई दी। विदाई से अभिभूत उपशाखा प्रबंधक प्रभाकर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बैंक कर्मचारियों व क्षेत्रवासियों ने बैंक संचालन में जो अमूल्य सहयोग प्रदान किया । उसे जीवन भर नहीं भूल पाऊंगा। वहीं शाखा प्रबंधक सर्वेश गोयल ने कहाकि अपने कुशल व्यवहार के कारण प्रभाकर सिंह ग्राहकों एवं बैंक कर्मियों के बीच काफी लोकप्रिय रहे। उनके कुशल व्यवहार को हम कभी भुला नहीं पाएंगे। इस मौके पर बैंक के वीएलई केके मिश्रा, विजय विश्वकर्मा, वेद प्रकाश, लालता प्रसाद, सुशील पांडेय, गोविंद कुमार, हरिकेश आदि लोग मौजूद रहे।



## डीएमवीवी भारतीय महिला शक्ति फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक बने दिलीप सिंह

**(आर एन चौरसिया,ब्यूरो चीफ) (समाज जागरण)** धनबाद, युवा संघर्ष मोर्चा जनवादी के संस्थापक दिलीप सिंह को डीएमवीवी भारतीय महिला शक्ति फाउंडेशन का राष्ट्रीय संयोजक बनाया गया है ।ओडिशा के पुरी स्थित कॉपोरेंट कार्यालय ने ब्राह्मणडिहा तोपचांची स्थिति रजिस्टर्ड कार्यालय द्वारा संस्था के केंद्रीय सदस्य सतनारायण गोंड केंद्रीय सदस्य अभिजीत कुमार,बोर्ड मेंबर असिस्टेंट स्टेट इंचार्ज उड़ीसा, चितरंजन बिसवाल के निदेर्शानुसार इसकी घोषणा की गई है। दिलीप सिंह ने बताया यह संस्था महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा, महिला उत्पीड़न के रोकथाम हेतु अभियान व जरूरतमंद महिलाओं की सहायता, बाल श्रम की रोकथाम,नशा मुक्ति अभियान, गरीब बच्चों की उचित शिक्षा का प्रबंध करना व करवाना, रक्तदान व रक्तदान शिविर का आयोजन वृक्षारोपण अभियान,आत्मनिर्भर योजना अभियान सरकारी योजनाओं को सुदूर ग्रामीण महिलाओं तक पहुंचाने में मदद, महिलाओं को सरकारी एवं गैर सरकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने समेत महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित है.उन्होंने कहा संस्था ने जो जिम्मेवारी सौंपी है ,उसे निभाते हुए इस दिशा में बेहतर कार्य करने का प्रयास करेंगे।



## धोरैया : संदिग्ध परिस्थितियों में हुई महिला की मौत जांच में जुटी पुलिस

**धोरैया दैनिक समाज जागरण संजीव कुमार पाण्डेय**

धोरैया प्रखंड के रणगांव पंचायत अंतर्गत सीताचक गांव में बुधवार की अहले सुबह एक 30 वर्षीय शादीशुदा महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। महिला की पहचान सिताचक गांव के प्रदी उर्फ डब्लू मांझी के 30 वर्षीय पत्नी अनिप्ता ऊर्फ अंजू देवी के रूप में की गई है।



बताया गया कि सूचना पर धोरैया थाना की पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बांका भेज दिया है ।महिला का मायका झारखण्ड के गोड्डा जिला अन्तर्गत ढोंड़री गांव है घटना के कारण को लेकर गांव में जितने मुंह उतनी बातें सुनने को मिल रही है। इस बाबत धोरैया थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि अभी तक परिजनों द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन प्राप्त होते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी.फिलहाल चौकीदार के बयान पर यूडी केस दर्ज किया जाएगा ।

## धनकुण्ड में कार से 702 बोतल शराब बरामद, वाहन छोड़कर चालक और तस्कर फरार

**धोरैया दैनिक समाज जागरण संजीव कुमार पाण्डेय**

धोरैया : धनकुण्ड थाना क्षेत्र के लखना बांध के समीप से पुलिस ने बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब की खेप को बरामद किया है. पुलिस को गुप्त सूचना मिली की झारखंड से अंग्रेजी शराब तस्करी के लिये लाया जा रहा है. इस



सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा विभिन्न जगह नाकाबंदी लगाया गया. जिसके बाद पुलिस ने लखना बांध के समीप वाहन जाँच के दौरान पुलिस द्वारा छापामारी किया गया और एक कार को बरामद किया गया. उस कार से 702 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है , जो झारखंड से लाया जा रहा था. पुलिस ने मौके से कार को जब्त किया है. हालांकि पुलिस को देख कर शराब कारोबारी भागने में सफल हो गए.धनकुण्ड थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि झारखंड की ओर से एक कार में लदा,भारी मात्रा में अवैध शराब आ रहा है ।इसी सूचना के आधार पर उसे पकड़ने के लिए पुलिस द्वारा नाकाबंदी किया गया था. जिसके उपरांत में कुल 209 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है,जिसमें की 375 एमएल का 408 बोतल,180 एमएल का 288 बोतल, तथा 750 एमएल का 6 बोतल बरामद किया गया है ।वहीं धनकुण्ड थाना प्रभारी ने बताया की अज्ञात के खिलाफ शराब अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की जा रही है. पुलिस अपने स्तर से शराब माफिया को पकड़ने के लिए छापामारी कर रही है.तथा जांच-पड़ताल किया जा रहा कि इस शराब कारोबारी में कौन-कौन लोग संलिप्त है, उनको चिन्हित किया जा रहा है और जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

## इंडियन बैंक बलथर शाखा के ऑफिसर ने ग्राहकों के साथ की जाती है बदसलूकी

**दैनिक समाज जागरण प्रखंड संवाददाता मोहनपुर देवघर**

मोहनपुर देवघर (झारखंड) प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत चोपा मोड़ हंसडीहा मुख्य मार्ग में स्थित इंडियन बैंक के बलथर शाखा के ऑफिसर अपूर्व कुमारी ने ग्राहकों के साथ किया बदसलूकी दुर्व्यवहार पिछले छह महीनों से मनरेगा मजदूर विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, वृद्धा पेंशन के ग्राहकों को आधार लिंक नहीं किया जा रहा है ग्राहकों के द्वारा कहने पर कहे जाते है कि तुम लोग का आधार नहीं लिंक होगा दूसरे



बैंक में खाता खुला लीजिए एवं पासबुक फेंक देता है। जिनकी शिकायत ग्राहकों ने शाखा प्रबंधक से किया तो शाखा प्रबंधक के द्वारा बताया जाता है कि ऑफिसर किसी का बात नहीं मानती है। वह अपनी मनमानी की ऑफिसर है इस पर मेरी कोई बात तक नहीं मानती है ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार की जाती है इनकी शिकायत पहले भी कई बार मिल चुके हैं। सरकार के द्वारा ग्राहकों की सुविधा हेतु बैंक में सरकारी कर्मचारी दिए जाते हैं लेकिन वही कर्मचारी के द्वारा ग्राहकों से के साथ दुर्व्यवहार करते हैं।

मौके पर उपस्थित ग्राहक अनिल राय, शंकर तांती, गोपाली तांती, शंभू तांती, विमल तांती, घनश्याम तांती, राम लखन तांती, लक्ष्मीकांत यादव, सुनीता देवी, दुलारी राउत, मानवता मुर्मू, महंत कुमार दास एवं दर्जनों ग्राहक उपस्थित रहे।

## डोभो कमारगोड़ा पुल पर चुआड़ विद्रोह के महानायक वीर शहीद रघुनाथ महतो का मूर्ति स्थापित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया

**सुनील कुमार गुप्ता, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता चांडिल**

सरायकेला (झारखंड) :- 4 अप्रैल 2023 चांडिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार को डोभो कमारगोड़ा पुल पर स्थित भारत के प्रथम क्रांतिवीर चुआड़ विद्रोह के महानायक वीर शहीद रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर मूर्ति



का अनावरण किया गया ' इस कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने वीर शहीद रघुनाथ महतो की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया ' इस दौरान सरायकेला खरसावां एवं पूर्वी सिंहभूम जिला को जोड़ने वाले पुल का नामकरण श्री शहीद रघुनाथ महतो सेतु किया गया ' इस मौके पर समाजसेवी खोगेन महतो, अनूप महतो ,मानिक महतो, अंकित महतो , सुमित महतो, मुन्ना महतो, आदि मुख्य रूप से मौजूद थे

## अड़की के मधुकमपिड़ी में तीन दिवसीय श्रीरामचरितमानस पाठ कथा प्रवचन का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण राजेश कुमार प्रखंड संवाददाता अड़की**

रांची झारखण्ड 5 अप्रैल 2023-अड़की प्रखंड के मधुकमपिड़ी में तीन दिवसीय श्री राम चरित मानस कथा पाठ प्रवचन एवं महायज्ञ कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया । रामनवमी उत्सव के बाद प्रत्येक वर्ष राम चरित पाठ आयोजित किया जाता है।आज की इस कार्यक्रम में माताएं बहनें एवं भक्तों ने जारंगा नदी से विधिवत पूजा अर्चना के बाद जय श्री राम बजरंगबली एवं पूजनीय देवी देवताओं की



जयकारा लगाते पैदल चलकर आयोजन स्थल पहुंचे। प्रथम दिवस की कार्यक्रम के तहत श्रीरामचरितमानस महायज्ञ की शुरूआत विद्याधर गोस्वामी महावीर सिंह मुंडा एवं सहयोगियों के द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ विधिवत पूजा अर्चना के बाद कलश स्थापना की गई । इसी कड़ी में संध्या आरती के बाद सभी भक्तों की उपस्थिति में श्रीरामचरितमानस कथा पाठ एवं प्रवचन आदरणीय अमुल्य मिश्रा देवशर्मा , विद्याधर गोस्वामी ,महावीर सिंह मुंडा एवं भजन मंडली के द्वारा की गई। इसके पश्चात सभी भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। प्रत्येक वर्ष इस आयोजन को लेकर के मदुकामपिड़ी के ग्रामीण बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं।

## अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में डीएसपी ने बैठक।

दैनिक समाज जागरण जिला ब्युरो चिफ गौतम ठाकुर (जामताड़ा झारखंड)5 अप्रैल को नाला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार झा अपने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने असामाजिक तत्व पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। इसके अलावा सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निरंतर वाहन जांच अभियान चलाने तथा पुलिस की गस्ती बढ़ाने का भी निर्देश दिया



गया इसके अलावा लंबित सभी कांडों को जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर नाला थाना प्रभारी महेश मुंडा, कुंडहीत थाना प्रभारी पंकज कुमार, बिंदापाथर थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह, फतेहपुर के थाना प्रभारी आलोक कुमार, बागडेहरी थाना प्रभारी विकास कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

अपराध गोष्टी करते डीएसपी मनोज कुमार झा।

## धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से जय भारत सत्याग्रह को सफल बनाने के लिए की गई बैठक

**(आर एन चौरसिया,ब्यूरो चीफ) (समाज जागरण)**

धनबाद, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कार्यालय में आगामी 12 अप्रैल 2023 को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे का धनबाद आगमन एवं जय भारत सत्याग्रह के तहत आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

मौके पर संतोष कुमार सिंह ने कहा की धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आगामी 12 अप्रैल 2023 को मोदी सरकार की अलोकतांत्रिक एवं



तानाशाही चरित्र का पदार्फाश करने को लेकर जय भारत सत्याग्रह के तहत जिला मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

आगे उन्होंने कहा कि जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत जिला के तमाम कांग्रेसजन पुराना कांग्रेस कार्यालय के समक्ष बैठकर बंद कार्यालय को खुलवाने की मांग करते हुए सत्याग्रह धरना देंगे ।उक्त कार्यक्रम के दौरान झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी , अविनाश पांडे मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे ।बैठक में मुख्य रुप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह,कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी,मदन महतो, मनोज यादव,रामगोपाल भुवानीयां,बीके सिंह,योगेंद्र सिंह योगी,नवनीत नीरज, राजेश्वर सिंह यादव,लक्ष्मण तिवारी,दिनेश सिंह,मनोज हाड़ी आदि उपस्थित थे।

## आरवीएस इंजीनियरिंग कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं इंटरनेट ऑफ थिंग्स पर हुआ मंथन

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरोचीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

जमशेदपुर । आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी जमशेदपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी बुधवार को संपन्न हुई. समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के निबंधक डॉ अमर कुमार चौधरी थे. संगोष्ठी के मे आईओटी इंटरनेट ऑफ थिंग्स पर चर्चा हुई. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि एआई के बिना आईओटी काम नहीं कर सकती है. इनकी मदद से स्मार्ट होम, जल निगरानी, भविष्यवाणी, चिकित्सा एवं मौसम पूवार्नुमान आदि के क्षेत्र में विशेष मदद मिलेगी. उन्होंने कहा कि झारखंड की 40 प्रतिशत जनता रात को भूखे सोती है और इस स्थिति से उबारने का काम सिर्फ शिक्षक ही कर सकता है. पूरे राज्य में आरवीएस कॉलेज सबसे पहला है जो इस क्षेत्र में पहल कर रहा है. कॉलेज के कोषाध्यक्ष शत्रुध्न सिंह ने कहा कि हमारे लिए बड़े गर्व की बात है कि




इस संगोष्ठी के आयोजन के साझेदार स्प्रिंजर जर्नल भी हैं. प्राचार्य डॉ राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि शिक्षक समाज का सबसे महत्वपूर्ण अंग है. इसलिए हमेशा आगे बढ़ने और शोध पर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है. कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के स्वागत के साथ हुई. कॉलेज के कोषाध्यक्ष शत्रुध्न सिंह ने शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया. कार्यक्रम के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के अलावा कॉलेज के कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह कार्यकारी सदस्य शक्ति सिंह, निदेशक डॉ आरएन गुप्ता, प्राचार्य डॉ राजेश कुमार तिवारी, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभागध्यक्ष प्रो देवव्रत दास समेत सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं शोधकर्ता उपस्थित थे. संगोष्ठी में कुल 125 शोध पत्र प्राप्त हुए जिसमें 22 पत्रों को स्प्रिंजर ने जर्नल में प्रकाशन के लिए शामिल किया. धन्यवाद ज्ञापन प्रो स्मिता दास एवं मंच संचालन प्रो सुधीर झा ने किया.

## नुक्कड़ सभा का आयोजन कर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मोदी सरकार के काले कारनामों का पदार्फाश करने की कोशिश

**अभय कुमार मिश्रा ,दैनिक समाज जागरण ,प्रखंड संवाददाता ,आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 05 अप्रैल 2023ःझ जिला कांग्रेस कमेटी सरायकेला खरसावां द्वारा कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार के नेतृत्व में आदित्यपुर 2 अंतर्गत रोड नंबर 4 गायत्री शिक्षा निकेतन स्कूल के सामने नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया एवं मोदी सरकार के काले कारनामों का पदार्फाश किया गया ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंबुज कुमार ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने मित्र अदानी को ड्र20000 करोड़ काला धन के रूप में विदेशी कंपनियों के माध्यम से निवेश हेतु प्रदान करके इस राष्ट्र के साथ विश्वासघात किया है ।इसकी विस्तृत जांच जेपीसी के माध्यम से होनी चाहिए ।मोदी सरकार जब तक जांच नहीं बिठाते है तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए




प्रदेश सचिव सुरेश धारी ने कहा कि आज देश के अंदर राष्ट्रीय संपत्तियों को लूटने की होड़ मची हुई है यह मोदी सरकार का अमृत काल नहीं बल्कि लूट का मित्र काल चल रहा है।

कार्यक्रम को डीडब्ल्यू सी सदस्य जगदीश नारायण चौबे, महासचिव रामा शंकर पांडे, खिरोड़ सरदार मुकेश श्रीवास्तव होपना हेंब्रम ,रानी कालुंदिया ,जमील अशरफ बब्बन, आदि ने संबोधित किया ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिद्धेश्वर उपाध्याय, ऋषि मिश्रा, विभास चौधरी, राज मंगल ठाकुर ,बृजेश सिंह ,कुणाल राय ,प्रकाश मंडल, संदीप गोप , प्रदीप बारिक ,गौरी शंकर जाधव ,रमेश बाल मूचू,नरेश कुमार सिंह ,राहुल यादव ,वैजयंती बारी, झरना मन्ना ,मिशआर वन सरिया, संगीता प्रधान ,अर्जुन प्रधान ,सुरेंद्र सिंह, दीपू ठाकुर, रवि कुमार ,पंकज कुमार साहू, एसआर पासवान, संजय प्रसाद , समेत आदित्यपुर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक्सएलआरआई का 67 वां दीक्षांत समारोह आयोजित, मैरिको कंपनी के चेयरमैन को मिला सर जहांगीर गांधी मेडल

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरोचीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

जमशेदपुर । एक्सएलआरआइ के प्रेक्षागृह मे 67वां दीक्षांत समारोह का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया . इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएफसीजी कंपनी मैरिको के चेयरमैन हर्ष मारीवाला उपस्थित थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा स्टील इंडिया एंड साउथ ईस्ट एशिया के एमडी टीवी नरेंद्रन मौजूद रहे . इस अवसर पर एक्सएलआरआई से पास आउट होने वाले 484 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट दिया गया. वहीं इस कार्यक्रम के दौरान हर्ष मारीवाला को प्रतिष्ठित ह्वह्वसर जहांगीर गांधी मेडल फॉर इंडस्ट्रियल एंड सोशल पीसह्वह्व से सम्मानित किया गया. इस अवसर पर मैरिको के चेयरमैन हर्ष मारीवाला ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मैरिको के 80 करोड़ से लेकर 10 हजार करोड़ तक के टर्न ओवर की कंपनी बनने तक के सफर के बारे में विस्तार पूर्वक बताया. कहा कि ऐसा इसलिए हो पाया क्योंकि हमने अपने वर्क प्लेस में इनोवेशन कल्चर को डेवलप किया. कहा कि कई बार इनोवेशन से संभव है कि नुकसान भी हो, लेकिन इसके बाद भी इसके डर से इनोवेशन छोड़ना चाहिए.

14 मेधावी विद्यार्थियों को मिला गोल्ड मेडल

श्री मारीवाला ने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं है कि इनोवेशन सिर्फ एमबीए लैब से ही पैदा हो. इनोवेटिव आइडिया समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के पास भी हो सकता है. इस समारोह के दौरान 14 मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया गया. मौके पर एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज एसजे, एक्सएलआरआइ के डीन एकेडमिक्स प्रो डॉ संजय पात्रो, डीन एडमिनिस्ट्रेशन फादर डोनाल्ड डिसूजा समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी व अभिभावक



मौजूद थे. इस दौरान फैकल्टी, नॉन टीचिंग स्टाफ व मेंटेनेंस स्टाफ को लगातार 15 वर्ष तक सेवा देने के लिए उन्हें लांग सर्विस मेडल से नवाजा गया.

30 साल पहले चीन कोई ताकत नहीं थी, लेकिन आज हर कोई नाम ले रहा हैः टीवी नरेंद्रन

टाटा स्टील इंडिया एंड साउथ ईस्ट एशिया के एमडी सह एक्सएलआरआई के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स टीवी नरेंद्रन ने कहा कि छात्र जीवन के दौरान जो भी बातें सीखी जाती है, उसका व्यावहारिक जीवन में सकारात्मक तरीके से इस्तेमाल करें. कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती है. कहा कि जब वे आज से 30 साल पहले ग्रेजुएट हुए थे उस वक्त चाइना कोई फैक्टर नहीं था, लेकिन आज स्थिति बदली हुई है. इंटर कनेक्टेड वर्ल्ड की वजह से ऐसा हो रहा है कि रसिया व यूक्रेन वॉर का असर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अपने देश पर भी पड़ता है. उन्होंने क्लाइमेट चेंज पर भी अपनी बातों को रखा.

15 साल काम करने के लिए इन्हें मिला लांग सर्विस मेडल

सम्मानित होने वालों में फैकल्टी झ मनोज थॉमस, नरसिंहन राजकुमार, प्रतीक राय, सुमित सरकार, अरुंधति सरकार बोस, संजीव वार्षणेय, एमजी जोमोन, शांतनु सरकार. नॉन टीचिंग स्टाफ- विकास चंद्र चौधरी, निरुपमा हरिपाल, एडलाइन ओड़ेया, सुशांता मंडल, प्रिया मिंज, मनीषा एस बेकमें और टेनेंस स्टाफ- जेम्स विन्सेंट मालवा, तरुण महतो, विष्णु, बापी कुमार नाथ शामिल हैं.

किस कोर्स के कितने स्टूडेंट हुए ग्रेजुएट

फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट- 14, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट- 176, बिजनेस मैनेजमेंट- 180, जेनरल मैनेजमेंट ( 15 माह प्रोग्राम ) झ 114

एकेडमिक एक्सीलेंस के लिए इन्हें मिला मेडल

बेस्ट ऑल राउंड स्टूडेंट- डेल्फी तयाल, बेस्ट ऑल राउंड वीमेन स्टूडेंट- तान्या गुप्ता, आउटगोइंग एफपीएम स्टूडेंट- वरुण शर्मा, हाइयेस्ट सीक्यूपीआइ एचआरएम- तान्या गुप्ता, सेकेंड हाइयेस्ट सीक्यूपीआइ एचआरएम- मुदित गोयल, हाइयेस्ट सीक्यूपीआइ बीएम- कुणाल गुप्ता, सेकेंड हाइयेस्ट सीक्यूपीआइ बीएम- आदित्य क्षेत्रपाल, हाइयेस्ट सीक्यूपीआइ जीएमपी- विनित माहेश्वरी .

## डॉ. बशीर की हत्या पर अल्पसंख्यक मोर्चा के नेताओं ने परिजनों को दिया न्याय का भरोसा, पुलिस की कार्रवाई को बताया नाकाफी, कहा एसपी से मिलकर करेंगे बात

**शिव कुमार यादव, दैनिक समाज जागरण संवाददाता, सारठ, देवघर**

राजद अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष हैदर खान व महिला मोर्चा की जिला अध्यक्षा गुलशन तारा ने बुधवार को मृतक चिकित्सक के शोकाकुल परिजनों से मिलकर ढाढ़स बंधाया और न्याय दिलाने में हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। हैदर खान व गुलशन तारा ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि उर्स मेले में काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती के बावजूद भी यदि चिकित्सक की बेरहमी से हत्या कर अपराधी फरार हो जाते हैं, तो ये पुलीस के लिए भी बड़ी चुनोती है। वहीं बताया कि थाना से महज कुछ दूरी पर आधा दर्जन अपराधी घटना को अंजाम देकर भाग गये और पुलिस को इसकी खबर तक नहीं लगी ये पुलिस के लिये शर्म की भी बात है। कहा कि इतनी बड़ी घटना घटने के बाद भी पुलिस उदासीन बनी हुई है और नामजद एफआईआर होने और घटना के 36 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस किसी अपराधी को गिरफ्तार नहीं कर पाना भी पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल उठाता है। कहा कि घटना को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल एसपी से मिलकर भी बात करेंगे। वहीं राज्य के मुखिया को भी घटना से अवगत कराकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का प्रयास करेंगे। मौके पर सिराज अंसारी समेत कई अन्य मौजूद थे और सभी लोग घटना से काफी हतप्रभ थे।

## आर आई टी पुलिस ने चेकिंग के दौरान बाइक के साथ चोर को किया गिरफ्तार

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण प्रखंड संवाददाता ,आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 05 अप्रैल 2023 : सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत आर आई टी थाना के पुलिस ने रोड नंबर 32 में हेलमेट चेकिंग के दौरान बाइक के साथ चोर को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी सागर लाल महथा का कहना है कि रेलवे कॉलोनी से चोरी किया गया राधिका राम की सफेद रंग की स्कूटी (खल05उझ0478) को बरामद किया गया है ,3 अप्रैल को प्रभारी ने फुटेज के आधार पर छानबीन शुरू कर दी थी। चोरो में बंता नगर पानी टंकी निवासी इंदर लोहार उर्फ लंगड़ा और रायडीह बस्ती निवासी रतन नाग को गिरफ्तार किया गया है ।पहले तो गाड़ी छिनतई का मामला दर्ज कराया गया था लेकिन चोरों ने गाड़ी चोरी करने के बात को स्वीकार कर लिया।

थाना प्रभारी सागर लाल महथा ने बताया कि दोनों युवकों ने पूछताछ के क्रम में बताया कि रेलवे कॉलोनी स्थित राधिका राम के घर के बाहर स्कूटी में चाबी लगी हुई थी. जिसे दोनों अपने साथ ले गए थे और उसे बेचने की फिराक में थे.

## प्रतिदिन सैकड़ों हाईवा से बालू की कालाबाजारी, जिप उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरोचीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**



पूर्वी सिंहभूम ( झारखंड ) , 05 अप्रैल 2023 : स्वर्णरेखा नदी तट से प्रतिदिन सैकड़ों हाईवा से अवैध बालू का उठाव कर जबरदस्त तरीके से कालाबाजारी होने का मामला सामने आया है. अवैध बालू उठाव और कालाबाजारी मामले को लेकर जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मामले की लिखित शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है.

जिला खनन पदाधिकारी से शिकायत करती जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो द्वारा मुख्यमंत्री से अवैध बालू कारोबार से संबंधित किए गए लिखित शिकायत पत्र के माध्यम से बताया है कि ईचागढ़ थाना ,निमडीह थाना ,तिरूल्डीह थाना और चौका थाना समेत कुकड़ू अंचल के स्वर्णरेखा नदी तट से प्रतिदिन अवैध बालू का उठाव कर विभिन्न गांव में डंपिंग किया जाता है. जिसे बाद में जेसीबी के द्वारा सैकड़ों हाईवा में लोड कर प्रतिदिन बेचा जा रहा है. जिससे सरकार को राजस्व की हानि हो रही है. मुख्यमंत्री से किए गए शिकायत में उन्होंने कहा है कि स्थानीय पुलिस -प्रशासन की मिलीभगत से प्रतिदिन अवैध बालू का खेल खेला जा रहा है. कई बार स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों द्वारा इसका विरोध करने पर बालू माफियाओं द्वारा धमकी और मारपीट भी की जाती है. अवैध बालू खनन और कालाबाजारी रोकने जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने मुख्यमंत्री समेत खान निदेशक, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और जिला खनन पदाधिकारी को भी लिखित शिकायत पत्र सौंपा है।

**बंगाल के बालू चालान पर हो रहा सारा खेला**

जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र के माध्यम से बताया है कि चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में एकमात्र जारगोडीह (सोडो) बालू घाट से जेएमडीसी (JMDC) पोर्टल के द्वारा बालू खनन की अनुमति है, लेकिन सभी घाटों से अवैध खनन बेरोकटोक माफिया अधिकारियों की मिलीभगत से कर रहे हैं. सबसे दिलचस्प यह है कि बालू माफिया बंगाल का चालान दिखाकर सभी घाटों से अवैध उठाव कर रहे हैं. इस मामले पर शीर्ष के अधिकारी भी मौन धारण किए हुए हैं. उन्होंने मांग की है कि जारगोडीह में जीएमडीसी द्वारा संचालित बालू घाट से कितना चालान रोजाना काटा जाता है इसकी भी जांच कराई जाए लिखित शिकायत के माध्यम से इन्होंने संबंधित थाना क्षेत्र के नदी तट वाले इलाकों में रह रहे लोगों को हो रही परेशानी से भी अवगत कराया है.

## विधानसभा की जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति ने पदाधिकारीयों के साथ की बैठक

### *सभी विभागों के कार्यों की क्रमवार समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश*

**(आर एन चौरसिया ,ब्यूरो चीफ) (समाज जागरण )**

धनबाद, झारखंड विधानसभा की जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति के सभापति विधायक , रामदास सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को धनबाद परिसदन सभागार में जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले में संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की क्रमवार समीक्षा की गई। इस दौरान समिति के सभापति ने सभी योजनाओं को ससमय पूरा करने को कहा। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

उप विकास आयुक्त , शशि प्रकाश सिंह ने जिले में चल रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में समिति को जानकारी दी। उन्होंने जिला परिषद की दुकानें, मनरेगा, आवास योजना, समेत कई बिंदुओ से समिति को अवगत कराया।

समिति के सभापति ने बारी-बारी से जिला परिषद, राजस्व, ग्रामीण कार्य



विभाग, पथ निर्माण, विशेष प्रमंडल, भवन प्रमंडल, कल्याण, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण, वन, प्रदूषण, कारा मंडल, नगर निगम धनबाद, खेलकूद एवं पर्यटन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध, ऊर्जा,परिवहन, खनन विभाग आदि विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी को योजनाओं को गति देने व कल्याणकारी योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा लोगों को अच्छादित करने को कहा।

मौके पर टुंडी के विधायक , मथुरा प्रसाद महतो, उप विकास आयुक्त , शशि प्रकाश सिंह, डीसीएलआर , सतीश चंद्रा, डीआरडीए निदेशक , मुमताज अली अहमद, अपर समाहर्ता, विधि व्यवस्था, अपर समाहर्ता, आपूर्ति, योगेंद्र प्रसाद, खनन पदाधिकारी , मिहिर सलकर, श्रम नियोजन पदाधिकारी , आनंद कुमार, खेल पदाधिकारी , दिलीप कुमार, समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती स्नेहा कश्यप,जेल अधीक्षक, पशु एवं गव्य पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## विधायक रामदास सोरेन ने जियान गांव का दौरा कर पुर्व नक्सली कान्हु मुंडा के परिजनों से मिले एवं ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।

**दैनिक समाज जागरण, रंजीत राणा अनुमंडल संवाददाता, जादूगोड़ा**

पूर्वी सिंहभूम झारखंड 06 अप्रैल 2023 - गुड़ाबांधा पंचायत के जियान गांव का लोकप्रिय विधायक रामदास सोरेन ने किया दौरा। विधायक रामदास सोरेन बुधवार को जियान गांव में पुर्व नक्सली कान्हु मुंडा के घर पहुंचे एवं उनके परिजनों से मिले,इस दौरान विधायक रामदास सोरेन ने कानू मुंडा के परिजनों द्वारा किए जा रहे तरबूज और बैगन की खेती को देखा,इसके बाद विधायक रामदास सोरेन ने पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना,इस मौके पर इऊ्ढ स्मिता नगेशिया झामुमो जिला उपाध्यक्ष बाघराय मार्डी झामुमो नेता कान्हु सामंत झामुमो जिला कोषाध्यक्ष कालीपद गोराई विधायक प्रतिनिधि जगदीश भगत झामुमो सोशल मीडिया प्रभारी गौरांग माहली युवा मोर्चा नेता काजल डॉन प्रमुख शुभोजित मुंडा मुखिया सुमित्रा बास्के झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुराई टुडू झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन हांसदा प्रखंड सचिव सोमाय सोरेन झामुमो नेता मास्टर लोबीन सबर झामुमो नेता महेश्वर हांसदा झामुमो नेता रामचंद्र मुर्मू युवा मोर्चा नेता पिर्यनाथ बास्के झामुमो नेता गणेश टुडू झामुमो नेता दुर्गा मुर्मू विमल कर्माकर ग्रामीण छोटो कुनू मुंडा राजेश मुंडा व गुरुचरण मुंडा समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

इस दौरान माननीय विधायक रामदास सोरेन कहा जल्द ही जियान गांव में करीब डेढ़ करोड़ की लागत से सिंचाई चेक डेम का शिलान्यास किया जाएगा ।वहीं विधायक रामदास सोरेन जी ने जियान गांव से मुख्य



सड़क तक जल्द ही सड़क निर्माण कार्य एवं गांव के तालाब का जीर्णोद्धार कार्य कराने का आश्वासन दिया,उन्होंने कहा कि सभी पूर्व नक्सली को रोजगार से जोड़ने , आवास उपलब्ध कराने सभी को सरेंडर नीति के तहत मिलने वाली सुविधाओं को उपलब्ध कराने का पहल करेंगे,विधायक ने कान्हु मुंडा की पत्नी से कहा उनके बच्चों की पढ़ाई में जैसी भी आवश्यकता हो फोन पर उनसे संपर्क करें,पूर्व नक्सली मुंडा की पत्नी बैशाकी मुंडा ने जेल में बंद अपने पति का जल्द रिहाई करने एवं काशियाबेड़ा सरकारी अस्पताल में डॉक्टर उपलब्ध करवाने का मांग किया, इस दौरान कान्हु मुंडा की पत्नी बैशाकी मुंडा ने कहा कि सरकार के समक्ष सरेंडर करने के 6 साल बाद भी उनके पति कान्हु मुंडा जेल में बंद हैं.उन्होने जल्द रिहाई की मांग की. श्रीमती मुंडा ने काशियाबेड़ा सरकारी अस्पताल में उचित इलाज के लिए हमेशा डॉक्टर उपलब्ध कराने की मांग की,जियान गांव से मुख्य सड़क तक सड़क निर्माण कार्य एवं जियान में चेक डैम निर्माण तथा गांव के एक मात्र तालाब के जीर्णोद्धार का मांग विधायक रामदास सोरेन से ग्रामीणों ने किया, वहीं मौजूद ग्रामीणों ने जियान गांव से जिलिंग डुंगरी होते हुए मुख्य सड़क तक सड़क निर्माण का मांग एवं गांव में तालाब का जिर्णोद्धार तथा सिंचाई के लिए चेक डैम निर्माण का मांग किया गया। छात्रों ने गुड़ाबांधा से बहरागोड़ा एवं घाटशिला के लिए बस सेवा शुरू करने का मांग किया,वहीं छात्रों ने बताया गुड़ाबांधा से बहरागोड़ा एवं घाटशिला के लिए बस सेवा उपलब्ध नहीं होने के कारण कॉलेज जाने में परेशानी होती है । उन्होंने बस सेवा उपलब्ध कराने का मांग किया,पूर्व नक्सली चुनु मंडा को विधायक रामदास सोरेन जी के विधायक निधि से सोलर पंप दिया जाएगा.*

इस दौरान पुर्व नक्सली चुनू मुंडा ने सिंचाई के लिए सोलर पंप का मांग किया। विधायक रामदास सोरेन ने चुनू मुंडा को बताया कि विधायक निधि से उन्हें सोलर पंप दिया जाएगा।

## तमाड़ प्रखंड में बिजली की भारी कटौती से आम ग्रामीण परेशान।

**राहुल कुमार साहू दैनिक समाज जागरण प्रखंड संवाददाताम्ब तमाड़ रांची ।**

तमाड़ प्रखंड के पूर्वी में बिजली गुल रहने से ग्रामीण काफी परेशान है बाबूरामडीह नवागढ़ रंगामाटी कुबाशाल आदि गांवों में 24 घंटों में सिर्फ 12 घंटे ही बिजली रहती है । बिजली काटे जाने से विद्यार्थियों को काफी परेशानी हो रही है ग्रामीण कई बार पावर गिरिड में शिकायत भी कर चुके हैं। इसके अलावा जगह-जगह जर्जर तार लगे हुए हैं यदि तार टूट जाते हैं तार गिर जाती है तो कोई ना कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है ।बिजली विभाग कोई ध्यान नहीं दे रही है बिजली से संबंधित कार्य नहीं हो पा रहे हैं पानी के टावर के मोटर भी नहीं चल रहे हैं पर सुधि लेने वाला कोई नहीं बिजली विभाग में बिजली की क्षमता ही नहीं है और ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग से बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी तमाड़ प्रखंड में सुधार नहीं हो रहा है जिससे ग्रामीण बहुत






परेशान है ग्रामीणों का कहना है कि बिजली समय से ना मिलने से छात्रों को पढ़ाई लिखाई में काफी दिक्कत हो रही है छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने का कार्य बिजली विभाग कर रही है समय से बिजली नहीं मिलने के कारण और किसानों को साग सब्जी लगाए हुए पटावन के लिए मशीन समय से नहीं चल रहा है समय से बिजली नहीं रहने के कारण किसानों की फसलें भी बर्बाद हो रही है ग्रामीणों का कहना है बिजली गर्मी आने से पहले सुधार किया जाए ताकि गर्मी के दिनों में बिजली की कोई दिक्कत ना हो।

